भोपाल गैस त्रासदी

त्रासदी के 41 साल मानवता के लिए सबसे बड़ा सबक

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर।, मंगलवार 2 दिसंबर 2025



### भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया मुख्यमंत्री ने

# 55 जिलों में करीब तीन लाख से अधिक गीता पाठियों का सस्वर पाठ

गीता महोत्सव में श्रीकृष्ण आराधना एवं आचार्यों, संतों की सन्निधि में 11000 कृष्णमार्गियों, कृष्ण भक्तों, बटुकों, स्कूली विद्यार्थियों की ओर से एक स्वर में श्रीमद्भगवद्गीता के 15 वें अध्याय का सुमधुर पाठ किया गया



कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएम

**सीएम ने** कहा-जीवन की सारी जिज्ञासाओं का समाधान गीता में | **यह मोह** माया को तजकर कर्तव्य पथ को चुनना सिखाती है | **भगवान** श्रीकृष्ण के जहां जहां चरण पड़े, उन्हें तीर्थ बनाएगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता एक अद्भुत, अनुपम और पवित्र ग्रंथ है। गीता के अध्ययन मात्र से ही मनुष्य के जीवन के सभी प्रश्नों और सभी जिज्ञासाओं का शमन (समाधान) हो जाता है। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान ही सम्पूर्ण सृष्टि के समग्र ज्ञान और चेतना का मूल आधार है।

मप्र का पहला गीता भवन इंदौर में बनकर हुआ तैयार



गीता महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में गीतापाठियों के साथ सीएम डॉ. यादव

**श्रीकृष्ण भी उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए**

उन्होंने कहा कि भारत में 5 हजार वर्ष पहले से विद्यार्थियों के लिए गुरुकुल जाकर शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था थी। श्रीकृष्ण भी उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए और यहां पर चारों वेद, सभी उपनिषद्, 64 कलाएं और 14 विद्याएं सीखीं।

***मित्र यदि गरीब हो, तो उसकी भरपूर सहायता करनी चाहिए***

*मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की नींव मप्र की धरा में स्थित सांदपनि आश्रम में पड़ी थी। इन दोनों की मित्रता से हमें यह सीख मिलती है कि कोई कहीं भी पहुंच जाए, अपने बचपन के मित्रों को नहीं भूलना चाहिए। मित्र यदि गरीब हो, तो बिना बताए ही उसकी भरपूर सहायता कर देनी चाहिए।*

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जीएसटी संग्रह नवंबर में 1.70 लाख करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सकल जीएसटी संग्रह नवंबर महीने में 0.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपए हो गया। घरेलू राजस्व में गिरावट के कारण यह वृद्धि हुई। वहीं पिछले साल नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपए से अधिक था। नवंबर में वस्तुओं के आयात से राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 45,976 करोड़ रुपए हो गया।

### ओडिशा में फंदे से लटका मिला छग का किशोर



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक छात्रावास के कमरे से 18 वर्षीय छात्र का शव बरामद किया गया है। छग निवासी राहुल यादव (18) की मौत के मामले में पुलिस ने बताया कि 30 नवंबर की रात लगभग 10:45 बजे, इन्फोसिटी पुलिस स्टेशन में संदिग्ध मौत की सूचना मिली। केआईआईटी विवि में प्रथम वर्ष का छात्र है।

### पहली तारीख को सस्ता हुआ कॉमर्शियल सिलेंडर



**नई दिल्ली।** दिसंबर के पहले ही दिन देश की करोड़ों जनता को खुशखबरी मिली है। 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत कम हो गई। इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर 19 किलो वाले कुकिंग गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 10 रुपए की कमी की गई है। दिल्ली और कोलकाता में एलपीजी की कीमतों में 10-10 रुपए की कटौती की गई है।

### श्रद्धांजलि के दौरान कफ सिरप कांड पर विधानसभा में कांग्रेस का अजब प्रदर्शन

# बच्चों के पुतले लेकर पहुंचे, पूतना का रूप धरा सरकार बोली-इनका काम नौटंकी का ही

### विजयवर्गीय ने कहा कफ सिरप और इंदौर चूहा कांड को कार्रवाई से विलोपित करें

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले ही दिन कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरने के लिए तीखा और अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक बच्चों के पुतले लेकर पहुंचे। वहीं एक महिला विधायक 'पूतना' का रूप धारण कर आईं, जिसके जरिए सरकार पर लापरवाही और असंवेदनशीलता के आरोपों को प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।

सदन के अंदर दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह मुद्दा उठाया और मृत बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। सिंघार ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में बच्चों को चूहों के कुतरने पर भी सवाल उठाए। श्रद्धांजलि के दौरान ये मुद्दे उठाने पर सत्तापक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।

**स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर** ने कहा कि सभी लोग श्रद्धांजलि के दौरान चली आ रही पंरपरा का पालन करें

**श्रद्धांजलि के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष उमंग ने उठाया मामला मुआवजे की मांग की**

**इंदौर के एमवाय अस्पताल में बच्चों को चूहों के कुतरने पर भी कांग्रेस ने उठाए सवाल**



कांग्रेसी की महिला विधायक ने पूतना के भेष में प्रदर्शन किया

### जिम्मेदारी तय करने से बच रहे

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कफ सिरप के सेवन से हुए बच्चों की मौत के बाद भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग जिम्मेदारी तय करने से बच रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले में कई बच्चों की मौत से परिवार शोक में हैं, लेकिन सरकार न तो समीक्षा कर रही है और न ही जवाब दे रही है। उमंग सिंघार ने कहा कि छिंदवाड़ा में कई घरों के चिराग बुझ गए। अस्पतालों में हाल यह है कि बच्चों को चूहे तक कुतर रहे हैं और सरकार चर्चा तक से बच रही है।

कैबिनेट मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने कहा

**डॉक्टर से लेकर मालिक तक की गिरफ्तारी की**

कैबिनेट मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने कहा कि हमारी सरकार ने बच्चों के इलाज का पूरा प्रबंध किया है। उन्हें सभी मदद उपलब्ध कराई गई। कांग्रेस ने प्रदर्शन कर अपनी भूमिका बताई है। हमने कठोर कदम उठाते हुए कार्रवाई की है। आरोपी अभी भी जेल में है।

**यह स्वास्थ्य विभाग की 'निगरानी विफलता'**

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का आईना है। जनता जानना चाहती है कि आखिर मासूमों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में क्यों नहीं है? कांग्रेस विधायकों ने साफ कहा कि बच्चों की मौत और स्वास्थ्य विभाग की 'निगरानी विफलता' पर भाजपा सरकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विपक्ष ने सत्र में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग भी उठाई। विधानसभा परिसर में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा जोबट विधायक सेना महेश पटेल के प्रतीकात्मक विरोध ने। उन्होंने 'पूतना' का मुखौटा पहनकर गले में कफ सिरप की बोतलों की माला डालकर और बच्चों के पुतलों को साथ लेकर सरकार के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज और बच्चों की सुरक्षा के प्रति 'पूरी तरह असंवेदनशील' है।

### हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की



डॉ. हिमांशु के साथ बैठे विशिष्ट जन

## छग के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने ग्वालियर पहुंच जताई शोक संवेदनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

छत्तीसगढ़ सरकार के वन मंत्री केदार कश्यप ने हरिभूमि-आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री केदार कश्यप ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और इस मौके पर कहा कि डॉ. हिमांशु ने जो देश और प्रदेश में अपना जो मुकाम हासिल किया है, वो उनके पिता के सद कर्मों का नतीजा है और उनके पारिवारिक संस्कार की वजह से उन्होंने यह ख्याति हासिल की है। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप इसी प्रयोजन से ग्वालियर अपने अल्प प्रवास पर पहुंचे थे। कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, अशोक प्रेमी और भाजपा के जिला

- पारिवारिक संस्कार से डॉ. हिमांशु ने ख्याति हासिल की

**निवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता**



उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सहित अनेक लोगों ने भी डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

**इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि**

श्रद्धांजलि व्यक्त करने के लिए पहुंचने वाले लोगों में राकेश रुस्तम सिंह मुरैना, जिला अध्यक्ष भाजपा ग्वालियर महानगर जयप्रकाश राजोरिया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर गिर्राज व्यास, जिला महामंत्री विनय जैन, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश दुबे जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा और छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा प्रभारी आलोक डगस, ग्वालियर जिला महामंत्री विनोद शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, सहित भाजपा ग्वालियर महानगर के अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जबलपुर के निगरी गांव में उल्टी दस्त

## 62 की तबीयत बिगड़ी चार की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

निगरी गांव में उल्टी-दस्त की बीमारी ने अचानक प्रकोप का रूप ले लिया है। गांव में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब तक 62 लोग उल्टी-दस्त की चपेट में आ चुके हैं। 4 मरीजों की हालत गंभीर है। स्वास्थ्य विभाग की टीम रविवार देर रात से गांव में कैंप लगाकर उपचार कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 4 मरीजों की हालत गंभीर है। इन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

- दूषित पानी से फैली बीमारी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में डाला डेरा



गांव में विभाग की टीम

### एमपीआरडीसी की बड़ी लापरवाही

## रायसेन में 45 वर्ष पुराना पुल ढहा 2 बाइक सवार गिरे, एक की मौत

3 सदस्यीय जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/ बरेली

रायसेन जिले के बरेली–पिपरिया स्टेट हाईवे पर नयागांव में पुल ढह गया। पुल के बीच वाला स्लैब टूटकर गिरते समय एक बाइक और एक स्कूटर सवार तीन लोग वाहन सहित नाले में गिरने से घायल हो गए। हादसे में घायल बाइक सवार देवेंद्र सिंह धाकड़ (35) की मौत हो गई। वह अपनी बहन की विदाई कर लौट रहा था। भोपाल एम्स में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पुल को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। लापरवाही के चलते प्रबंधक एए खान को सस्पेंड कर दिया है। तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जो 7 दिन में रिपोर्ट देगी। इस घटना को एमपीआरडीसी की बड़ी लापरवाही माना जा रहा है। कुछ समय बाद कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता और क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

- लापरवाही के चलते प्रबंधक एए खान सस्पेंड



पुल ढहने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन

### हरदा में जमीनी विवाद के चलते हत्या

## तीन लोगों ने मासूम के सामने किया पिता का कत्ल, मां पर भी किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते एक किसान की हत्या कर दी गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। पूरा घटनाक्रम दंपती के 10 वर्षीय बेटे शिवम की आंखों के सामने हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर मासूम ने रो-रोकर अपने माता-पिता पर हुए हमले की कहानी पुलिस को सुनाई। उसने बताया कि आरोपियों ने पहले पिता को बाइक से टक्कर मारी और फिर कुल्हाड़ी और दरांती से काट दिया। शिवम पिता को छोड़ने के लिए आरोपियों के सामने गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन हत्या का प्लान बना चुके आरोपियों ने उनकी बेरहमी से पिटाई जारी रखी।

- पुलिस ने घटना के तीनों आरोपी को गिरफ्तार किया



शिवनारायण चौहान, मृतक

**आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही**

वैसे तो मामला छीपाबड़ थाना क्षेत्र का है, लेकिन जिला मुख्यालय पर जिला अस्पताल में आने के बाद जो जानकारी मिली उसके अनुसार तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। पुलिस द्वारा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**शालिनी परस्ते**, एसडीओपी हरदा

### साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की सहायता भी ले

शीर्ष अदालत ने आरबीआई से भी मांगा जवाब

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को दिया आदेश, कहा पहले 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले की जांच करें

*रिजर्व बैंक से किया सवाल-साइबर धोखाधड़ी के मामलों में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए एआई या मशीन लर्निंग तकनीक का इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया?*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को अहम निर्देश दिए। शीर्ष अदालत ने देश की संघीय जांच एजेंसी से कहा कि वह पहले अखिल भारतीय स्तर पर सामने आ चुके डिजिटल अरेस्ट घोटाले के मामलों की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी राजनीतिक दलों के शासन वाले राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों से भी डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को अनुमति देने को कहा।



फाइल फोटो

**एक यूजर को कई सिम कार्ड उपलब्ध न कराएं**

कोर्ट ने केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि देश में चल रही टेलिकॉम कंपनियां एक यूजर को कई सिम कार्ड उपलब्ध न कराएं। अदालत ने इस बात को रेखांकित किया कि ऐसा करने पर सिम कार्ड्स का उपयोग साइबर अपराधों में हो सकता है।

**ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए क्षेत्रीय समन्वय केंद्र बनेंगे**

इस मामले पर सरकार की पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल से सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए अदालत के निर्देशों से गृह मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, वित्त सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों को भी अवगत कराया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए क्षेत्रीय और राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र स्थापित करने को भी कहा है।

शीतकालीन सत्र के पहले दिन एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा


# लोकसभा अध्यक्ष बोले- नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना अच्छी परंपरा नहीं
# प्रियंका का पीएम पर कटाक्ष- लोगों के मुद्दे उठाना 'ड्रामा' नहीं, चर्चा न करना गलत




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की

## राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित

परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश होंगे


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला


कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल बाधित हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में एसआईआर के मुद्दे पर गतिरोध देखा गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सहमति, असहमति होती रही है, वैचारिक मतभेद भी होते हैं। लेकिन चर्चा, संवाद से ही समाधान निकलता है। यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं है। इसके लिए बाहर अवसर मिलते हैं। हमें जनता की कठिनाई, चुनौतियों और मुद्दों पर चिंता करनी चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना लोकतंत्र के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। सरकार 19 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश कर सकती है।

### दिवंगत नेताओं को दी श्रद्धांजलि

सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अध्यक्ष ने महिला विश्वकप क्रिकेट और महिला कबड्डी विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करताः अखिलेश



समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं हैं ताकि हमारे वोट न कटे। हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।

### प्रदूषण, घुसपैठ जैसे मुद्दे उठाए

राज्यसभा सदस्यों ने प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्रवाई जैसे मुद्दे उठाए। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। कुछ सांसदों ने आत्महत्या और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

### जनविश्वास बिल पर समिति को मिला और समय

लोकसभा ने दो विधेयकों पर बनी चयनित समितियों को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया। लोकसभा ने बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान की परिषद में दो सदस्य चुनने का रास्ता साफ कर दिया।

### सरकार मुद्दों पर संवाद के लिए नहीं तैयारः प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना नाटक है। प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद किस लिए है। यह ड्रामा नहीं है। मुद्दों पर बोलना और मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है।

### सदन की गरिमा बनाए रखेंः पासवान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरीके से पिछले सत्र में



एसआईआर का एक मुद्दा लेकर पूरा सदन वॉशआउट कर दिया। उसी तरह के आसार इस सत्र में भी देखने को मिल रहा है। सरकार पूरी तरह से तैयार हैं जिस पर वो चर्चा करना चाहते हैं हम जरूर हर विषय पर चर्चा करेंगे। लेकिन विपक्ष की जिम्मेदारी बनती है कि सदन की गरिमा बनाए रखे और सत्र को चलने दें।

## अब महंगे होंगे तंबाकू और पान मसाले



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में दो अहम विधेयक पेश किए, जिनके तहत तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर कर व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जाएगा। सरकार का यह कदम सिन गुड्स पर कर ढांचे को नया रूप देने जा रहा है। पहला विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 वर्तमान में लागू जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस की जगह लेगा। अभी यह सेस सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर लगाया जाता है।

### ये विधेयक सूचीबद्ध किए हैं सरकार ने

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में पेश करने के लिए 9 आर्थिक विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, जिसमें इंश्योरेंस कानूनों में संशोधन का विधेयक शामिल है। संसद सदस्यों को भेजी गई बिलों की सूची के मुताबिक सरकार नई पीढ़ी के वित्तीय सुधारों के तहत इंश्योरेंस सेक्टर में विदेशी निवेश सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने के लिए इंश्योरेंस कानून (संशोधन) बिल 2025 पेश करेगी।

### गिरता जा रहा विपक्षः सांसद कंगना

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वे (विपक्ष) जितना हारते जा रहे हैं, उतना ही वो बौखलाते जा रहे हैं। आज बिल्कुल भी संसद नहीं चला है। पूरा देश यह देख रहा है। वे (विपक्ष) लोगों की नजरों से गिरते जा रहे हैं और एक के बाद एक चुनाव हारते जा रहे हैं।



भड़के सीएम फडणवीस

### बोले- पता नहीं किससे सलाह ले रहा आयोग?



महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर आगामी निकाय चुनाव स्थगित होने पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आयोग का चुनाव स्थगित करने का फैसला पूरी तरह से गलत है।

संसद में कुत्ता लेकर पहुंची रेणुका

### बोलीं- यह काटता नहीं है भाजपा ने कहा 'तमाशा'



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी संसद परिसर में अपने पालतू कुत्ते के साथ पहुंच गईं। चौधरी ने कहा कि यह किसी को काटता नहीं है। काटने वाले तो और हैं संसद के अंदर। भाजपा ने इसे तमाशा बताते हुए कार्रवाई की मांग की।

## खबर संक्षेप

### बिहार विधानसभा में स्पीकर बनेंगे प्रेम कुमार

**पटना।** बिहार विधानसभा की 18वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को नवनिर्वाचित



विधायकों के शपथग्रहण के साथ शुरू हुआ। शपथग्रहण के साथ ही भाजपा के विधायक प्रेम कुमार ने स्पीकर के पद के लिए सिर्फ उन्होंने नामांकन किया है। ऐसे में उनके स्पीकर बनने का रास्ता साफ है। वे गया शहर सीट से जीते हैं।

### खाई में गिरी जीप 3 की मौत, 25 घायल

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में एक जीप के खाई में गिरने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई



और 25 अन्य घायल हुए। बाली थाना प्रभारी परबत सिंह ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कुंडाल इलाके में हुआ जब जीप में सवार यात्री पांच बोर सायरा (उदयपुर) से शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे।

### मोबाइल में प्री-इंस्टॉल होगा 'संचार साथी' एप

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन कंपनियों को बड़ा निर्देश जारी किया है। अब देश में




बनने या आयात होकर आने वाले हर नए स्मार्टफोन्स में 'संचार साथी' एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को इस नियम को लागू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है। 28 नवंबर दिशा निर्देश जारी किए।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने नगालैंड के लोगों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी।



नगालैंड की स्थापना एक दिसंबर 1963 को हुई थी। मुर्मू ने एक पोस्ट में कहा कि नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई! समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगालैंड सतत सराहनीय प्रगति कर रहा है।

## कोलकाता में सड़कों पर बीएलओ का भारी विरोध प्रदर्शन

निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर किया हंगामा

# दावा- एसआईआर प्रक्रिया के चलते अमानवीय 'तनाव' झेलना पड़ रहा

एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। भारी काम के दबाव के चलते देशभर से कई बीएलओ की मौत होने का दावा किया जा रहा है

### आयोग बोला- निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक गंभीर मसला

एजेंसी ▶▶ कोलकोता

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी।

चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। बूथ लेवल अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के चलते उन्हें अमानवीय तनाव झेलना पड़ रहा है। वहीं भारी काम के दबाव के चलते देशभर से कई बीएलओ की मौत होने का दावा किया जा रहा है। परिवारों का आरोप है कि बीएलओ पर बहुत ज्यादा काम के दबाव डाला जा रहा है।


मुख्य निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर बीएलओ का प्रदर्शन

### 17 लाख से अधिक कर्मचारी जुड़े

50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

### एसआईआर की समयसीमा बढ़ाई

चुनाव आयोग ने एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसंबर तक बढ़ाई गई है।

भाजपा की आयोग से मांग



### 1.25 करोड़ प्रविष्टियों की हो जांचः शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने सोमवार को गणना प्रक्रिया में 26 से 28 नवंबर के बीच की गई सभी 1.25 करोड़ प्रविष्टियों का 'ऑडिट' कराने की मांग की। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल से कहा कि राजनीतिक परामर्श एजेंसी 'आई-पैक' राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 'डेटा प्रविष्टि प्रक्रिया में हस्तक्षेप' कर रही है। सीईओ का कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है।

### मतुआ का वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहेः अधीर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सत्तारूढ़ दल तृणमूल



कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों पर राज्य में पिछड़े मतुआ समुदाय को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। चौधरी ने आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना और नदिया में दशकों से रह रहे समुदाय के सदस्यों में कई के पास वैध नागरिकता दस्तावेज हैं।

### ममता एसआईआर के खिलाफ रैलियां निकालेंगी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी मालदा, मुर्शिदाबाद में तीन और चार दिसंबर को जबकि



कूचबिहार में नौ दिसंबर को रैलियां आयोजित कर एसआईआर के खिलाफ अपना रोष जताएंगी। बेनर्जी द्वारा एसआईआर के विरोध में यह दूसरे चरण का अभियान होगा। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह शरणार्थी बहुल मतुआ क्षेत्र में बनगांव में रैली की थी।

एअर इंडिया विमान हादसे पर सरकार बोली

## हर संभावित कारणों की जांच कर रहे, मुआवजे की प्रक्रिया भी तेज


केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद में जून महीने में हुए एअर इंडिया विमान हादसे को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा बयान दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राज्यसभा में स्पष्ट किया है कि दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है और किसी भी एंगल को छोड़ा नहीं गया है। सरकार के अनुसार, शुरुआती जांच रिपोर्ट सिर्फ उस समय उपलब्ध सबूतों पर आधारित थी।

12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही एअर इंडिया की विमान संख्या एआई171 क्रैश हो गई थी। यह विमान लंदन गैटविक जा रहा था और इसमें कुल 260 लोग सवार थे। इनमें 241 यात्री और 12 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा टेकऑफ के कुछ देर बाद ही हुआ और सिर्फ एक यात्री जीवित बच सका। विमान बोइंग 787-8 मॉडल का था।

### शुरुआती रिपोर्ट पर उठे सवाल

इस हादसे की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रहा है। एएआईबी ने 12 जुलाई को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट को लेकर कुछ पक्षों में सवाल उठे कि क्या पर्याप्त जांच हुई है। सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट केवल तथ्यों पर आधारित होती है और अंतिम निष्कर्षों के लिए विस्तृत जांच आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है और अभी जांच जारी है। केंद्र सरकार ने बताया कि निदेशालय महानिदेशक नागर विमानन (डीजीसीए) ने विमानों के सुरक्षित संचालन के लिए व्यापक सिविल एविएशन रेगुलेशंस (सीएआर) लागू कर रखे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### 237 मृतकों के परिजनों को दी राशि

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जानकारी दी कि एअर इंडिया ने मृतकों के परिजनों को अंतरिम राहत राशि के रूप में 25 लाख रुपये का भुगतान शुरू किया है। 237 मृतकों के परिजनों को यह राशि दे दी गई है। बाकी 11 मामलों में दस्तावेज़ों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। 75 घायलों में से 43 को अंतिम मुआवजा दिया जा चुका है। 24 को अंतरिम राहत दी गई है, जबकि आठ मामलों में दस्तावेजों की जांच जारी है। सभी मामलों में अंतिम मुआवजा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टाटा ट्रस्ट्स ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक करोड़ रुपये की विशेष सहायता दी है। अब तक 86 परिवारों, जिनमें छह क्रू सदस्यों के परिवार भी शामिल हैं, को यह राशि दी जा चुकी है।

कर्नाटक में 'ब्रेकफास्ट पर चर्चा' का दौर

## शिवकुमार से मिलने जाएंगे सीएम बोले- अभी तो निमंत्रण नहीं मिला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के कयासों के बीच कांग्रेस पार्टी में एकजुटता दिखाने की कोशिशें चल रही हैं। हाल ही में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सीएम आवास पर जाकर सीएम से नाश्ते पर चर्चा की। अब सीएम सिद्धारमैया ने कहा है कि वे भी डिप्टी सीएम के आवास पर नाश्ता करने जा सकते हैं। सीएम मंगलवार को यानी 2 दिसंबर को डीके शिवकुमार के आवास जा सकते हैं। हालांकि सीएम ने ये भी कहा कि उन्हें अभी तक औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है। सोमवार को


डीके शिवकुमार (बाएं), सीएम सीएम सिद्धारमैया (दाएं) फाइल फोटो

सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि शनिवार को शिवकुमार ने उनसे मंगलवार को नाश्ते पर घर आने को कहा था। मुझे अभी तक औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है, लेकिन अगर वे बुलाते हैं तो मैं जरूर जाऊंगा। मुझे लगता है कि वे मुझे आमंत्रित करेंगे।

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते, 10 दिसंबर को अगली सुनवाई

### कहा- कोर्ट को ये भी नहीं पता कि अब तक कौन-से कदम उठाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर वायु प्रदूषण संकट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मेरे मित्र का कहना है कि मामले की सुनवाई केवल सूचीबद्ध होने से ही इसमें (वायु गुणवत्ता सूचकांक) सुधार हुआ है, यह जरूरी है कि हम इसे तीन-चार महीने बाद सूचीबद्ध करने के बजाए नियमित रूप से सुनें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि दीर्घकालिक योजनाएं भी सार्वजनिक हों, उन योजनाओं पर चर्चा और अंतिम रूप दिया जाना आवश्यक है। अब इस

प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारणों की एक सप्ताह में रिपोर्ट दें


सुप्रीम कोर्ट और धुंध में डूबा इंडिया गेट

### पूछा, कितनी सकारात्मक प्रगति हुई?

एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) योजनाओं का शपथपत्र दाखिल किया है और सभी राज्यों व एजेंसियों के साथ बैठकें की गई हैं। अदालत ने पूछा कि इन योजनाओं का वास्तव में कोई असर हुआ भी है या नहीं? जो एक्शन प्लान बनाया था, उससे कितनी सकारात्मक प्रगति हुई? हमें यह जानना जरूरी है।

**पराली के मुद्दे को अहं का विषय न बनाएं**

सीजेआई ने कहा कि पराली जलाने के मुद्दे को राजनीतिक या अहं का विषय न बनाया जाए। किसान पराली जला रहा है तो इसकी एक आर्थिक वजह है।

**प्रदूषण के लिए कौन-कौन जिम्मेदार?**

अदालत ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह में रिपोर्ट दी जाए जिसमें पराली के अलावा अन्य कारण- जैसे वाहन, निर्माण, धूल पर अब तक कितनी कार्रवाई हुई।

### मुंबई में भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू

बढ़ते प्रदूषण के कारण मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं। बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है।

जबलपुर
मंगलवार, 2 दिसंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 20, अंक : 213
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 14

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 कोहली ने लगाया टेस्ट वापसी की...
विचार पेज
8 सोनिया-राहुल के गले की....

### संसद के शीतकालीन सत्र से पहले पीएम मोदी का विपक्ष पर जोरदार हमला

# ड्रामेबाजी के लिए पूरा देश पड़ा, यहां ड्रामा नहीं 'डिलीवरी' होनी चाहिए

संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर 2025 तक चलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र की सोमवार से शुरुआत हो गई। यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा और इस दौरान संसद के दोनों सदनों की 15-15 बैठकें होंगी। संसद के सत्र से पहले मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ड्रामेबाजी के लिए पूरा देश पड़ा, यहां ड्रामा नहीं 'डिलीवरी' होनी चाहिए। पीएम मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र केवल एक परंपरा नहीं है, यह भारत को विकास के पथ पर ले जाने के प्रयासों में ऊर्जा भरेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति का गवाह है। विपक्ष बिहार के नतीजों से परेशान, वह पराजय की निराशा से बाहर निकले।

विपक्ष खूब नारे लगाए, वे जहां पराजित हुए वहां भी नारे लगाते रहे, अब वहां भी नारे लगाएं, जहां वे पराजित होने जाएंगे



विपक्षी दलों से कहा कि राजनीति में नकारात्मकता उपयोगी हो सकती है लेकिन अंततः राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक सोच भी होनी चाहिए

#### संसद का इस्तेमाल हताशा निकालने के लिए किया जा रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ समय से हमारी संसद का इस्तेमाल या तो चुनावों की तैयारी के लिए या फिर हार के बाद अपनी हताशा निकालने के लिए किया जा रहा है। मैंने देखा है कि कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां सत्ता में आने के बाद, नेताओं को इतनी ज़बरदस्त सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है कि वे जनता का सामना ही नहीं कर पा रहे हैं। इसके बजाए, वे यहां आकर सदन के अंदर अपना सारा गुस्सा निकालते हैं। कुछ पार्टियों ने संसद को अपनी राज्य-स्तरीय राजनीति का मंच बना दिया है, जिससे एक ऐसी अस्वस्थ परंपरा बन गई है जो देश के लिए ठीक नहीं है।

#### कांग्रेस का पलटवार

### प्रधानमंत्री मोदी सबसे बड़े ड्रामेबाज

कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाए प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है।



#### खबर संक्षेप

### आईएएस वर्मा के पक्ष में कमेंट्स करने पर पिटाई

**दतिया।** यहां आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में टिप्पणी करने पर एक युवक की पिटाई की गई।



आंदोलनकारियों ने युवक को जमकर पीटा। बेकाबू हुए आंदोलनकारियों ने एक-दो वाहनों के कांच भी तोड़ दिया। हांलाकि पुलिस ने युवक को छुड़ा लिया। ब्राह्मण समाज ने चार दिन पहले सीएम के नाम ज्ञापन दिया था। कार्रवाई न होने पर सोमवार को ब्राह्मण समाज फिर से सड़कों पर उतरा था।

### आसाराम की जमानत पर भड़की दुष्कर्म पीड़िता

**नई दिल्ली।** नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी देकर आसाराम की जमानत रद करने की मांग की है।



दुष्कर्म के दोषी आसाराम को अक्टूबर में राजस्थान हाईकोर्ट और नवंबर में गुजरात हाईकोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर जमानत दी थी। पीड़िता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आसाराम पूरे देश में घूम रहे हैं और गंभीर रूप से बीमार नहीं हैं। आसाराम की हालत स्थिर है, जमानत की जरूरत नहीं है।

### कैंसर की दवा के लिए मंज़ूरी मिल गई

**नई दिल्ली।** कैंसर के इलाज के लिए दवा बनाने वाली कंपनी ल्यूपिन को इलाज के लिए मंजूरी मिल गई है।



साल 2022 के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में कैंसर से लगभग 9.7 मिलियन (97 लाख) मौतें हुईं। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा बढ़कर 18.2 मिलियन होने का अनुमान है। कैंसर से होने वाली लगभग एक-तिहाई मौतें तंबाकू-शराब के सेवन के कारण होती हैं।

### संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन ही हंगामा, एसआईआर के खिलाफ विपक्ष की नारेबाजी

# सरकार ने कहा....हम 'एसआईआर' पर बहस के लिए तैयार, समयसीमा न थोपें

*विपक्ष का कहना है कि जब पहले से 13 बिल सूचीबद्ध हैं, तो एसआईआर पर चर्चा के लिए समय कब मिलेगा? सरकार लगातार समय मांगकर इस मुद्दे से बच रही है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा चुनाव आयोग से संबंधित है। लेकिन विपक्ष संसद में सरकार से इस पर जवाब चाहता है। एसआईआर के मुद्दे पर लोकसभा में पहले दिन ही जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के तेवरों से साफ है कि मंगलवार को भी वह एसआईआर के मुद्दे को उठाएगा। लोकसभा की कार्यवाही शुरु होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सदन ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ उन्होंने महिला विश्वकप क्रिकेट, महिला कबड्डी विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रश्नकाल शुरु होते ही विपक्षी दलों के सदस्य अपनी अपनी सीट पर खड़े हो गए और शोर करने लगे। विपक्ष ने एसआईआर का मुद्दा उठाते हुए सदन में चर्चा की मांग की। इसके बाद कुछ सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के करीब आ गए। इनमें कांग्रेस, सपा, टीएमसी और डीएमके सहित कई सियासी पार्टियां शामिल थी। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा को बताया कि सरकार एसआईआर और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार है।

हंगामे के कारण दो बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित



सदन का दृश्य

*यह शीतकालीन सत्र बहुत छोटा है, कुल 15 कार्य दिवस हैं*

*निजी सदस्यों के विधेयकों को छोड़कर केवल 12 दिन ही चर्चा के लिए*

#### स्पीकर ओम बिरला ने कहा

### यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं है। हमें जनता की कठिनाई, चुनौतियों और मुद्दों पर चिंता करनी चाहिए। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोबारा कार्यवाही शुरु होने पर पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने अहम दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए।

### कनिमोझी बोलीं- एसआईआर पर चर्चा से सरकार बच रही

स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के मुद्दे पर राज्यसभा से विपक्ष के वॉकआउट के बाद एआईएडीएमके सांसद कनिमोझी एनवीएन सोमू ने सरकार पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। कनिमोझी ने कहा कि एसआईआर मुद्दा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में उठाया गया था और मंत्री ने इसे चर्चा के लिए स्वीकार भी किया था, लेकिन सदन में आते ही सरकार ने समय देने की बात कहकर मुद्दे को टाल दिया।

#### खरगे की सलाह- असली मुद्दों पर दें ध्यान, भटकाने का खेल बंद हो

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने लगातार संसदीय मर्यादा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अपमान किया है।



खरगे

खरगे ने कहा कि जब मणिपुर का मामला संसद में उठा, तब तक आप चुप रहे, जब तक विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया। उन्होंने बीएलओ की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में अत्यधिक कार्यभार के कारण बीएलओ लगातार अपनी जान गंवा रहे हैं। भाजपा अब भटकाने का खेल बंद करे और संसद में आम जनता के असली मुद्दों पर चर्चा करे। कांग्रेस सांसद प्रियंका वाड्रा ने एक्स पोस्ट में लिखा- हमारी आशा बहनें अपने हक के लिए लड़ रही हैं। उन्हें परमानेंट एम्पलॉई के तौर पर पहचान मिलना चाहिए। वे ग्रामीण हेल्थकेयर सिस्टम की रीढ़ हैं। फ्रंटलाइन वर्कर हैं जो लाखों भारतीयों की सेवा करने के लिए हर मुश्किल का सामना करती हैं।

### केंद्र सरकार ने संसद में स्वीकारा

# दिल्ली समेत कई हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की कोशिश हुई

*विमानों के सिग्नल से छेड़छाड़ हुई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की समस्या हुई थी, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किनजारापु ने बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई) के पास उड़ने वाले कुछ विमानों ने जीपीएस स्पूफिंग की सूचना दी।



फाइल फोटो

#### समस्या सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं

सरकार के अनुसार जीपीएस जामिंग/स्पूफिंग की रिपोर्ट नवंबर 2023 से अनिवार्य की गई है। इसके बाद देश के कई बड़े हवाईअड्डों से यह समस्या लगातार सामने आ रही है। इसमें कोलकाता, अमृतसर, मुंबई, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई एयरपोर्ट शामिल हैं। इन सभी जगहों पर जीएनएसएस इंटरफेरेंस की शिकायतें मिल रही हैं। वहीं, इससे पहले केंद्र सरकार ने संसद में एक आंकड़ा पेश किया था। सरकार ने लोकसभा में बताया था कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 के बीच 465 जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र (अमृतसर और जम्मू) में दर्ज की गईं।

#### क्या है जीपीएस स्पूफिंग?

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है।

### 24 घंटे बाद बरामद हो सका शव

# मां की डांट से परेशान छात्र ने कुए में कूदकर दी जान

कुए में अत्यधिक पानी और मलबा होने के कारण देरी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बजरंग नगर में रविवार सुबह मां की डांट से खफा होकर कक्षा नौ के छात्र सार्थक वानखेड़े ने कुए में कूदकर आत्महत्या कर ली। 24 घंटे बाद सोमवार को एसडीआरएफ टीम ने छात्र के शव को रेसक्यु किया। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उधर पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू कर दी है। कुए में अत्यधिक पानी और कीचड़ होने की वजह से इतना टाइम लग गया और छात्र की जान चली गई। घटना रविवार सुबह लगभग 9 बजे हुई।



कुए में रात भर चला रेस्क्यू

### मिड-डे-मील में बड़ी लापरवाही

# भोजन में आलू की सब्जी में निकला मेंढक, बच्चे डरे

जिला पंचायत सीईओ ने कहा-जांच कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

सरकारी स्कूलों में बंटने वाला मिड डे मील अक्सर अपनी गुणवत्ता को लेकर सुर्खियां बना रहता है।

ताजा मामला ग्वालियर के गोकुलपुर शासकीय प्राथमिक विद्यालय से आया है। यहां मध्यान्ह भोजन में मेढक निकला है। छात्रों को मध्यान भोजन बांटते समय आलू की सब्जी में पका हुआ मेढक निकला। ये लापरवाही किसी और ने नहीं बल्कि भोजन वितरण करने वाली महिला कर्मचारी ने पकड़ी है। महिला कर्मचारी ने इसका वीडियो बना लिया था, जो अब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

# टोल प्लाजा के पास सभी बैठे, कलेक्टर से बैठक बेनतीजा



*आज नई रणनीति तैयार होगी, जिले में धारा 144 लागू*

#### धार में मुंबई-आगरा हाईवे पर चार जिलों के किसानों का आंदोलन

*धार। मुंबई-आगरा हाईवे पर स्थित खलघाट टोल प्लाजा के करीब किसानों ने डेरा डाल दिया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के बैनर तले चार जिलों के किसान यहां आंदोलन कर रहे हैं। धार, बड़वानी, खरगोन और खंडवा के किसान यहां प्रदर्शन कर रहे हैं। सुबह में ही किसान अपने-अपने ट्रैक्टर, पिकअप और निजी वाहनों से हाईवे पर पहुंच गए।*

### संगठन और जनता के बीच सेतु बनाने की पहल

# कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद के लिए बैठेंगे दो-दो मंत्री, सोमवार से शुरुआत हुई

सोमवार से शुक्रवार प्रतिदिन दो मंत्री रहेंगे उपलब्ध

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सरकार एवं संगठन में किए जा रहे नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हेमंत खंडेलवाल

भाजपा कार्यालय में अब सप्ताह में पांच दिन तक मप्र सरकार के दो-दो मंत्री हर दिन दो घंटे के लिए बैठेंगे। वे इस दौरान सत्ता व संगठन के बीच तालमेल बैठाएंगे ही साथ में आम कार्यकर्ताओं व जनता की समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इस तरह का नवाचार मप्र में पहली बार शुरू हुआ है। भाजपा ने पांच दिनों का एक शेड्यूल भी जारी कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि मप्र में संगठनात्मक सक्रियता और नवाचारों का नया अध्याय शुरू किया गया है। कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय मजबूत करने के लिए सोमवार से प्रदेश कार्यालय में मंत्रियों की नियमित उपलब्धता की व्यवस्था शुरू की गई है।

#### प्रदेश कार्यालय में मौजूद रहेंगे यह मंत्री

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार एक दिसंबर को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व मंत्री गौतम टेटवाल मौजूद थे। 2 दिसंबर मंगलवार को मंत्री राकेश सिंह एवं दिलीप अहिरवार, 3 दिसंबर बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग एवं लखन पटेल, 4 दिसंबर गुरूवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं श्रीमती प्रतिमा बागरी, 5 दिसंबर शुक्रवार को मंत्री विजय शाह एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय करेंगे।

### आगामी दिनों में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी

कुछ जिलों में बादल छाएंगे, रात का औसत पारा अभी सामान्य से अधिक, दिन का कम दर्ज

# अभी सर्दी में मामूली कमी, लेकिन 7 दिसंबर के बाद कड़ाके की ठंड पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम में बदलाव जारी रहेगा। अभी कुछ दिन सर्दी में मामूली कमी रहेगी। इसके बाद कड़ाके की सर्दी की ठंडक का दौर शुरू होगा। 7 दिसंबर के बाद सर्दी में तेजी से बढ़त होगी।

इसके साथ ही कुछ जिलों में बादल और बौछारें भी पड़ सकती हैं। मौसम केंद्र के अनुसार आगामी दिनों में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस सप्ताह मौसम में बदलाव रहेगा। अभी ठंडक में कुछ कमी आएगी, इसके बाद फिर कड़ाके की सर्दी शुरू होगी। इस बीच इस सप्ताह में बादल भी छाए रह सकते हैं।



#### फिर 4 डिग्री तक आएगा पारा

*आगामी पांच से छह दिन बाद सिस्टम का असर कम होने के बाद हवाएं पूरी तरह उत्तरी होंगी। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी। विशेषकर भोपाल में रात का पारा 4 डिग्री या इससे कम हो सकता है। सोमवार को भोपाल सहित छह जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से कम रहा है। पचमढ़ी में 6.8, इंदौर 8.2, राजगढ़ 9, भोपाल 9.4, रीवा और नौगांव में न्यूनतम पारा 9.5 डिग्री रहा है।*

#### 5 दिसंबर को नया डब्ल्यूडी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में सकुर्लेशन के रूप में पाकिस्तान और आसपास सक्रिय है। साथ ही एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में है जो पाकिस्तान के आसपास सक्रिय डब्ल्यूडी में विलय हो रहा है। एक सकुर्लेशन भी उत्तरी हरियाणा के आसपास सक्रिय है। इससे अभी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा लेकिन दो से तीन दिन बाद तापमान में तेजी से कमी आने की उम्मीद है।



## पुतिन की सुरक्षा को लेकर बेहद अलर्ट रहती हैं सुरक्षा एजेंसियां

# पुतिन की सुरक्षाः खाने की जांच के लिए पोर्टेबल लैब, टॉयलेट और पानी के अलावा पूप सूटकेस भी विदेश यात्रा में हमेशा रहता है साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आने वाले हैं। 4-5 दिसंबर को उनका भारत में दौरा होगा। इसको लेकर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। यहां रूसी सुरक्षा एजेंसी की टीम पहले ही पहुंच चुकी है। रूस के राष्ट्रपति भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। जाहिर सी बात है कि, पुतिन जैसे शक्तिशाली नेता के दौरे को लेकर सुरक्षा के इंतजाम भी काफी सख्त होंगे। वैसे तो किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर विशेष सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है, लेकिन रूसी राष्ट्रपति की सुरक्षा थोड़ी अलग है। पुतिन की सुरक्षा में एक पोर्टेबल प्रयोगशाला का इस्तेमाल करके उनके सभी भोजन में जहर की जांच भी की जाती है। पुतिन देश के अंदर या बाहर कहीं भी जाते हैं तो उनके खाने-पीने का विशेष ध्यान रखा जाता है। यही वजह है कि उनके काफिले के साथ एक पोर्टेबल लैब भी चलता है, जो उनके भोजन में जहर की जांच करता है। इस लैब में जांच के बाद ही पुतिन खाना खाते हैं। राष्ट्रपति के निजी रसोइये हमेशा उनके साथ यात्रा करते हैं। वह किसी भी देश में अपने रसोइये के हाथ का बना खाना ही खाते हैं। उस खाने को भी पहले लैब में टेस्ट किया जाता है।

*जिस होटल में पुतिन ठहरते हैं वहां अलग से लगती है लिफ्ट*

*रूस से बाथरूम लेकर चलते हैं उसी का उपयोग करते हैं पुतिन*

*स्मोक ग्रेनेड फेकने में सक्षम है रूसी राष्ट्रपति की बुलेट प्रूफ कार*

### होटल के स्टाफ की सेवाएं नहीं लेते पुतिन


पुतिन

पुतिन जिस होटल में रुकते हैं, वहां के स्टाफ की सेवाएं नहीं लेते। उनका स्टाफ, शेफ, हाउस कीपिंग रूस से ही साथ आते हैं। पुतिन के पहुंचने से पहले उनकी सिक्योरिटी टीम शेफ के लिए अलग से लिफ्ट लगवाती है जिसका इस्तेमाल होटल का दूसरा स्टाफ नहीं कर सकता। पुतिन होटल के बाथरूम का भी इस्तेमाल नहीं करते बल्कि उनकी टीम रूस से ही एक मोबाइल बाथरूम लेकर आती है जिसे होटल रूम में सेटअप किया जाता है। पुतिन के पास ऐसी कार है जो कि बुलेट और बम प्रूफ है। जिस पर बड़े से बड़ा हमला नाकाम हो सकता है। इमरजेंसी की स्थिति में उस कार से तुरंत स्मोक ग्रेनेड यानी धुआं फैलाने वाले हथगोले दागे जा सकते हैं। पुतिन जब दिल्ली आएंगे तो वो इसी गाड़ी में सफर करेंगे।

### स्थानीय लोगों में घुलमिल जाती है- अदृश्य सेना

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन जहां भी जाते हैं। वहां जाने से पहले उनकी एक अदृश्य सेना पहले से तैनात हो जाती है जो वहां के आम लोगों और स्थानीय माहौल में घुलमिल जाती है। क्रैमलिन के सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, 2022 में जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या के प्रयास के बाद विशेष रूप से पुतिन की सिक्योरिटी को टाइट कर दिया गया है।

### अपना टॉयलेट भी साथ लेकर जाते हैं

रूसी राष्ट्रपति खाने-पीने की चीजों के साथ अपना एक पोर्टेबल टॉयलेट भी साथ लेकर चलते हैं।



ताकि, दूसरे देश में उनके शरीर के अपशिष्ट पदार्थ भी न छूटे। इसकी कई वजहें बताई जाती है। कहा जाता है कि अगर राष्ट्रपति से जुड़ी कोई भी चीज विदेशी धरती पर छूट जाती है तो उसकी जांच से राष्ट्रपति के स्वास्थ्य के बारे में पता लगाया जा सकता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन सकता है। ऐसे में पुतिन भारत आने पर ये सारी चीजें साथ लेकर आएंगे। यह चीजें उनकी सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं। इसको लेकर रूसी सुरक्षा एजेंसियां कोई भी लापरवाही नहीं कर सकती है।



### पुतिन की सुरक्षा के लिए पूप सूटकेस

पुतिन जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं तो उनके बाडीगार्ड इसी तरह का उपाय करते हैं। वे उनके मल-मूत्र को एकत्र करके पूप सूटकेस में रूस ले जाते हैं। ट्रंप के साथ बैठक के दौरान पुतिन की सुरक्षा के कड़े सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। वह यात्रा के दौरान अपने बाडीगार्डों की सुरक्षा के घेरे में रहे और रूसी खुफिया ने उनकी सुरक्षा को लेकर कई जरूरी कदम उठाते हैं।

## खबर संक्षेप

### स्पीड बोट की टक्कर में दो की मौत, 18 घायल

**कराची।** पाकिस्तान में मनोरा के निकट समुद्र में एक निजी स्पीडबोट और एक यात्री नाव के बीच टक्कर



हो जाने से एक महिला और एक किशोरी की मौत हो गई तथा 18 लोग घायल हो गए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना रविवार को कराची के मनोरा में हुई। डीआईजी सैयद असद रजा ने बताया कि नाव मनोरा बीच से जेटी नंबर-एक की ओर जा रही थी, तभी शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी टक्कर स्पीडबोट से हो गई।

### पार्टनर आधी भारतीय है बेटे का नाम शेखर

**न्यूयॉर्क।** स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि उनकी साथी शिवोन जिलिस आधी



भारतीय हैं और उन्होंने अपने एक बच्चे का मध्य नाम नोबेल पुरस्कार विजेता सुब्रमण्यन चंद्रशेखर के नाम पर शेखर रखा है। जिलिस और मस्क के चार बच्चे हैं - जुड़वां बच्चे स्ट्राइडर और एज्योर, एक बेटी अर्कािडया और बेटा सेल्डन लाइकर्गस। ज़िलिस मस्क की एक न्यूरालिंक में ऑपरेशन्स और स्पेशल प्रोजेक्ट्स में निदेशक हैं।

## घटती तीव्रता की वजह से भीषण बारिश का खतरा लगभग खत्म

# चक्रवात दितवाह अब पड़ा कमजोर, उत्तर तमिलनाडु में भारी बारिश का खतरा टला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दितवाह अब डीप डिप्रेशन में बदल गया है। इसके कारण उन जिलों में राहत की सांस ली जा रही है, जहां पहले बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के अनुसार, यह सिस्टम तमिलनाडु-पुडुचेरी तट के समानांतर गुजरते हुए धीरे-धीरे कमजोर हो गया। वहीं, रविवार सुबह तक जारी 24 घंटे के बारिश के आंकड़ों में कराईकल में सबसे अधिक 19 सेमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद मयिलादुथुरै जिले के सेम्बनारकोविल में 17 सेमी, जबकि नागपट्टिनम और मयिलादुथुरै शहर में 15 सेमी बारिश हुई। सिरकाजी और तिरुवारूर क्षेत्र में 14 सेमी बारिश दर्ज की गई। रमणाथपुरम जिले के थंगाचीमदम और थोंडी में भी भारी बरसात हुई। डेल्टा क्षेत्रों में नागपट्टिनम के तिरूपोंडी और तंजावुर के कुरुंगुलम में 13 सेमी बारिश दर्ज की गई।

इसके अलावा, कोडियाकरै और वेदारण्यम (नागपट्टिनम), नन्निलम (तिरुवारूर) और सेतियाथोप्पू (कड्डलूर) में 12 सेमी बारिश दर्ज की गई, जिससे तटीय इलाकों में लगातार बारिश का पता चलता है। कमजोर पड़ा यह सिस्टम लगभग 180 किमी क्षेत्र में फैला हुआ उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा था। सोमवार सुबह इसकी स्थिति पुडुचेरी से 110 किमी दक्षिण-पूर्व, वेदारण्यम से 140 किमी उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 180 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में थी। हालांकि यह चक्रवात अब एक डीप डिप्रेशन बन चुका है, लेकिन फिर भी तट के समानांतर आगे बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, जैसे-जैसे यह सिस्टम और कमजोर होगा, तट से इसकी न्यूनतम दूरी करीब 30 किमी तक रह सकती है, लेकिन इसकी घटती तीव्रता की वजह से भीषण बारिश का खतरा लगभग खत्म हो चुका है।

### 6 दिसंबर को हो सकती है बारिश


फाइल फोटो

मौसम विभाग ने सोमवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना जताई है। वहीं तिरुवल्लूर जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। 6 दिसंबर तक राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। चेन्नई और आसपास के क्षेत्र में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। इस बीच गल्फ ऑफ मन्नार, कुमारी सागर और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में तेज हवाएं जारी रहने की संभावना है।

### भारत के देवदूत बना सेना का चेतक हेलिकॉप्टर

चक्रवात दितवाह ने श्रीलंका में भारी तबाही मचा रखी है। वहां जन जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। पड़ोसी मुल्क की मुसीबत की घड़ी में भारतीय वायुसेना द्वारा ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका के लोगों को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता और आपदा राहत सहायता प्रदान की जा रही है। इंडियन हाई कमिशन के अनुसार, भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे 104 भारतीयों का आखिरी समूह ऑपरेशन सागर बंधु सोमवार को भारत लाया गया। श्रीलंका में दितवाह तूफान के कारण मध्य पर्वतीय क्षेत्र में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में चेतक



हेलीकॉप्टर लोगों के लिए मसीहा साबित हो रहा है। चेतक की गड़गड़ाहट सुन लोगों को मुसीबत से बाहर निकलने की आस जग जाती है। इस ऑपरेशन में इस्तेमाल हो रहा चेतक हेलीकॉप्टर को भारतीय नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक बल लंबे समय से इस्तेमाल कर रही है। यह हल्का हेलीकॉप्टर है, जिसे मूल रूप से फ्रांस की कंपनी ने बनाया था। हालांकि बाद में लाइसेंस के तहत 60 के दशक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने इसे बनाया और इसका नाम चेतक रखा। वर्तमान में इस चेतक हेलीकॉप्टर का उपयोग सैनिकों को लाने ले जाने, रसद पहुंचाने, मेडिकल हेल्प, खोज और बचान अभियानों में किया जाता है।

## अवैध लोन एप्स पर सरकार की सख्ती

# 87 एप्स हुए ब्लॉक, कंपनी एक्ट के तहत हुई कार्रवाई


सांकेतिक इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने की कड़ी में कुल 87 अवैध लोन देने वाले एप्स को बैन कर दिया है। सरकार ने सोमवार को कहा कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए 87 अवैध लोन देने वाले मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया गया है। कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को लोकसभा में बताया, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत सार्वजनिक पहुंच के लिए किसी भी सूचना को ब्लॉक करने के निर्देश जारी करने का अधिकार प्राप्त है। अब तक निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत कुल 87 अवैध लोन एप्स को ब्लॉक किया है। एक लिखित जवाब में उन्होंने यह भी बताया कि कंपनियों अधिनियम, 2013 के तहत जांच, बुक्स ऑफ अकाउंट्स का निरीक्षण और जांच जैसी नियामकीय कार्रवाई समय-समय पर उन कंपनियों के खिलाफ की जाती है जिनमें वे कंपनियां भी शामिल हैं जो लोन ऐप्स के जरिए ऑनलाइन उधार देने की गतिविधियों में शामिल होती हैं। उन्होंने कहा, जब भी एक्ट के तहत किसी तरह का उल्लंघन पाया जाता है तो उसके अनुसार उपयुक्त कानूनी कार्रवाई की जाती है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ही कंपनियों अधिनियम को लागू करने वाला प्राधिकरण है।

### आरबीआई के नए नियम से मिली राहत

आरबीआई ने मई 2025 में डिजिटल लेंडिंग के लिए सख्त नियम लागू किए हैं, जिनमें लोन एग्रीमेंट, अंडरराइटिंग और रिकवरी प्रोसेस पर ध्यान दिया गया है। ये नियम उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने और पारदर्शी लेंडिंग सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। पर्सनल लोन लेना गलत नहीं, लेकिन सही और भरोसेमंद प्लेटफॉर्म का चयन बेहद जरूरी है, जिससे आप धोखाधड़ी से बच सकें और वित्तीय संकट में फंसने से बचाव हो सके। सतर्कता ही आपकी सफलता की कुंजी है। हालांकि समय समय पर धोखे से बचने के उपायों के प्रति जागरूक किया जाता है।

## क्रिकेट खेलते जवानों ने जीता देश का दिल

# जाड़ों की जंग में 'स्नो क्रिकेट', बर्फीले मोर्चे पर फावड़े से खेलते सेना के जवान दिखे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत की कंपा देने वाली ठंड के बीच सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है, जिसे देखकर किसी का भी दिल भर आए। हम अक्सर सोचते हैं कि मोर्चे पर तैनात सैनिक सिर्फ कर्तव्य निभाते हैं, लेकिन यह क्लिप बताती है कि वही जवान सबसे मुश्किल हालात में भी खुशी ढूंढ़ लेते हैं। जैसे कोई दोस्त कहानियां सुना रहा हो, वैसे ही यह वीडियो हमें सीधे उनके बीच ले जाता है...बर्फ, ठंड और अटूट जज्बा। यह वीडियो भारतीय सेना के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया गया है. इसमें जवान बर्फ से ढके इलाके में क्रिकेट खेलते दिखाई देते हैं। असली क्रिकेट किट तो वहां नहीं थी, पर जज्बा पूरा मौजूद था, इसलिए बल्ले की जगह एक फावड़ा उठा लिया गया और गेंद की जगह इस्तेमाल हुई स्नोबॉल तापमान इतना कम कि सांस भी धुंआ बनकर निकल रही थी, लेकिन चेहरों पर मुस्कान वैसी ही थी, जैसी किसी मैदान में जीत का चौका पड़े तो होती है।


बर्फ पर मैच

### उनकी हंसी जोर से सुनाई देती है

इंस्टाग्राम पर यह वीडियो को नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है, जिसके कैप्शन में लिखा था, 'जहां ठंड सबसे ज्यादा पड़ती है, वहां उनकी हंसी सबसे जोर से सुनाई देती है। यह लाइन ही बताती है कि भारतीय सैनिक कितनी मजबूत मानसिकता के साथ ड्यूटी निभाते हैं। वीडियो अपलोड होते ही लोगों का दिल जीत चुका है। चार घंटे में ही करीब 20 लाख व्यूज पार। कमेंट सेक्शन में लोग लगातार लिखते रहे, 'इतनी ठंड में भी इतना जोश...सलाम है।'

## जेनेरिक दवाइयों का भी निर्यात

# भारत दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन बनाताः जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर बायोलॉजिकल वेपन्स कन्वेंशन की 50वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के दौरान भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। जयशंकर ने कहा कि भारत दुनिया की 60 प्रतिशत वैक्सीन का उत्पादन करता है और 20 प्रतिशत से अधिक जेनेरिक दवाइयों की सप्लाई करता है। विदेश मंत्री ने कहा, "मैं आज आपसे कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देने का आग्रह करता हूं। पहला, भारत दुनिया की 60 प्रतिशत वैक्सीन बनाता है।दूसरा, भारत दुनिया की 20 प्रतिशत से अधिक जेनेरिक दवाइयों की आपूर्ति करता है, और


जयशंकर

अफ्रीका की 60 प्रतिशत जेनेरिक दवाइयां भारत से जाती हैं। तीसरा, भारत में लगभग 11,000 बायोटेक स्टार्टअप हैं, जबकि 2014 में इनकी संख्या केवल 50 थी। आज यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बायोटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम है। चौथा, डिजिटल हेल्थ में बड़ी प्रगति के साथ हमारा हेल्थकेयर निवेश तेजी से बढ़ा है।

## भारत-नेपाल के बीच सैन्य अभ्यास सूर्य किरण जारी

*भारत की ओर से 334 सैनिक शामिल हुए*

# आतंकवादी विरोधी 'अभियानों' पर विशेष फोकस कर रहीं सेनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्सरसाइज सूर्य किरण' का 19वां संस्करण जारी है। इस अभ्यास का मुख्य फोकस जंगल युद्ध, पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियान और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के जरिए दोनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल विकसित करना है। भारतीय सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि यह अभ्यास दोनों देशों के बीच विश्वास, दोस्ती और क्षेत्रीय शांति के प्रति साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। अभ्यास में भारत की ओर से 334 सैनिक शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से असम रेजिमेंट के जवान भाग ले रहे हैं। नेपाल की ओर से भी 334 सैनिक भाग ले रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से देवी दत्त रेजिमेंट के जवान शामिल हैं। दोनों सेनाओं की यह संयुक्त पहल संयुक्त राष्ट्र के अध्याय 7 के तहत उप-पारंपरिक अभियानों के संचालन का अभ्यास करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### आधुनिक तकनीक से रूबरू

इस अभ्यास के दौरान जवान जंगल युद्ध, पहाड़ी इलाकों में आतंकवाद विरोधी कार्रवाई, मानवीय सहायता और आपदा राहत, मेडिकल रिस्पॉन्स,


अभ्यास का दृश्य

पर्यावरण संरक्षण और जमीनी-हवाई संयुक्त अभियानों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस संस्करण में विशेष रूप से उन्नत और उभरती तकनीकों को शामिल किया जा रहा है, जिनमें मानवरहित हवाई प्रणाली, ड्रोन आधारित निगरानी, एआई-आधारित निर्णय सहायता उपकरण, मानवरहित लॉजिस्टिक वाहन और बख्तरबंद सुरक्षा प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इन तकनीकों की मदद से दोनों सेनाएँ आधुनिक वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप अपने अभियानों, रणनीतियों और प्रक्रियाओं में सुधार कर सकेंगी।

## काशी तमिल संगमम-4.0 आज से होगा शुरू, 10 को समापन

# तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंधों का उत्सव आज से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काशी तमिल संगमम 4.0 आज मंगलवार से को शुरू हो रहा है। तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि काशी में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यह तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और सभ्यतागत सम्पर्क को आगे बढ़ाएगा। यह अभियान 2 दिसम्बर 2025 को तेनकासी (तमिलनाडु) से शुरू होगा और 10 दिसम्बर 2025 को काशी पहुंचेगा। काशी तमिल संगमम एक ऐसे रिश्ते का जश्न है जो सदियों से भारतीय कल्पना में बसा हुआ है। अनगिनत तीर्थयात्रियों, विद्वानों और साधकों के लिए, तमिलनाडु और काशी के बीच का सफ़र कभी भी सिर्फ़ शारीरिक तौर पर आने-जाने का रास्ता नहीं था। यह विचारों, सोच, भाषाओं और जीवित परंपराओं का एक आंदोलन था। संगमम इसी भावना से प्रेरित है, एक ऐसे बंधन को ज़िंदा करता है जिसने पीढ़ियों से भारत के सांस्कृतिक माहौल को शांतिपूर्वक आकार दिया है। वहीं, काशी तमिल संगमम 4.0 इस बढ़ते सांस्कृतिक संगम का अगला अध्याय है, जो इसकी सीमा और महत्वाकांक्षा दोनों को बढ़ाएगा। काशी तमिल संगमम 4.0 की औपचारिक शुरुआत 2 दिसंबर 2025 को वाराणसी के नमो घाट पर एक उद्घाटन समारोह के साथ होगी। इस संस्करण का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह 4 दिसंबर को मनाए जाने वाले तमिलनाडु के सबसे शुभ त्योहारों में से एक कार्तिगई दीपम के साथ मेल खाता है। 1,500 से अधिक प्रतिनिधि भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं की गहरी समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित विभिन्न ज्ञान-साझा सत्रों में भाग लेंगे। यह पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत के सार को दर्शाती है, जो लोगों को अपनी संस्कृति से परे संस्कृतियों की समृद्धि को समझने और उसकी सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करती है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित, आईआईटी मद्रास और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय प्रमुख ज्ञान भागीदार के रूप में कार्य कर रहे हैं, और रेलवे, संस्कृति, पर्यटन, कपड़ा और युवा कार्य और खेल सहित दस मंत्रालयों और उत्तर प्रदेश सरकार की भागीदारी के साथ, काशी तमिल संगमम दोनों क्षेत्रों के छात्रों, कारीगरों, विद्वानों, आध्यात्मिक गुरूओं, शिक्षकों और सांस्कृतिक परम्पराओं को संरक्षित करने के लिए सभी को एक साथ लाता है, जिससे उनके बीच विचारों, सांस्कृतिक कार्य प्रणालियों और पारंपरिक ज्ञान का आदान-प्रदान होता है।

*तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि उत्सव में होंगे शामिल*

*अलग अलग विधाओं के 1,500 से अधिक जानकार भी पहुंचेंगे*


फाइल फोटो

### आयोजन की पीएम ने रखी थी नीव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में काशी तमिल संगमम का पहला संस्करण शुरू किया था, जिसने सांस्कृतिक सेतु की नींव रखी, जो बाद के संस्करणों के ज़रिए और मज़बूत होता जाएगा। पहला संस्करण, जो 16 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2022 तक हुआ था, वह तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को बड़े और रोमांचक अनुभवों की विशेषता के साथ लोगों के सामने लाया। दरअसल, भारत अपनी आज़ादी के 75 साल पूरे होने परपूरे देश में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाए जाने के महत्व के बारे में गहराई और गंभीरता से सोच रहा था और अपनी सभ्यतागत विरासत की गहराई को फिर खोज रहा था।

## चीन-पाक की उड़ी नींद

# भारत को मिला अपना पहला एंटी-ड्रोन व्हीकल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय बॉर्डर पहले से ज्यादा सेफ होंगे क्योंकि देश को अपना पहला एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से चलने वाला मोबाइल एंटी-ड्रोन पैट्रोल व्हीकल मिल गया है, जिसका नाम है 'इंद्रजाल रेंजर'। इस खास व्हीकल को हैदराबाद की एक डिफेंस कंपनी ने बनाया है।

इसे चलता-फिरता सुरक्षा कवच भी कह सकते हैं, जो हमारी सीमाओं के साथ देश के अंदर सेंसिटिव एरिया की ड्रोन हमलों से रक्षा करेगा। यह एंटी-ड्रोन सिस्टम एक मजबूत टोयोटा चार गुणा चार गाड़ी पर लगाया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह सिस्टम एक जगह खड़े


वाहन

रहने के बजाय चलते हुए भी काम कर सकता है। यह रेंजर 10 किलोमीटर की दूरी से ही दुश्मन के ड्रोन को पहचान लेता है और उस पर नजर रखना शुरू कर देता है। वहीं, 4 किलोमीटर के दायरे में ही खतरे का पूरी तरह से खात्मा कर सकता है। ये काफी उपयोगी साबित होगा।

# जबलपुर में बढ़ते हनीट्रैप के मामले से पुलिस आई एक्शन में

## सोशल मीडिया पर बढ़ती ठगी ने बढ़ाई चिंता

जबलपुर। शहर में सोशल मीडिया के जरिए युवकों को हनी ट्रैप में फंसाने का ताज़ा मामला सामने आने के बाद पुलिस अब पूरे मामले को व्यापक एंगल से जांच रही है। शताब्दीपुरम स्थित एक कमरे में दो युवकों को जाल में फंसाकर मारपीट और फिर एक लाख रुपये की मांग करने वाली युवती और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उन्होंने इससे पहले और कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है।

सीएसपी कोतवाली रितेश शिव के निर्देशन में पुलिस टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उनके मोबाइल, सोशल मीडिया अकाउंट, इंस्टाग्राम चैट और कॉल डिटेल की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस तरह से गिरोह ब्लैकमेलिंग कर रहा था, उससे यह साफ संकेत मिलता है कि यह पहली बार नहीं था। आशंका है कि उन्होंने इससे पहले भी कई युवा और अन्य लोगों को इसी तरह ठगा है।

### इंस्टाग्राम पर हुई थी शुरूआत

बेलखेड़ा के दो युवक इंस्टाग्राम यूजर हैं। जांच के अनुसार, उनकी बातचीत 'रागिनी शर्मा' नाम की एक लड़की से शुरू हुई। कुछ दिनों की बातचीत के बाद युवती ने उन्हें जबलपुर मिलने बुलाया।

पहली मुलाकात मेहता पेट्रोल पंप के पास हुई, जहां युवती ने दोनों को शताब्दीपुरम स्थित एक क्वार्टर में चलने को कहा। कुछ देर बाद वहां दो अन्य युवक—विवेक तिवारी और साहिल बर्मन भी पहुंच गए।

कमरे में पहुंचते ही युवती और दोनों युवकों ने मिलकर दोनो पीड़ित युवकों से मारपीट शुरू कर दी और एक लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़ितों के विरोध करने पर मामला बढ़ गया और हंगामा चौकी तक पहुंच गया।



सूत्रों के अनुसार, चौकी में भी लंबे समय तक हंगामा हुआ और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में चौकी पुलिस की निष्पक्षता की भी जांच की जा रही है।

### जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी

फिलहाल सीएसपी ने आरोपियों और पीड़ितों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि गैंग से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। शहर में ऐसे मामलों को रोकने और जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की भी तैयारी की जा रही है।

### हनी ट्रैप' बढ़ रहा खतरा

घटना ने एक बार फिर सोशल मीडिया फ्रॉड को लेकर चेतावनी की घंटी बजाई है। पुलिस का कहना है कि इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य प्लेटफॉर्म पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवाओं को जाल में फंसाने की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। कई युवाओं का व्यक्तिगत डेटा, फोटो और लोकेशन ऐसे फ्रॉड नेटवर्क के हाथ लग जाता है, जिसके बाद ब्लैकमेलिंग का सिलसिला शुरू हो जाता है।

### सतर्कता ही बचाव

सायबर एक्सपर्ट का कहना है कि सोशल मीडिया पर अनजान प्रोफाइल से बातचीत न करें। बिना पुष्टि किसी भी व्यक्ति से मिलने अकेले न जाएं। लोकेशन, निजी फोटो और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार के ब्लैकमेल से तुरंत पुलिस को सूचित करें। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर स्क्रीनशॉट और चैट सुरक्षित रखें।

# जीवन में जो मिला गुरु-कृपा से मिला : ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी

## श्री बगलामुखी सिद्धपीठ में 74वां वर्धापन दिवस, दिव्य पूजन, सहस्त्रार्चन और महाआरती में उमड़ा श्रद्धा-सागर

**हरिभूमि, जबलपुर।** आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति के अद्भुत संयोग के बीच श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ, शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में परम विद्वान, श्रीविद्या एवं भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता के तपस्वी उपासक ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी महाराज का 74वां वर्धापन दिवस अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और दिव्यता के साथ मनाया गया। यह आयोजन ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी के सान्निध्य और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ माता पीतांबरा बगलामुखी के विशेष पूजन से हुआ। ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी ने स्वयं अपने करकमलों से लड्डू सहस्त्रार्चन और दिव्य महाआरती संपन्न की। पूजन के दौरान वैदिक मंत्रों की गूंज, घंटा-घड़ियालों का निनाद और भक्तों की सामूहिक श्रद्धा ने वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से सराबोर कर दिया। भक्तजन माता के जयघोष के साथ भाव-विभोर होकर उपस्थित रहे। पूजनोपरांत आयोजित माता की चौकी में गुरु परिवार, श्रद्धालुओं और शिष्यों ने ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज का ससम्मान अभिनंदन कर आशीष प्राप्त किया। गुरुवर ने अपने आशीर्वचन में कहा जीवन में जो मिला, वह गुरु-कृपा, साधना और माता की अनुकंपा का ही प्रसाद है। भक्तिभाव से किया गया कर्म ही जीवन को सार्थक बनाता है। उनके उद्बोधन ने उपस्थित जनसमूह को गहन आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया।



### गरिमा और भक्तिभाव का अनोखा संगम

पूरे आयोजन में गरिमा और भक्तिभाव का अनोखा संगम दिखाई दिया। न केवल स्थानीय श्रद्धालु, बल्कि अनेक दूरस्थ भक्त भी इस अवसर का भाग बनने पहुंचे। महाआरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया, जिसे ग्रहण कर भक्तों ने धर्मलाभ अर्जित किया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में दण्डी स्वामी डॉ. इन्दुभवानंद तीर्थ जी महाराज, ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज, आचार्य राजेन्द्र शास्त्री, भारत सिंह यादव, अमरीश मिश्रा, बीके नीता पटेल, संदीप जैन, मधु यादव, सच्चिदानंद शेकटकर, संजय ताम्रकार, भावना निगम, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, मनोज सेन समेत अन्य सहित नगर के अनेक वरिष्ठ श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एलएनसीटी महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एलएनसीटी महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक जागरूकता कार्यशाला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स की रोकथाम, उपचार और सामाजिक कलंक को दूर करने की जानकारी फैलाना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं ने एचआईवी/एड्स के वैज्ञानिक पहलुओं और एंटी रेट्रोवायरल थैरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद "एचआईवी से सुरक्षा और एड्स पर विजय" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों को रेड रिबन पिन लगाकर एकजुटता और जागरूकता का संदेश दिया।



# सेवानिवृत्त वैद्यनाथन अय्यर बने नव नियुक्त संभागीय सलाहकार

**जबलपुर।** नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभागीय प्रकोष्ठ कार्यालय का सोमवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। इसी अवसर पर सेवानिवृत्त वैद्यनाथन अय्यर को संभागीय सलाहकार के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों की मांगों जैसे स्थाई कर्मियों की अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरण पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे, जिला अध्यक्ष नरेश कुलेस्ते सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# डॉ. भीमराव आम्बेडकर समिति के चुनाव संपन्न

**जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति का वर्ष 2026 का चुनाव गत दिवस चुनाव अधिकारी प्रशांत बागड़े ने नागार्जुन महाविहार घमापुर में संपन्न कराया। चुनाव में यादवराय मेश्राम अध्यक्ष, जेपी बौद्ध नन्हेट संयोजक, सहसंयोजक दीपक मेश्रा, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेड़े, चन्द्रकला ढोके, सुनीता शेंडे, रेखा बालके, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ उरकुडे, आडिटर विजय धाबर्डे, सांस्कृतिक प्रभारी मीना खापर्डे, अनिता जनबंधु, मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र बौद्ध, देवेन्द्र मडके को बनाया गया। इस अवसर पर सभी उपासक एवं उपासिकाओं ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत कर बधाई दी।



# पूर्व क्षेत्र कंपनी ने मुख्य अभियंता केएल वर्मा को दी भावभीनी विदाई



**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र कंपनी के मुख्य अभियंता के.एल. वर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर कंपनी के प्रबंध संचालक द्वारा एक गरिमामयी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान के.एल. वर्मा को उनके सेवा-काल के सम्मान में शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने उनके अनुशासन, कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम सम्मान और सौहार्द के भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का रिटेल क्रेडिट ऑउटरीच कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को बैंक के गृह ऋण, वाहन ऋण और स्वर्ण ऋण जैसे उत्पादों की जानकारी देना और वित्तीय सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान नए ऋण स्वीकृत किए गए और लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। क्षेत्रीय प्रमुख अविनाश कुमार ने कहा कि बैंक ग्राहकों को सुलभ और किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में ग्राहकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही और बैंक के प्रति विश्वास बढ़ा।



# सेंट मेरीज स्कूल के वार्षिक खेल दिवस में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जबलपुर।** सेंट मेरीज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्हीएफजे में 22 नवंबर 2025 को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ असिस्टेंट कमांडेंट एसएएफ श्रीमती मोनिका तिवारी ने ध्वजारोहण और मशाल प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय के स्पोर्ट्स मिनिस्टर अब्दुल्ला खान ने विद्यार्थियों को खेलों की शपथ दिलाई। वार्षिक खेल दिवस में नर्सरी से लेकर उच्चतर कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजयी खिलाड़ियों को मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों ने बच्चों के उत्साहवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन शाला नायिका की प्रार्थना और राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स और साइंस कॉलेज क्वार्टर फाइनल में

**जबलपुर।** श्रीराम कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित स्व. जय सेन भगत चलित स्मृति ज़िला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। दिन का पहला मैच श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स और गवर्नमेंट कॉलेज बरगी के बीच था, जिसमें श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स को यह मैच बाय मिला। दिन का दूसरा मैच गवर्नमेंट साइंस कॉलेज और गवर्नमेंट कॉलेज पानगर के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए गवर्नमेंट साइंस कॉलेज ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 169 रन बनाये। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज की तरफ़ से प्रखर ने 63 रन बनाये और यह मैच आसानी से जीत लिया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह पावर टीआई मढ़ोताल उपस्थित हुए। श्रीराम कॉलेज के चेयरमेन रामेंद्र करसोलिया, राजुल करसोलिया एवं श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के प्राचार्य भरत सोलंकी उपस्थित हुए। डॉ. रमेश शुक्ला, जुगलकिशोर मेवारी, संजय कुमार, श्रीराम कॉलेज के क्रीड़ाधिकारी हरविंदर सिंह और भानु सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# आरएसएफआई नेशनल रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में जबलपुर के 16 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

**जबलपुर।** 26वीं RSFI नेशनल रोप स्किपिंग जंप रोप चैंपियनशिप 2025 में ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, भेड़ाघाट (जबलपुर) के 16 छात्रों ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया है। 11 वर्ष बालक वर्ग में सूर्यांश, यशवर्धन, अंश और काव्य, जबकि बालिका वर्ग में साधिका, सिमर, यशस्वी, असमी एवं रित्वि ने हिस्सा लिया। 14 वर्ष बालक वर्ग में शुभ वर्धन, शलोक, सुशांत और मिहिर तथा बालिका वर्ग में आर्या और शुभी ने हिस्सा लिया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में आस्था साहू बेहतरीन प्रदर्शन कर कई मेडल जीतकर शहर का नाम रोशन कर रही हैं। कोच रवीना पटेल और शिवानी कुशवाहा के नेतृत्व में गया यह दल मध्यप्रदेश से गया एकमात्र प्रतिनिधिमंडल है, जिसमें सभी खिलाड़ी जबलपुर से हैं। बुसु संघ की सारिका गुप्ता, स्टेमफिल्ड इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल, महाकौशल क्रीड़ा संघ के प्रशांत मिश्रा, खो-खो संघ के संजय यादव और जूडो संघ के आबिद खान ने उम्मीद जताई है कि सभी खिलाड़ी मेडल के साथ लौटेंगे।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## गजरथ महोत्सव : दिनभर चली गर्भ कल्याणक की क्रियायें

# तीर्थंकर प्रकृति के साथ उच्च गोत्र का होता है बंधः आचार्य श्री समयसागर महाराज

**जबलपुर।** आचार्य श्री समयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक (पूर्व रूप) की क्रियायें हुई। जिसके उपरांत दिन भर धार्मिक क्रियायें चलती रहीं। पीत वस्त्रधारी इन्द्र-इन्द्राणी पूजन करने के लिए पंडाल में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। गजरथ महोत्सव में शहर के अलावा आसपास के लिए लोग भी सम्मलित हुए। श्रावक श्रेष्ठी प्रभात जैन एवं तरुण काला (मुंबई) उपस्थित थे। प्रातः 7.30 बजे से पात्र शुद्धि, सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, नांदी विधान, मंगल कलश स्थापना, अभिषेक, शांतिधारा तथा नित्य महापूजन किया गया। इसके उपरांत भक्तों ने आचार्यश्री का पूजन अर्चन किया। आचार्य श्री ने उपस्थित श्रध्दालुओं को उपदेश देते हुए कहा कि प्रति समय अनंत जीव राशि जन्म को प्राप्त हो रहे हैं और अनंत जीव राशि मरण को प्राप्त हो रहे हैं। मरण को प्राप्त हुए बिना जन्म संभव नहीं है। इस जन्म की सार्थकता इसलिए नहीं है क्योंकि यह जीव अनादिकाल से यही जन्म मरण कर रहा है किन्तु आज एक जीव का अवतरण होना है। गर्भ में आने के 6 माह पूर्व से जन्म लेने तक 15 माह प्रतिदिन चार बार कुबेर रत्नों की वृष्टि करता है। एक बार में साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वृष्टि होती है। प्रतिदिन 14 करोड रत्नों की वृष्टि होती है





यह किसका प्रभाव है, सामान्य जीव का प्रभाव नहीं बल्कि तीर्थंकर बनने जा रहा है। उस जीव के उच्च गोत्र की यह महिमा है, उच्च से उच्च गोत्र का प्रभाव देखने में आ रहा है। उच्च गोत्र का बंध उनके कारण होता है जो तीर्थंकर बनते हैं वे सोलह कारण भावना को भाकर तीर्थंकर प्रकृति का बंध करते है। तीर्थंकर प्रकृति के साथ उच्च गोत्र का बंध होता है। सभी देव इन्द्र का पुण्य एक तरफ और तीर्थंकर का पुण्य विशेष होता है। तीर्थंकर पद उन्हीं को मिलता है जो रत्नात्रय की आराधना में रत रहते हैं। द्वितीय चरण में भगवान का अभिषेक, शांति धारा,पूजन एवं याग मण्डल विधान आयोजित किया गया।

### रात्रि में आयोजन

रात्रि 8 बजे सौधर्म इंद्र के द्वारा सभा बुलाई गई, जिसमें गजरथ के सभी पात्रों ने तत्वचर्चा की। भगवान के गर्म में आने के पूर्व के संकेतों के तहत धनपति कुबेर द्वारा रत्नों की वृष्टी की गई एवं भगवान की माता मरुदेवी के सोलह स्वप्नों का मंचन हुआ एवं गर्भ कल्याणक की आंतरिक क्रियायें सम्पन्न हुईं।

### सुबह से लगे सैकड़ों चौके

आचार्यश्री मुनिसंघ एवं आर्यिक संघ के लिए की आहार चर्या के लिए प्रातः 9 बजे से भक्त पिसनहारी तीर्थ में एकत्रित थे, जो कि आचार्यश्री,मुनिसंघ और आर्यिक संघ को निवेदन मुद्रा में आहार के लिए आमंत्रित कर रहे थे। जिनके यहाँ आचार्यश्री, मुनि महाराज और आर्यिक माताजी के आहार हुए वह खुशी से उत्सव मनाते रहे। धार्मिक अनुष्ठान की क्रियायें बाल ब्रह्मचारी विनय भैया (बंडा) ने सम्पन्न कराई। संचालन अमित पड़रिया ने किया।

### आचार्य श्री का पिच्छका परिवर्तन आज

जबलपुर। आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के ससंघ पुरानी चरहाई स्थित आचार्य श्री विद्यासागर सभाभवन में चातुर्मास के निष्ठापन के उपरांत आज मंगलवार को पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के लिए दद्दा ग्राउंड पिसनहारी के सामने बनाये गए भव्य पंडाल में पिच्छका परिवर्तन समारोह आज दोपहर 2 बजे से आयोजित है। आचार्य श्री ने अपने 13 मुनि, 9 क्षुल्लक एवं ब्रम्हचारियों के साथ आचार्य श्री ने कार्तिकेयनुपेक्षा ग्रंथ की वाचना की तथा जैन धर्माबलंबियों ने इससे बहुत धर्म लाभ लिया। चातुर्मास के दौरान आचार्य श्री के गृहस्थ जीवन की भाभी एवं अन्य परिजनों ने आचार्य श्री की जन्मस्थली सदलगा कर्नाटक से जबलपुर पहुंचकर आचार्य श्री के दर्शन किए तथा पाद प्रक्षालन किया। सकल जैन समाज से उपस्थिति की अपील की है।



## भारतीय किसान संघ ने भूमि अधिग्रहण और लैंड पुलिंग कानून पर जताई गंभीर चिंता

जबलपुर। विकास परियोजनाओं के नाम पर देशभर में हो रहे भूमि अधिग्रहण से किसानों को हो रहे नुकसान पर भारतीय किसान संघ ने चिंता व्यक्त की है। इसी विषय पर राजस्थान के उदयपुर में भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के बैनर तले दो दिवसीय अखिल भारतीय संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें 12 राज्यों के किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में 1894 के पुराने अंग्रेजी भूमि अधिग्रहण कानून और 2013 के नए कानून में राज्यों द्वारा किए गए मनमाने संशोधनों से किसानों को हो रही समस्याओं पर चर्चा हुई। अध्ययन में सामने आया कि किसानों को समय पर मुआवजा नहीं मिलता, पुनर्वास कागजों तक सीमित है और अधिग्रहण के बाद बची भूमि अक्सर अनुपयोगी हो जाती है, जिसका कोई मुआवजा प्रावधान नहीं है। किसान संघ ने कहा कि लैंड पुलिंग एक्ट जैसे कानून किसानों को भ्रमित कर सहमति लेने का माध्यम बन गए हैं, जिनमें अधिकारियों के दुरुपयोग को रोकने की व्यवस्था भी नहीं है। न्यायपालिका से राहत मिलती है, पर अधिकांश किसान लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं होते। बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, BAERC अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, भारतीय अधिवक्ता परिषद के प्रतिनिधि सहित विभिन्न राज्यों के किसान नेता मौजूद रहे। संगोष्ठी में केंद्र सरकार को 15 सूत्रीय सुझाव भेजने का निर्णय लिया गया।

## शीतकालीन सत्र में विधायक पाण्डेय ने युवाओं के कौशल प्रशिक्षण और रोजगार पर उठाए सवाल



जबलपुर। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने महाकौशल क्षेत्र, विशेषकर जबलपुर के युवाओं के कौशल विकास और रोजगार अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने आश्वासन दिया कि जबलपुर के युवाओं के लिए प्रशिक्षण सीटें बढ़ाई जाएँगी और आगामी वित्तीय वर्ष में रोजगार उन्मुख योजनाओं को और मजबूत किया जाएगा। विभाग अब तक प्रदेश में 47,856 और जबलपुर में 1,832 युवाओं को प्रशिक्षण दे चुका है। खेल सुविधाओं के उन्नयन के प्रश्न पर खेल मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि पिछले दो वर्षों में जबलपुर के 309 खिलाड़ी खेलवृत्ति से लाभान्वित हुए हैं। रानी दुर्गावती खेल परिसर में हॉकी और सिंथेटिक टर्फ के पुनर्स्थापन का प्रस्ताव तैयार है। तकनीकी शिक्षा से जुड़े सवाल पर मंत्री इंदर सिंह परमार ने जानकारी दी कि जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में 2021 से AI, डेटा साइंस और मेक्ट्रोनिक्स के पाठ्यक्रम संचालित हैं, जो अखिल भारतीय तकनीकी परिषद के मानकों के अनुरूप हैं।

## तहसीलदार के नेतृत्व में अतिक्रमण के विरुद्ध की गई बड़ी कार्रवाई



**बरेला** तहसील अंतर्गत ग्राम हिनोतिया में शासकीय भूमि में किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध राजस्व,पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। अतिरिक्त तहसीलदार शशांक दुबे के नेतृत्व में बरेला तहसील अंतर्गत ग्राम हिनोतिया शासकीय भूमि ख़सरा नंबर 523,524,525 रकबा कुल 2.28 हेक्टर भूमि से अतिक्रमणकरियो को बेदखल करने की कार्यवाही की गई। उल्लिखित है कि विगत कई दिनों से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिनका त्वरित संज्ञान लेते हुए तहसीलदार द्वारा यह कार्यवाही की गई एवम शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त करायी गई। अतिक्रमण मुक्त कराए गई भूमि का मूल्य लगभग 68 लाख रुपये है । उक्त कार्यवाही में बरेला थाना प्रभारी अनिल पटेल, बरगी थाना प्रभारी सरिता पटेल सहित पुलिस के कर्मचारी मौजूद रहे साथ ही राजस्व निरीक्षक सुधीर सोनी, पटवारी श्रीमती पूनम गर्ग, पंकज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**मझौली।** सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीमती अनुसुइया मिश्रा (संयोजिका) एवं श्रीमती दिव्या राजपूत (सह संयोजिका) के मार्गदर्शन में सोमवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं और पालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता दिखाई।



## श्रमजीवी पत्रकार परिषद के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2085 ग्रामीणों की हुई जांच

**जबलपुर।** ग्राम मटामर स्थित लक्ष्मी रिसोर्ट में लक्ष्मी ट्रस्ट ऑफ इंडिया एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आसपास के लगभग 10 गांवों के 2085 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में जनरल फिज़िशियन, स्त्री रोग, हड्डी, नाक-कान-गला, दंत, नेत्र, किडनी सहित कई विभागों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। नेत्र रोगियों के लिए दादा वीरेंद्र पुरी जी नेत्र चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों ने डॉक्टरों और अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने तथा आभार पंकज डे ने व्यक्त किया। अंत में सभी मरीजों के लिए भोजन और उनके गंतव्य तक पहुँचाने की व्यवस्था भी की गई।




## खरीदी केंद्र में प्रारंभ नहीं हुई धान की खरीदी




**बरेला।** शासन द्वारा किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर हर वर्ष खरीदी की जाती है। इस वर्ष भी शासन द्वारा धान खरीदी केंद्र के लिए पूरवा स्थित वेयरहाउस को बरेला एवं पड़वार क्षेत्र के किसानों की खरीदी के लिए चयनित किया गया है। किंतु शासन द्वारा घोषित तिथि पर वेयरहाउस में बार दाने सहित अन्य सामग्री ना पहुंचने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय किसानों ने बताया कि शासन द्वारा पूरवा स्थित ठाकुर वेयरहाउस में सहकारी समिति पिंडरई का उपकेंद्र बनाया गया है। यहां पर बरेला और पड़वार समिति में पंजीकृत सैकड़ों किसानों से धान की खरीद की जावेगी किंतु निर्धारित तिथि तक इस वेयरहाउस में अभी तक कोई भी सामग्रीनहीं पहुंचीहैं और समिति द्वारा भी यहां पर कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि एक तो इस वर्ष शासन द्वारा वैसे ही खरीदी में देरी की जा रही है किंतु इसके बावजूद भी निर्धारित तिथि पर भी केंद्र में कोई व्यवस्थाएं नहीं की गई है जिसकी वजह से किसानों को व्यापारियों को ओने पौनेदामों पर धान बेचने विवश होना पड़ रहा है ।इस संबंध में सहकारी समिति के प्रबंधक अनिल सेन से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया, वहीं दूसरी ओर वेयरहाउस संचालक अमित सिंह ठाकुर का कहना है कि खरीदी के लिए वेयरहाउस पूर्णता तैयार है तथा आज भी वेयरहाउस खोला गया था किंतु खरीदी के लिए कोई भी समिति कर्मचारी नहीं आया।

## सिंचाई के लिए रात में बिजली देने के विरोध में भारत कृषक समाज का प्रदर्शन



**पाटन।** सिंचाई के लिए रात में बिजली सप्लाई से परेशान किसानों ने भारत कृषक समाज के नेतृत्व में सोमवार दोपहर बिजली मंडल कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि ठंड के मौसम में रात में सिंचाई करना मुश्किल है, इसलिए बिजली दिन में देने की व्यवस्था की जाए। किसानों और कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था नहीं बदली, तो विद्युत मंडल कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी और जबलपुर–पाटन रोड जाम किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अधिकारी रात में बिजली देंगे, तो उन्हें ड्यूटी भी रात में ही करनी होगी, नहीं तो दिन में उन्हें ऑफिस में बैठने नहीं दिया जाएगा। प्रदर्शन में संजय जैन, राजेंद्र सिंह, तान सिंह ठाकुर, महेश दुबे सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। विद्युत मंडल के असिस्टेंट इंजीनियर ने बताया कि किसानों का ज्ञापन उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई उसी आधार पर होगी।

## सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की मौत



**सिहोरा।** राष्ट्रीय राज मार्ग में वाहनो की जांच के लिये बनाये गये कथित आरटीओ के जांच नाका के पास सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की मौत हो गई। घटना के सन्दर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 3-4 बजे के करीब वाहन क्रमांक यूपी 70 एन टी 7216 के चालक अवधेश कुशवाहा निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश की अन्य वाहन से सीधी टक्कर हो जाने के कारण मौत हो गई । ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिहारी पटेल एंव कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव पार्षद राजेश चौबे के साथ अनेक कार्यकर्ताओं ने सिहोरा थाना प्रभारी एंव अनुविभागीय अधिकारी को कलेक्टर जबलपुर के नाम ज्ञापन सौपकर कथित अवैध वसूली के लिए लगाये गये आर टी ओ जांच नाका बंद कराते हुए घटना स्थल की सुक्ष्म जांच कर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। विदित हो सिहोरा मनसकरा फोरलेन नेशनल हाईवे नम्बर 30 बायपास में लंबे समय से आर.टी.ओ.चैकिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जो रात्रि में 2 से 3 बजे के बीच भी की जाती है इसमें पुलिस जवानों की जगह प्राइवेट में रखे लोगों को जाकेट पहनाकर वसूली कराई जा रही है अतः इनके ऊपर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ अवैध वसूली तत्काल प्रभाव से बंद कराई जाए अन्यथा आमजन के साथ समस्त कांग्रेस जन संघर्ष हेतु बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अमोल चौरसिया,बाबा कुरैशी,सुरेन्द्र मिश्रा,के के कुररिया, घनश्याम बडगैया,आलोक पांडे,डब्बू पाठक,मनीष शुक्ला,ललित दुबे, फैजआलम शाह,शेख साबिर,लालबहादुर पाठक, दिलीप जैन,शमशेर खान आदि उपस्थित थे।




**श्री श्रवण कुमार भौरेल–** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री मुलचंद भौरेल के पुत्र श्री श्रवण कुमार भौरेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शीला बाई काले–** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री बाबू लाल काले की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बाई काले (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई रजक–** बापू नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री शंकर लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई रजक (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मेवा लाल शर्मा–** राम नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री मेवा लाल शर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना जोशी–** कैलाशपुर गुप्तेश्वर निवासी श्री श्री राजू जोशी की धर्मपत्नी श्रीमती मीना जोशी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमलेश श्रीवास्तव–** भरतीपुर निवासी श्री गुलजारी लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश श्रीवास्तव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय चौधरी–** बेलबाग चौधरी मोहल्ला निवासी श्री भगवान दास चौधरी के पुत्र श्री विजय चौधरी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गंगी बाई पटेल–** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री मंगल प्रसाद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती गंगी बाई पटेल (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मूलचंद भाटिया–** महानद्दा रोड चिंतामन कॉलोनी निवासी श्री मूलचंद भाटिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रिषीकेश नेमा–** रानीताल गढ़ा रोड निवासी श्री रिषीकेश नेमा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज कुमार चौधरी–** बड़ी मदार टेकरी सिंधी कैंप रोड निवासी श्री गुलाब चौधरी के पुत्र श्री मनोज कुमार चौधरी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद कनौजिया–** रिज रोड बाजार कैंट निवासी श्री नारायण प्रसाद कनौजिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जयंती पाटिल–** गौरीघाट सब्जी मंडी के पास निवासी श्री सहदेव पाटिल की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती पाटिल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती फगनू बाई ठाकुर–** घाना सोनपुर रोड निवासी श्री सुंदर सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती फगनू बाई ठाकुर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# एक लाख तक की धनराशि पर सभी बैंक समान ब्याज देंगे, अधिक पर अलग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- एक लाख से अधिक धनराशि खाते में होने पर अलग-अलग ब्याज दर लागू कर सकते हैं

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देशभर के व्यावसायिक बैंकों के लिए जमा खाता की ब्याज दर से जुड़े नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत बचत खाते में एक लाख रुपए तक की धनराशि पर सभी बैंक एक समान दर से ब्याज देंगे।

एक लाख रुपए से अधिक की धनराशि खाते में होने पर अलग-अलग ब्याज दर लागू कर सकते हैं। मौजूदा नियमों के हिसाब से बैंक बचत खाते में जमा धनराशि पर अलग-अलग दर से ब्याज देते हैं, लेकिन अब आरबीआई ने उसे दो हिस्सों में बांट कर ब्याज निर्धारित करने का निर्देश दिया है। ब्याज हर दिन के अंत के खाते में जमा रकम के हिसाब से लगेगा। बैंकों को ब्याज तीन महीने में एक बार खाते में जमा कराना होगा। आरबीआई ने कहा कि इन नियमों का उद्देश्य ग्राहक हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता और बैंकिंग व्यवस्था में एकरूपता लाना है।

## रिजर्व बैंक का एफडी, जमा खातों पर ब्याज दरों को लेकर निर्देश जारी, नियम भी बदले

**जितने दिन बैंक में पैसा रहेगा उतने दिन का ब्याज मिलेगा**
*नए नियमों में न्यूनतम अवधि पूरी होने पर एफडी तोड़ी जाती है तो बैंक आपको वही ब्याज देगा, जो उस अवधि के लिए लागू है। यानी जितने समय तक पैसा बैंक में रहा, इस अवधि का ही ब्याज मिलेगा। पहले से तय की गई ऊंची ब्याज दर लागू नहीं होगी। यही नहीं, नए नियमों में यह भी जोड़ा गया है कि अगर किसी एफडी की मेच्योरिटी पीरियड गैर-कारोबारी दिन पर पड़ती है, तो ग्राहक को उस दिन का भी ब्याज मिलेगा और बैंक अगले कार्यदिवस को भुगतान करेगा।*

**बैंकों को स्पष्ट करने होंगे नियम :** *नए नियमों के अनुसार, अब बैंकों को एफडी से जुड़े सभी नियम ग्राहकों को पहले से स्पष्ट रूप से बताने होंगे। मसलन, एफडी की न्यूनतम अवधि की सीमा कितनी है। यदि इससे पहले एफडी तोड़ने हैं तो कितना जुर्माना लगेगा। जुर्माना की रकम बैंक खुद तय कर सकते हैं।*



**बैंक यह नहीं कर सकेंगे :** *आरबीआई ने नए नियमों के तहत स्पष्ट किया है कि जमा कराने पर लॉटरी, इनाम, विदेश यात्रा जैसी स्कीम नहीं दे सकेंगे। जमा के बदले किसी एजेंट को अवैध कमीशन नहीं दे सकेंगे। सिर्फ कंपाउंड ब्याज दिखाकर भ्रामक विज्ञापन भी नहीं करेंगे। कुछ संस्थाओं और राजनीतिक पार्टियों को सेविंग अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं।*

**सभी शाखाओं में एक जैसी दरें :** *सभी शाखाओं में एफडी की दरें एक ही तरह की लागू होंगी। ग्राहकों और बैंक के बीच ब्याज दर पर कोई मोलभाव नहीं होगा। हालांकि, बड़े जमा यानी तीन करोड़ रुपए या उससे अधिक की एफडी पर अलग ब्याज दरें लागू हो सकती हैं।*

### न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर ब्याज नहीं

आरबीआई ने बचत, चालू बैंक खाते समेत सावधि जमा (एफडी) और ओवरड्यू एफडी समेत अन्य नियमों में कई अहम बदलाव किए हैं। इसके मुताबिक, बैंक द्वारा तय न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। आरबीआई ने एफडी की न्यूनतम मानक अवधि सात दिन की है, लेकिन बैंक अपने मुताबिक इसे अधिक न्यूनतम अवधि तय कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मारुति के नवंबर बिक्री में 26 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की नवंबर में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 2,29,021 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,81,531 वाहन बेचे थे। घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 1,70,971 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,41,312 इकाई थी।

### किआ इंडिया की बिक्री में 24 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की नवंबर में बिक्री सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 25,489 इकाई हो गई। कंपनी ने नवंबर, 2024 में 20,600 इकाइयां बेची थीं। किआ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल सूद ने बयान में कहा, '' नवंबर में अब तक का हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भारतीय उपभोक्ताओं के बीच किआ को लेकर बढ़ते आकर्षण का प्रमाण है।

### टोयोटा की बिक्री सालाना आधार पर 19 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की थोक बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 30,085 इकाई हो गई। कंपनी ने नवंबर 2024 में 25,182 इकाइयां बेची थीं। सरकार के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े सुधारों से त्योहारों के दौरान अच्छी बिक्री के दम पर हम 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत गति देख रहे हैं।

### हुंडई मोटर की नवंबर में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया ने सोमवार को बताया कि इस साल नवंबर में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 66,840 इकाई हो गई। पिछले साल नवंबर में कंपनी ने अपने डीलरों को 61,252 इकाइयां भेजी थीं।कंपनी की बिक्री घरेलू बाजार में 50,340 इकाई रही, जबकि नवंबर, 2024 में यह आंकड़ा 48,246 इकाई था।

### महिंद्रा की वाहन बिक्री नवंबर में 19 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की नवंबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 92,670 इकाई हो गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बयान में कहा कि यात्री वाहन खंड में कंपनी ने घरेलू बाजार में 56,336 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 46,222 वाहनों की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है।

### बजाज ऑटो की दोपहिया बिक्री एक प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की नवंबर में घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 2,02,510 इकाई रह गई। नवंबर 2024 में यह 2,03,611 इकाई थी। निर्यात सहित वाहनों की कुल थोक बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 4,53,273 इकाई हो गई। पिछले साल नवंबर में 4,21,640 वाहन बेचे गए थे। कुल घरेलू बिक्री नवंबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 2,47,516 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में 2,40,854 वाहन बिके थे।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किए आंकड़े

# औद्योगिक उत्पादन अक्टूबर में 0.4 फीसदी बढ़ा, 13 महीने का निचला स्तर

- आईआईपी की वृद्धि दर सालाना आधार पर घटी
- विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.8 प्रतिशत पर आ गई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से अक्टूबर महीने में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि सुस्त पड़कर 13 महीनों के निचले स्तर 0.4 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि दर सालाना आधार पर घटी है। एक साल पहले की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 3.7 प्रतिशत बढ़ा था।

आईआईपी का पिछला निचला स्तर सितंबर, 2024 में दर्ज किया गया था जब यह स्थिर रहा था। इसके साथ ही एनएसओ ने सितंबर, 2025 के आंकड़ों को संशोधित करते हुए वृद्धि दर को चार प्रतिशत से बढ़ाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.8 प्रतिशत पर आ गई, जबकि साल भर पहले यह 4.4 प्रतिशत रही थी।

### पूंजीगत उत्पाद खंड में हुई वृद्धि

विनिर्माण क्षेत्र में शामिल 23 में से नौ उद्योग खंडों ने अक्टूबर महीने में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2.9 प्रतिशत थी।

### टिकाऊ उपभोक्ता खंड में आई गिरावट

टिकाऊ उपभोक्ता खंड में आलोच्य माह के दौरान 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। अक्टूबर, 2025 में गैर-टिकाऊ उपभोक्ता खंड में उत्पादन 4.4 प्रतिशत गिर गया जबकि एक साल पहले इसमें 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।



**प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन घटा :** *ढांचागत क्षेत्र/ निर्माण उत्पादों के खंड में उत्पादन बढ़कर 7.1 प्रतिशत हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में 4.7 प्रतिशत बढ़ोतरी रही थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन अक्टूबर माह में 0.6 प्रतिशत घटा है जबकि एक साल पहले यह 2.5 प्रतिशत बढ़ा था।*

### खनन क्षेत्र में 1.8 फीसदी की गिरावट

आलोच्य महीने में खनन क्षेत्र के उत्पादन में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। इस दौरान बिजली उत्पादन में भी 6.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि पिछले साल यह दो प्रतिशत बढ़ा था। इसके साथ वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) में देश के औद्योगिक उत्पादन में कुल 2.7 प्रतिशत प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह चार प्रतिशत थी।

### पीएमआई नौ महीने के निचले स्तर पर

*भारत की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां नवंबर में नौ महीने के निचले स्तर पर आ गईं। चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों की खबरों के बीच बिक्री एवं उत्पादन में धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्टूबर के 59.2 से नवंबर में 56.6 पर आ गया।*

### नए निर्यात आर्डर कम गति से बढ़े

*इसमें कहा गया कि कंपनियों ने हालांकि सुझाव दिया कि अंतरराष्ट्रीय बिक्री का रुझान अनुकूल बना हुआ है जो अफ्रीका, एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में ग्राहकों को अधिक बिक्री को दर्शाता है। दूसरी ओर समग्र वृद्धि की गति में मामूली गिरावट आई है। नये निर्यात ऑर्डर औसतन एक वर्ष से अधिक समय में सबसे कम गति से बढ़े हैं।*

### अमेरिकी शुल्क के कारण विनिर्माण विस्तार धीमा रहा

*यह फरवरी के बाद से परिचालन स्थितियों में सबसे धीमी गति का संकेत देता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' नवंबर के पीएमआई आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि अमेरिकी शुल्क के कारण विनिर्माण विस्तार धीमा हुआ है।''*

# कमजोर डॉलर से सोना 3,040 रुपए उछला और चांदी 5,800 रुपए चढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना मजबूत वैश्विक संकेत से बढ़कर 1.33 लाख प्रति 10 ग्राम
- चांदी पांचवें दिन चढ़कर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई

मजबूत वैश्विक रुख और कमजोर डॉलर के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 3,040 रुपये उछलकर 1,33,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

शादियों के मौसम के बीच आभूषणों की सतत मांग के कारण कीमती धातु को समर्थन मिला। इस दौरान 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,040 रुपये बढ़कर 1,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। व्यापारियों ने कहा कि सोना अब अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (99.9 प्रतिशत शुद्धता) और 1,34,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (99.5 प्रतिशत शुद्धता) के करीब पहुंच रहा है। ''सोने ने पिछले हफ्ते की तेजी को आगे बढ़ाया, जिसे डॉलर के कमजोर होने, अगले हफ्ते फेडरल रिजर्व के द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों, बड़े बैंकों के अच्छे अनुमानों और सेंट्रल बैंक की लगातार मजबूत खरीदारी से समर्थन मिला, ये सभी बाजार को ऊपर ले जाने में मदद कर रहे हैं।

### सोना साल के शुरू से अब तक 63.6 फीसदी बढ़ा

साल की शुरुआत से सोने की कीमत 63.6 प्रतिशत बढ़ गई है। लगातार छठे दिन बढ़ते हुए, हाजिर चांदी दो प्रतिशत बढ़कर वैश्विक बाजारों में 57.85 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। पिछले हफ्ते चांदी 15.7 प्रतिशत उछली और 2025 में अब तक दोगुनी गई गई।

### चांदी की कीमत सिर्फ 11 महीने में दोगुनी हुई

ऑगमोंट में शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, ''चांदी की कीमत सिर्फ 11 महीनों में लगभग दोगुनी हो गई है और सोने से ज्यादा बढ़ी है, भले ही वर्ष 2025 में सोना सबसे लोकप्रिय जिंस था।''

### रुपया आठ पैसे टूटकर 89.53 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 89.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ। गिरावट का कारण डॉलर की मजबूत बाजार मांग है। बढ़ते व्यापार घाटे, भारत-अमेरिकी व्यापार सौदे में देरी और केन्द्रीय बैंक के सीमित दखल की वजह से है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 89.45 पर खुला, फिर अपनी पकड़ खो दी और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 89.79 (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 34 पैसे की गिरावट है।

# सरकार बैंक ऑफ महाराष्ट्र में छह प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) में बिक्री पेशकश के जरिये छह प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचेगी। यह बिक्री मंगलवार से शुरू होगी। मौजूदा बाजार भाव पर, सरकार बैंक में छह प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचकर लगभग 2,600 करोड़ रुपये जुटा पाएगी। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपक) के सचिव अरुणीश चावला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) में गैर-खुदरा निवेशकों के लिए बिक्री पेशकश कल (मंगलवार) खुलेगी। खुदरा निवेशक बुधवार को बोली लगा सकते हैं। सरकार पांच प्रतिशत इक्विटी का विनिवेश करने की पेशकश कर रही है। साथ ही अतिरिक्त बोली आने पर एक प्रतिशत की बोली रखने का विकल्प रखा है।''

पुणे के इस बैंक में सरकार की वर्तमान में 79.60 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हिस्सेदारी कम करने के साथ, बैंक 25 प्रतिशत की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंड को पूरा करने में सक्षम होगा। क्योंकि इससे सरकारी हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से कम हो जाएगी। यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियमों के अनुरूप है।इसके अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों सहित सभी सूचीबद्ध इकाइयों में न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता अनिवार्य है। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सीपीएसई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों को अगस्त, 2026 तक छूट दी है।

# डीजल की खपत नवंबर में रही उच्च स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाहनों में सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाले ईंधन डीजल की खपत नवंबर में छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

पेट्रोलियम उद्योग के प्रारंभिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में डीजल की बिक्री 4.7 प्रतिशत बढ़कर 85.5 लाख टन हो गई जो मई, 2025 के बाद का सर्वाधिक आंकड़ा है। डीजल देश में माल ढुलाई का आधार है और मानसून के दौरान मांग घटने के बाद अक्टूबर में 67.9 लाख टन की बिक्री के साथ मांग में धीरे-धीरे सुधार आया। यह सिलसिला नवंबर माह में भी कायम रहा। मौसमी प्रभाव और त्योहारी मांग के कारण नवंबर में ट्रकों के परिवहन और घरेलू गतिविधियों में वृद्धि ने डीजल खपत को और बढ़ा दिया। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में डीजल बिक्री 2.76 प्रतिशत बढ़कर 6.18 करोड़ टन रही। नवंबर में पेट्रोल की खपत भी 2.19 प्रतिशत बढ़कर 35 लाख टन हो गई। इस तरह अप्रैल-नवंबर, 2025 के दौरान पेट्रोल की मांग 6.25 प्रतिशत बढ़कर 2.83 करोड़ टन रही।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र./उ.वि./2025-26/PRO-591 **प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 01/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_46551_1 | उद्यान विभाग अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में चैनलिंक फेंसिंग का कार्य। | 6 Month 31,84,104=00 | 23,900=00 5,000=00 | 02/01/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

उद्यान अधिकारी
नगर पालिक निगम जबलपुर

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला - शहडोल (म.प्र.)

जिला चिकित्सालय परिसर, कलेक्टर कार्यालय के पास, जयस्तंभ चौक, शहडोल (म. प्र.) 484001

क्र./निविदा/2025/9570 **निविदा सूचना** दिनांक : 28/11/25

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, शहडोल द्वारा शहडोल जिला अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ-सफाई कार्य हेतु आउटसोर्स एजेन्सी के द्वारा ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की शर्तें / प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट www.mptenders.gov.in से निविदा राशि जमा कर डाउनलोड की जा सकती है। वांछित दस्तावेज लिफाफा क्र. ए में तथा प्राइस बिड लिफाफा क्र. बी में तथा लिफाफा क्र. ए एवं बी दोनों लिफाफे को एक अन्य लिफाफे में रखकर निर्धारित दिनांक तक जमा करना अनिवार्य है। दरें ऑनलाइन निर्धारित प्रारूप में प्रविष्ट कराई जावे। निविदा संबंधी तिथियाँ निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| Date of Publish | Date :- 08.12.2025 Time :- 10.30 am |
| Tender Document Download Start Date | Date :- 08.12.2025 Time :- 12.00 pm |
| Tender Document Submission Start Date | Date :- 10.12.2025 Time :- 10.30 am |
| Pre-Bid Meeting Date | Date :- 11.12.2025 Time :- 03.00 pm |
| Tender Document Submission End Date (Online) | Date :- 29.12.2025 Time :- 05.30 pm |
| Tender Document Submission End Date (Offline) | Date :- 30.12.2025 Time :- 05.30 pm |
| Time and Date of Opening Technical Tender | Date :- 02.01.2026 Time :- 05.00 pm |
| Online Tender Document Fee | Rs.2000/- (Rupees Two Thousand Only) |
| Online EMD Amount | Rs.100000/- (Rupees One Lakh Only) |

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला - शहडोल (म.प्र.)

G-22192/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस :- आशा दिलपसंद इंपीरियल "अपर ग्राउंड फ्लोर", नगर निगम नं. 6/3 साउथ तुकोगंज, गली नं. 1, हाई कोर्ट की मुख्य सड़क, एमजी रोड, साउथ तुकोगंज, इंदौर (म.प्र.)
फोन 0731-4235259 Mob: 9039059605, Website: www.lichousing.com

**परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120400026044 120400027780 | श्री परमजीत सिंह डांग, सुश्री गुरप्रीत कौर बग्गा, श्री कमलजीत सिंह डांग, सुश्री बलवंत कौर, मेसर्स संत एसोसिएट प्लॉट नं. 363–डी, वार्ड नं. 04, योजना नं. 07, यातायात नगर, तहसील हुजूर, जिला रीवा, मध्य प्रदेश। | प्लॉट नंबर 363–डी, वार्ड नंबर 04, योजना नंबर 07, यातायात नगर, तहसील हुजूर, जिला रीवा, मध्य प्रदेश प्लॉट एरिया:– 916.50 वर्ग मीटर सांकेतिक कब्जा | 09/04/2025 01/12/2025 | 4,09,60,113.61 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 02.12.2025
स्थान : इंदौर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

## हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुर्ननिर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर / सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/JBR/KTNI/A000000203 & MP/JBR/KTNI/A000000260 श्री सुनील तिवारी श्रीमती सुषमा तिवारी | 30-08-2025 Rs. 21,15,279/- | मौजा- घुरपुरा, इंद्रा गांधी वार्ड क्रमांक 20, यूनिट क्रमांक 3, पी.सी. क्रमांक 43, आरसीआई- मैहर, तहसील-मैहर जिला- सतना म.प्र. खसरा क्रमांक 19/2/1/2 एवं खसरा क्रमांक 20/2/2 कुल क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट.. 111.52 वर्ग मीटर. क्षेत्रफल माप- कुल क्षेत्रफल -1200 वर्ग फीट. सीमांकित - पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: सड़क, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि | 26/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/STNA/A000000089 श्री दिनेश कुमार सोंधिया श्रीमती मंजू सोंधिया | 11-09-2025 Rs. 3,21,790/- | आराजी संख्या 258/2/10 मौजा शुका वार्ड संख्या 09 पी.एच. संख्या 52 ब्लॉक सोहवाल सर्किल सतना प्रथम तहसील रघुराज नगर जिला सतना म.प्र. कुल क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फीट सीमा - पूर्व: संगीता का मकान, पश्चिम: संतोष वर्मा का प्लॉट, उत्तर: श्री ललन सिंह की आराजी, दक्षिण: रोड | 28/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000277 श्री बृजेन्द्र सिंह श्रीमती शुशीला सिंह | 11-09-2025 Rs. 16,85,343/- | समस्त संपत्ति मौजा मैदानी जन संख्या 535, पी.एच. संख्या 25, करहिया, आरएनएम, रीवा, खसरा संख्या 345/1, मैदानी, तहसील हुजूर, जिला रीवा, मध्य प्रदेश में स्थित है। कुल क्षेत्रफल- 2400 वर्ग फीट। सीमा इस प्रकार है - पूर्व: 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: गुड्डू सिंह की भूमि, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: निर्मला सिंह का प्लॉट। | 29/11/2025 Symbolic |
| MP/KTN/SHDL/A000000033 श्री सौरभ कटारे श्रीमती सुनीता कटारे श्रीमती प्रतिभा कटारे श्रीमती शिवाली कटारे | 08-09-2025 Rs.18,99,573/- | वार्ड नंबर 26 तहसील सोहागपुर शहडोल एमपी खसरा नंबर 193, शहडोल, परमट के पास, ग्रामीण, शहडोल, मध्य प्रदेश भारत - 484001, कुल क्षेत्रफल - 1539 वर्ग फुट सीमा - पूर्व: चन्द्रशेखर कटारे का घर, पश्चिम: मुख्य सड़क, उत्तर: चन्द्रशेखर कटारे का घर, दक्षिण: चन्द्रशेखर कटारे की शेष भूमि | 29/11/2025 Symbolic |
| MP/KTN/SHDL/A000000212 विजय कुमार, लीलावती बाई, दीपक लाल | 08-09-2025 Rs. 30,74,685/- | मौजा बलपुरवा जे एन 662 वार्ड नं 32 पी.एच.नं. 76 तह सोहागपुर जिला शहडोल 484001 सर्वे नं. 145/16/1 शहरी, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत- 484001 कुल क्षेत्रफल- 2800 वर्ग फीट सीमांत - पूर्व: शर्मा जी की भूमि, पश्चिम: अन्य भूमि, उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: सड़क 35 फीट चौड़ी | 29/11/2025 Symbolic |
| MP/REW/SIDI/A000000003 श्री बृजेन्द्र सिंह परिहार श्रीमती सुमन सिंह श्रीमती सुनीता बाई | 11-09-2025 Rs. 9,96,222/- | मौजा ग्राम करौंदिया उत्तर टोला वार्ड नंबर 10 सीधी तहसील गोपद बनास जिला सीधी खसरा नंबर 120/1 शहरी, सीधी, मध्य प्रदेश, भारत - 486661 कुल क्षेत्रफल - 2000 वर्ग फुट सीमा - पूर्व: सड़क 10 फीट चौड़ी, पश्चिम: संगीता मिश्रा का प्लॉट, उत्तर: पंडित जी का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट | 29/11/2025 Symbolic |

**वैधानिक नोटिस उधारकर्ताओं / जमानतदार**

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा ( बयाज ) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Divyank Shrivastava - 8318225992

दिनांक - 02/12/2025

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

## चिंतन

# देश के विकास के लिए संसद चलने दे विपक्ष

देशहित के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है, क्योंकि संसद कानून बनाने, राष्ट्रीय नीतियों पर चर्चा करने और सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए सर्वोच्च मंच है। इसके सुचारू रूप से चलने से ही देश को प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है, लोगों की ज़रूरतों और चिंताओं को समझा जा सकता है। संसद में आमजन के लिए कानून परित किए जाते हैं, तभी एक विकसित देश की कल्पना साकार होती है। लेकिन देखने में आ रहा है कि विपक्ष हर बार संसद में हंगामा कर समय खराब कर देता है। इससे न सिर्फ देशहित, बल्कि आमजन के मुद्दे भी गौण हो जाते हैं। कानून पारित नहीं हो पाते हैं, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ता है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष ने पहले ही दिन एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। संसद को नहीं चलने दिया। 19 दिसंबर तक चलने वाले कुल 15 बैठकों वाले इस सत्र में केंद्र सरकार संभवतः 14 बड़े विधेयक पेश करने जा रही है, जिन पर सरकार पूर्ण बहुमत के साथ पारित करवाने पर जोर देगी। इसमें असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने से लेकर कॉर्पोरेट और बीमा कानूनों में बदलाव तक कई अहम प्रस्ताव शामिल हैं। इन सभी का लाभ लोगों को मिलना है। अगर विपक्षी दल ऐसे ही हंगामा करते रहे तो ये बिल कैसे संसद में पेश हो पाएंगे और लोगों को कैसे इसका लाभ मिल पाएगा। रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद सोमवार को भी सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है, लेकिन विपक्ष संसद को चलने दे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि संसद 'ड्रामा' करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है। विपक्ष संसद को चुनावी हार के बाद हताशा निकालने का मंच बना रहा है। सत्र को राजनीतिक ड्रामे का रंगमंच नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि यह रचनात्मक और परिणामोन्मुखी बहस का मंच होना चाहिए। यदि विपक्ष चाहे तो वह उसे राजनीति में सकारात्मकता लाने के कुछ सुझाव देने को तैयार हैं। मोदी ने कहा कि 'हमें ज़िम्मेदारी की भावना से काम करने की ज़रूरत है। संसद ड्रामा करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है।' वहीं, कांग्रेस का आरोप है कि सरकार सत्र छोटा रखकर संसद को 'डिरेल' करना चाहती है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सभी दलों के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने कहा कि सर्दियों का मौसम है, उम्मीद है सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे। बहस हो, लेकिन व्यवधान नहीं। शांत माहौल देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सुचारू चलेगी। संसद में सभी जरूरी मुद्दों पर सार्थक बहस होनी चाहिए, ताकि सभी को कानूनों का लाभ मिल सके और आमजन के मुद्दों को उठाने, जनहित में कानून पास करवाने और देश के विकास के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है। बीते कुछ वर्षों से धारणा बनी है कि सदन चलाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की है, जबकि सदन दोनों पक्षों की सहमति और जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ठीक ही लिखा था कि संसदीय प्रणाली में न केवल सशक्त विरोधी पक्ष की आवश्यकता होती है, बल्कि सरकार और विरोधी पक्ष के बीच सहयोग भी आवश्यक होता है। हम जहां तक ऐसा करने में सफल होंगे, वहां तक हम संसदीय जनतंत्र की ठोस नींव रखने में सफल होंगे।



मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

# सोनिया-राहुल के गले की फांस बना हेराल्ड

नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने नेशनल हेराल्ड केस में मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति 50 लाख रुपये में खरीदी गई थी। इस मामले में दोनों नेताओं के खिलाफ अब दिल्ली पुलिस ने नई प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें सोनिया और राहुल के अलावा कुल छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया गांधी समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस पार्टी से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का अधिग्रहण धोखाधड़ी के जरिए किया गया। एसोसिएट जर्नल की कुल संपत्ति लगभग 2000 करोड़ रुपये बताई गई है। यह अधिग्रहण यंग इंडियन के माध्यम से किया गया था, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी बताई जाती है। आपको बता दें कि नई एफआईआर में सोनिया और राहुल गांधी के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और तीन अन्य व्यक्तियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। जिन कंपनियों को एफआईआर में शामिल किया गया है, उनमें एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। यहां आपको बता दें कि ताज़ा एफआईआर में सोनिया गांधी (आरोपी संख्या 1) राहुल गांधी (आरोपी संख्या 2) सुमन दुबे (आरोपी संख्या 3) सैम पित्रोदा (आरोपी संख्या 4) मेसर्स यंग इंडियन (आरोपी संख्या 5) मेसर्स डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड (आरोपी संख्या 6) सुनील भंडारी (आरोपी संख्या 7) बनाए गए हैं। आरोप है कि कोलकाता स्थित तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए गए और सिर्फ 50 लाख रुपये में एसोसिएट जर्नल का अधिग्रहण किया गया, जबकि एसोसिएट जर्नल की संपत्ति 2,000



करोड़ रुपये आंकी गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ कर सकती है। गांधी परिवार पर आरोप है कि इस संपत्ति को हड़पने के लिए यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्जी का इस्तेमाल किया गया। ये कंपनियां कथित तौर पर कोलकाता की एक शेल कंपनियां हैं, जिसने यंग इंडिया को एक करोड़ रुपये दिए थे, जिससे गांधी परिवार ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये देकर एसोसिएट जर्नल को कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने के लिए कहा था।

गौरतलब है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की थी। इसकी संपत्ति दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई शहरों में फैली थी। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी अखबार के प्रबंधन का जिम्मा संभालती थी। आरोपों के मुताबिक जिस वक्त नेशनल हेराल्ड की संपत्ति गांधी परिवार को महज 50 लाख रुपये में बेची गई उस वक्त उसकी कीमत 2,000 करोड़ रुपये थी। पता रहे नेशनल हेराल्ड केस में 2008 से 2014 के बीच मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। वर्ष 2014 में भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की निजी शिकायत के आधार पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया था। 9 अप्रैल को गांधी परिवार समेत अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आपको बता दें गांधी परिवार ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी, लेकिन अदालतों ने कोई राहत नहीं दी। चूंकि यह मामला हजारों करोड़ की एजेएल की संपत्तियों और शेयरों के रूप में अपराध की आय बनाने, कब्जे और उपयोग से संबंधित है, इसलिए 752 करोड़ मूल्य की एजेएल की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए इडी ने 20 नवंबर 2023 को अटैच करने का आदेश जारी किया था, जिसकी निर्णायक प्राधिकारी ने पुष्टि कर दी है। इडी की जांच रिपोर्ट आयकर विभाग के यंग इंडियन के मामले में 27 नवंबर 2017 के आदेश को और आगे बढ़ाती है। 2017 में, आईटी विभाग ने यंग इंडियन के हाथों एजेएल की संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण पर 414 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी टैक्स चोरी पाई थी। हालांकि इडी के आरोपों को कांग्रेस पार्टी लंबे समय से खारिज करती आ रही है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी एजेंसियों का इस्तेमाल कर गांधी परिवार को परेशान कर रही है। कांग्रेस ने लगातार आरोपों को गलत बताया है और इडी पर सरकार के कहने पर राजनीतिक चाल चलने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ, बीजेपी इसे कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का भ्रष्टाचार बताती रही है। भाजपा तो शुरू से ही कहती आई है कि कांग्रेस के नेताओं ने बड़े_बड़े घोटालों को अंजाम दिया है और देश को लूटने का काम किया है। अब नेशनल हेराल्ड मामले में संसद सत्र शुरू होने से ठीक पहले नई एफआईआर दर्ज होना भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को बल दिया है। वहीं संसद सत्र के समय सत्तापक्ष के हाथों कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। देश के राजनीतिक हलके में ताजा एफआईआर से हड़कंप मच गया है कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले के आगे बढ़ने पर नेता प्रतिपक्ष पद भी छोड़ना पड़ सकता है। संभावना है कि अब सरकार विपक्ष पर हावी होने के लिए नई स्टेट्रजी बना कर काम कर रही है और जल्द ही कुछ अहम बिल सरकार संसद में लाएगी और अपने अजेंडा को प्रभावी बनाएगी। वहीं, इस एफआईआर के बाद चर्चा है कि कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई देगी। अब देखना है कि संसद सत्र में क्या होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मेजबानी
रोहित माहेश्वरी




# ओलंपिक की मेजबानी वाया राष्ट्रमंडल गेम्स

दुनियाभर में खेलों को लेकर अलग ही रोमांच देखने को मिलता है, क्योंकि खेल के मैदान में खिलाड़ियों के धैर्य, ताकत और हौसले की काबिले तारीफ जुगलबंदी देखने को मिलती है। इस संदर्भ में बात करें तो इस बार भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार मिल गया है, जिसमें अहमदाबाद को मेजबान शहर घोषित किया गया है। यह ऐतिहासिक घोषणा 26 नवंबर को ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की महासभा में की गई। भारत ने पिछली बार 2010 में दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। भारत को दूसरी बार मेजबानी के अधिकार मिले हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी और मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले से इसका ऐलान भी किया था। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। साल 2029 में विश्व पुलिस खेल की मेजबानी की भी तैयारी की जा रही है। भारत ने वर्ष 2010 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल में कुल 101 पदक जीते थे, जिसमें 38 स्वर्ण शामिल थे। इनमें से 30 पदक सिर्फ शूटिंग से आए थे। वर्ष 2022 में भारत ने कुल 61 पदक जीते, जिनमें 22 स्वर्ण शामिल थे। बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेल में शूटिंग को शामिल नहीं किया गया था। कॉमनवेल्थ गेम्स का इतिहास बेहद दिलचस्प है। यह एक मल्टी-स्पोर्ट्स अंतरराष्ट्रीय आयोजन है, जिसमें ब्रिटिश शासन वाले देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। फिलहाल, इसमें 54 सदस्य देश हैं। इन गेम्स की शुरुआत 1930 में कनाडा के हैमिल्टन शहर से हुई थी। पहले इसे ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा जाता था। 1978 से इसका नाम 'कॉमनवेल्थ गेम्स' हो गया। 2030 के आयोजन में कॉमनवेल्थ गेम्स को 100 साल पूरे होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भारत की आर्थिक उन्नति, आधारभूत ढांचे, खेल की व्यवस्थाओं की बड़ी सफलता की शुरुआत है। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की तैयारी जोर-शोर पर है। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया है। भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि शुरुआती अनुमान 1600 करोड़ रुपये खर्च होने का था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं, जिनमें से ज़्यादातर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोगों ने किया। कॉमनवेल्थ गेम्स में 70 से अधिक देश भाग लेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह खेल प्रतिस्पर्धा काफी बड़े पैमाने पर आयोजित की जाएगी। ऐसे में इस खेल आयोजन को सफल बनाने के लिए जो भी व्यवस्था की जाएगी, वह उच्च स्तरीय होनी चाहिए, ठीक वैसी जैसी ओलंपिक के दौरान होती है। इस तरह की खेल सुविधाएं-जिन्हें सस्टेनेबल स्पोर्ट्स इकोसिस्टम कहते हैं-विशेषकर जो हमारे युवा वर्ग हैं, उन्हें खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस इकोसिस्टम के तहत जब हमारे युवा खिलाड़ी तैयार होकर निकलेंगे, तो उन्हें बहुत लाभ मिलेगा। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि जो खिलाड़ी कॉमनवेल्थ 2030 में खेलेंगे, उनमें से 70-80 प्रतिशत ओलंपिक 2036 में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी उम्र अधिक हो चुकी होगी। यहां सरकार की जवाबदेही भी काफी बढ़ जाती है। समय पर उच्च स्तरीय अवसंरचनाओं का निर्माण करना कोई हंसी-खेल नहीं है। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी करनी होगी। तैयारी में किसी तरह की कोई कमी न रहे, इसकी निगरानी करनी होगी। जब हम ऐसा करेंगे तभी जाकर सच्चे अर्थों में 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी कर पाने में सक्षम हों पायेंगे, क्योंकि ओलंपिक में 200 से अधिक देश भाग लेते हैं। इस आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद होनी चाहिए। इसमें तनिक भी चूक देश की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला देगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## स्ट्रांग रिलेशनशिप के लिए इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी**

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। – **मनोज त्रिपाठी**, धमतरी

## ट्रेंड

### नगालैंड के लोगों को बधाई



नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई! समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगालैंड सतत विकास में सराहनीय प्रगति कर रहा है। लोगों के उज्ज्वल, समृद्ध और शांतिपूर्ण भविष्य' की कामना। **-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### ये मेरा विश्वास



शीतकालीन सत्र सिर्फ एक परम्परा नहीं है, ये राष्ट्र को प्रगति की ओर तेज गति से आगे ले जाने का प्रयास है। ये जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का ये शीतकालीन सत्र काम करेगा। मेरा यह दृढ़ विश्वास है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जीपीएस स्पूफिंग हुई



जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं तब हुई जब विमान आईजीआई के रनवे 10 पर जीपीएस बेस्ड लैंडिंग प्रोसेस का यूज कर रहे थे। विमानों को गलत और धोखा देने वाले नेविगेशन सिग्नल मिले। इस स्पूफिंग का दूसरे रनवे पर कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि उन पर ट्रेडिशनल ग्राउंड बेस्ड नेविगेशन सिस्टम यूज किया जाता है। **-किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय मंत्री**

### बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी




चुनाव आयोग ने बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी। उसने गड़बड़ियों को सही नहीं किया। वोटर रोल अपडेट नहीं है। बिना प्लान के एसआईआर से 40 लोगों की मौत हुई। सरकार की जबावदेही कहां है। इस मामले में चुनाव आयोग व सरकार को जवाब देना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है।

**-अभिषेक बनर्जी, टीएमसी सांसद**

## करंट अफेयर

# ईसा पर बनी दुर्लभ पेंटिंग 27 लाख डॉलर में बिकी



बारोक काल के महान चित्रकार पीटर पॉल रूबेन्स की एक लंबे समय से खोई हुई पेंटिंग रविवार को वर्सलीज में हुई नीलामी में 27 लाख डॉलर में बिकी। यह पेंटिंग चार सदी से अधिक समय बाद हाल में पेरिस के एक निजी टाउनहाउस में मिली थी। इसमें ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने का दृश्य दर्शाया गया है। यह एक फ्रांसीसी संग्रह का हिस्सा थी और शुरू में यह माना जा रहा था कि यह उस समय मौजूद रूबेन्स की कई कार्यशालाओं में से किसी एक में बनाई गई कृति है। नीलामीकर्ता जीन–पियरे ओसेना ने बताया, ''मुझे इस पेंटिंग को देखकर तुरंत एक एहसास हुआ और मैंने इसे प्रमाणित करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया और अंत में हम इसे एंटवर्प स्थित रूबेन्स समिति 'रुबेनियानम' से प्रमाणित करवाने में सफल हुए।'' रूबेन्स पर शोध के लिए प्रसिद्ध विशेषज्ञ निल्स ब्यूट्नर ने नीलामी से पहले बताया कि मशहूर कलाकार ने सूली पर चढ़ाए जाने के दृश्य अक्सर चित्रित किए लेकिन ''उन्होंने बहुत कम अवसरों पर सूली पर मृत अवस्था में ईसा मसीह को दर्शाया।' उन्होंने कहा, ''यह एकमात्र ऐसी पेंटिंग है जिसमें ईसा मसीह के पार्श्व–घाव से रक्त और पानी बहते हुए दिखाया गया है और रूबेन्स ने इसे सिर्फ एक बार बनाया था।''

## ऑफ बीट

# पहले गठिया केवल अमीरों की बीमारी थी



गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई–नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का–सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड–482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

आरोपी ट्राला चालक मौके से फरार, नेशनल हाइवे एनएच-49 का मामला

# ट्राले ने मारी हार्वेस्टर को टक्कर, हार्वेस्टर के चालक की मौके पर मौत

रायगढ़ से चांपा राखड़ खाली कर वापस लौट रहा तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर हार्वेस्टर में जा भिड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती




जिले में नेशनल हाईवे एनएच-49 पर बनवारी वाटिका के पास रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े हार्वेस्टर को इतनी तेज टक्कर मारी कि हार्वेस्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोविंद यादव (45 वर्ष) निवासी सोनपैरी, थाना मंदिर हसौद, रायपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गोविंद यादव हार्वेस्टर से फसल कटाई का कार्य कर रहे थे। यह हार्वेस्टर रायपुर निवासी तोपेश्वर बघेल का बताया गया है, जिसे राजेंद्र सरवानी द्वारा किराए पर चलवाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रायगढ़ से चांपा राखड़ खाली कर वापस लौट रहा ट्रेलर तेज रफ्तार में था और अनियंत्रित होकर सीधे खड़े हार्वेस्टर में जा भिड़ा। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोविंद यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सक्ती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और ट्रेलर व हार्वेस्टर को जब्त कर लिया है।

## बाइक की टक्कर से मासूम की मौत



इधर, भानपुरी थाना क्षेत्र के मुण्डागांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से छह वर्षीय मासूम की उपचार के दौरान मौत हो गई। यह दुखद हादसा तब हुआ जब बच्चा अपनी बस से उतरकर घर की ओर जा रहा था। मुण्डागांव निवासी लखमू अपने 6 वर्षीय बेटे लव के साथ बस से नगरनार स्थित अपने परिजनों से मिलने गया था।

वापसी पर, जैसे ही वे मुण्डागांव बस स्टैंड पर उतरा, विपरीत दिशा से आ रही एक बेलगाम बाइक ने लव को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद, बाइक सवार मौके से फरार हो गया। लव गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों और उसके पिता लखमू ने तत्काल सहायता प्रदान की और उसे बेहतर उपचार के लिए भानपुरी के अस्पताल ले जाया गया। वहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे मेकाज (मेकाहारा स्पेशलिटी हॉस्पिटल) रेफर कर दिया गया। मेकाज में कई घंटों के गहन उपचार के बावजूद, लव की जान नहीं बचाई जा सकी। आज सुबह, उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। इस खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआरः आदिवासी वोट काटने का आरोप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि धार सहित आदिवासी बाहुल्य जिलों में योजनाबद्ध तरीके से आदिवासी मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। सिंघार ने दावा किया कि धार कलेक्टर ने प्रशासन को मौखिक रूप से रकफ फॉर्म रोकने के निर्देश दिए हैं। ताकि मजदूरी के लिए बाहर गए आदिवासी मतदाताओं को शिफ्टेड वोटर बताकर सूची से हटाया जा सके।



### 'गीलू मॉन्स्टर' दूर करेगा बच्चों की नमी

**दुर्ग।** छोटे बच्चों के पेरेंट्स अक्सर यह अनुभव करते हैं कि डायपर बदलने के बावजूद बच्चों की नाजुक त्वचा पर नमी रह जाती है। इसी समस्या को मज़ेदार अंदाज़ में सामने लाने के लिए हग्गीज़ इंडिया ने नया कैम्पेन 'गीलू मॉन्स्टर' लॉन्च किया है।इस कैम्पेन में एक शरारती और प्यारा किरदार 'गीलू मॉन्स्टर' पेश किया गया है, जो छुपी हुई नमी को मज़ेदार तरीके से दिखाता है। किम्बर्ली-क्लार्क इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर श्वेता विग ने कहा, यह महज़ एक मज़ेदार विचार ही नहीं है, बल्कि यह पेरेंट्स की उस वास्तविक चिंता को छूता हैं। यह कैम्पेन मनोरंजक भी है और समझ बढ़ाने वाला भी, और यही कोशिश रही है कि हर एक अनुभव में इनोवेशन और सहानुभूति शामिल रहे।

ये वो इलाका, जहां बड़ी मात्रा में मौजूद डायस्फोर-पायरोफिलाइट जैसे बेशकीमती खनिज

# करोड़ों का खनन रोका, खनिज निगम के अफसरों के खिलाफ एफआईआर

कंपनी के पास खनिज भंडारण का लाइसेंस ही नहीं तो ओम कंस्ट्रक्शन ने खनिज ढुलाई और भंडारण का काम, पेटी कांट्रेक्ट पर एक अन्य फर्म गजानन कंस्ट्रक्शन को सौंप दिया

» *डायस्फोर और पायरोफिलाइट बेशकीमती खनिज निकालने में निगम और कंपनियों की गड़बड़ी उजागर*

» *डीएफओ परमार ने स्वीकृत खदान से खनिज की खुदाई व इसके परिवहन पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वन विभाग ने टीकमगढ़ जिले के कारी वन क्षेत्र में खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इस मामले में मध्यप्रदेश खनिज निगम के स्थानीय अफसरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया गया है। यह वह इलाका है, जहां पर डायस्फोर और पायरोफिलाइट जैसे बेशकीमती खनिज बड़ी मात्रा में हैं। इनके खनन को लेकर मध्यप्रदेश खनिज निगम ने साल 1999 में वन विभाग से अनुबंध किया था। यह अनुबंध 60 सालों के लिए था।

इसके तहत वन विभाग ने कारी वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 48 में 5 हेक्टेयर का पट्टा मध्यप्रदेश खनिज निगम के नाम स्वीकृत किया गया था। खनिज निगम ने बाद में स्वीकृत खदान को ओम कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को आवंटित कर दी। सूत्रों की माने तो संबंधित कंपनी के पास खनिज भंडारण का लाइसेंस ही नहीं है। इसके चलते ओम कंस्ट्रक्शन ने खनिज ढुलाई और भंडारण का काम, पेटी कांट्रेक्ट पर एक अन्य फर्म गजानन कंस्ट्रक्शन को सौंप दिया। इस तरह यह खदान एक से दूसरे और दूसरे से तीसरे ठेकेदार के हाथ में चली गई। डीएफओ परमार ने स्वीकृत खदान से खनिज की खुदाई व इसके परिवहन पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने खनिज निगम के अफसरों को पत्र लिखकर खदान का नए सिरे से सीमांकन कराने के निर्देश भी दिए हैं। परमार ने पत्र में लिखा कि मौके पर की गई जांच में स्वीकृत खदान सीमाकंन के लिए लगाई। गई मुनारे गायब मिली हैं।


फाइल फोटो।

### गड़बड़ी अवैध, खुदाई के साक्ष्य नहीं

वन मंडल अधिकारी राजाराम परमार किसी तरह की गड़बड़ी से इंकार करते हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में सड़क निर्माण का जो बजट स्वीकृत हुआ है, उससे कारी क्षेत्र की दूसरी बीट में सड़क बनाई जानी है। जहां तक अवैध खनन की बात है, तो वह फिलहाल अतिक्रमित क्षेत्र पर खनन से निकला खनिज का मलबा सालों से पड़ा है। यह पहाड़ी इलाका है, यदि इस स्थान पर खुदाई के साक्ष्य मिलते हैं, तो इसे लेकर भी कार्रवाई की जाएगी।

### विधानसभा में गूंजा तब चेता वन विभाग

खनिज निगम ने खदान तो आवंटित कर दी, लेकिन निगरानी व्यवस्था में कोताही बरती। नतीजा यह हुआ कि ज्यादा मुनाफे के फेर में पेटी कांट्रेक्टर ने स्वीकृत खदान से बाहर जाकर खुदाई शुरू कर दी। यह मामला राज्य विधानसभा में भी गूंजा था। कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह ने सदन में इस पर सवाल उठाए। इसके बाद वन विभाग की नींद खुली और अब प्रतिबंध लगाया है।

### क्षेत्र में कागजी सड़क बनाने की तैयारी

खनिज परिवहन के लिए ठेकेदार कंपनी ने कारी क्षेत्र के बीट नंबर 15 में खड़ंजा और मुरम की सड़क तैयार की है, जो खदान से वन क्षेत्र समाप्ति तक है। सूत्रों का दावा है कि वनमंडल कार्यालय ने इसी सड़क को प्रस्तावित पहुंच मार्ग बताकर एक नया प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा था। वह प्रस्ताव स्वीकृत भी हो चुका है। इसके निर्माण की राशि भी वन मंडल को मिल चुकी है। अब सिर्फ कागजों पर नई सड़क बनाना बताया जा रहा है।

### टीकमगढ़ डीएफओ ने कराई एफआईआर

अवैध खनन का मामला सदन में गूंजने व मुख्यालय को हुई शिकायत के बाद मामले की जांच हुई। इसमें स्वीकृत खदान के अलावा करीब पौने तीन हेक्टेयर रकबे में अतिक्रमण होना पाया गया। इसे लेकर डीएफओ राजाराम परमार ने अनुबंध कर्ता मध्यप्रदेश खनिज निगम के स्थानीय उप प्रबंध व प्रभारी अधिकारी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) ज के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करा दिया है।

### नजरअंदाज किया जा रहा अवैध खनन

सूत्रों का दावा है कि वन विभाग की ओर से की गई इस जांच में भी खेल हुआ है। विभाग ने स्वीकृत खदान के अलावा 2.62 हेक्टेयर वन क्षेत्र में अतिक्रमण तो बताया है, लेकिन इस क्षेत्र में हुए अवैध खनन की बात छुपा ली है। दरअसल जांच में अवैध खनन सामने आने पर संबंधित कंपनी को भारी जुर्माना अदा करना पड़ता है।

भाजपा पदाधिकारियों ने सुना कार्यक्रम

# सीएम ने उज्जैन, प्रदेशाध्यक्ष ने इंदौर में सुनी 'मन की बात'


'मन की बात' सुनते सीएम

-विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में सामूहिक विवाहोत्सव स्थल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इंदौर एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने देवास के बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इसके साथ ही प्रदेशभर में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ उज्जैन के सांवरा खेड़ी स्थित सामूहिक विवाहोत्सव स्थल पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दुर्गादास उइके, मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर मौजूद रहे।

# विधायक रामेश्वर ने बूथ 114 पर सुनी पीएम के 'मन की बात'


'मन की बात' सुनते विधायक।

**भोपाल।** विधायक रामेश्वर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हुजूर विधानसभा के हरिहर नगर फंदा के बूथ क्रमांक 114 पर सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# देश में जैन समाज का सबसे बड़े परिचय सम्मेलन 13 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के जैन समाज समिति द्वारा तीन दिवसीय अखिल भारतीय युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 13 आयोजित किया जा रहा है जो कि 15 दिसंबर चलेगा। जैन समाज द्वारा आयोजित होने वाला यह सम्मेलन मध्यप्रदेश ही देशभर में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। इस अखिल भारतीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 5 दिसंबर 2025 निर्धारित हैं। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया कि 13 दिसंबर से आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के विवाह योग्य प्रत्याशी अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। क्योंकि आयोजित होने वाला यह सम्मेन मध्यप्रदेश ही नहीं देश की संपूर्ण जैन समाज का परिवार बन गया है। अति सुविधा युक्त परिचय सम्मेलन में, परिवार जनो को आवास भोजन सहित संपूर्ण सुविधाएं मुहैया होगी।

# इंदौर-उज्जैन रूटः 1100 करोड़ में बनेगा 48 किमी हाईवे, कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के द्वारा इंदौर से उज्जैन के बीच पितृ पर्वत से चिंतामन गणेश मंदिर तक ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का जिम्मा सीगल इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है।

इंदौर-उज्जैन के बीच 48 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 30 मिनट पूरी हो जाएगी। नए हाइवे में एटीएमएस सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसका उपयोग सिंहस्थ और वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान उपयोगी होगा। साथ ही ट्रैफिक दबाव भी कम होगा। यह फोरलेन एक्सेस कंट्रोल्ड होगा। जिसकी लंबाई 48.10 किलोमीटर और चौड़ाई 60 मीटर होगी। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 20 हजार करोड़ रुपए हैं। जिसमें 1089 करोड़ रुपए निर्माण और बाकी के बचे पैसे भूमि अधिग्रहण में खर्च होंगे।

### *27 प्रमुख गांवों से होकर गुजरेगा हाईवे*

*हाईवे इंदौर के पितृ पर्वत से शुरू होकर चिंतामन गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक जाएगा। हाईवे जंबूड़ी हप्सी, बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोर्डिया, जंबूर्डी सरवर, जिंदाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबीखेड़ी, पीपल्या कायस्था, हरियाखेड़ी, खतेड़यि, रंगकोर्डिया, काछल्या, बलघारा, पोटलोद, तुमानी, मगरखेड़ी, छितोड़ा, बालरिया, रालामंडल, लिंबा पीपल्या, गोंदिया, हासमपुरा, पालखेड़ी, चिंतामन जवासिया और चांदमुख से होते हुए गुजरेगा।*

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का किया अभिवादन



**भोपाल।** पुत्र के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर उज्जैन में मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिवादन किया।

# सीएम डॉ. यादव बोले- कांग्रेस और नक्सल का कथित गठजोड़ राष्ट्रीय सुरक्षा पर बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम ने कांग्रेस और नक्सलवाद के कथित गठजोड़ को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए आरोप लगाया कि यूपीए सरकार के दौरान गठित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई को कमजोर करने का प्रयास करती रही। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद के खिलाफ लागू जीरो-टॉलरेंस नीति के कारण स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, जो अब घटकर केवल 11 रह गई है। बता दें, नक्सलवाद भारत में लंबे समय से एक गंभीर आंतरिक सुरक्षा की चुनौती रहा है। विभिन्न राज्यों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा, बम विस्फोट और अन्य अपराधों के मामलों के चलते केंद्र और राज्य सरकारों ने समय-समय पर सख्त कदम उठाए।

जंगल की ओर भागे आरोपी, पुलिस कर रही मामले की जांच

# शराबियों ने वनकर्मियों पर किया पथराव, बीट प्रभारी हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर-रामानुजगंज

राजपुर थाना क्षेत्र के सेमरा-बकसपुर मार्ग पर रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब जंगल में शराब पी रहे तीन युवकों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर अचानक हमला कर दिया। हमले में राजपुर सागौन बीट प्रभारी वनरक्षक प्रमीट एक्का गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं आरोपियों ने वनरक्षक की बलेनो कार पर भी पत्थरों से हमला कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना के बाद तीनों आरोपी जंगल की ओर भाग निकले। मिली जानकारी के अनुसार बीट क्रमांक पी-2758 में बीते दो दिनों से वन विभाग के कर्मचारी समयलाल, अनूप, गिरधारी, रामलखन और राजेश रोड़ा ट्रांजैक्ट लाइन तैयार करने के कार्य में लगे थे। रविवार दोपहर करीब 1:30 से 2 बजे के बीच बीट प्रभारी प्रमीट एक्का कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। इसी दौरान ग्राम दरकी (थाना शंकरगढ़) निवासी संतोष उरांव अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल खड़ी कर जंगल किनारे शराब पीते मिला। वनरक्षक प्रमीट एक्का ने तीनों को वहां शराब सेवन न करने और अन्यत्र जाने की समझाइश दी, जिस पर युवक उत्तेजित हो गए। नशे में धुत युवकों ने गाली-गलौज करते हुए वनरक्षक पर पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमें उनके चेहरे और कनपटी पर गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद आरोपियों ने वनरक्षक की कार पर भी जमकर पथराव किया, जिससे आगे और पीछे की विंडशील्ड सहित वाहन के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए।

### भागते समय गिरा आरोपी का मोबाइल

हड़बड़ी में भागते समय आरोपियों में से एक युवक का मोबाइल फोन घटनास्थल पर गिर गया, जिसे वन कर्मचारियों ने पुलिस को सौंप दिया है। वन विभाग की रिपोर्ट पर राजपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मोबाइल फोन के आधार पर तीनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सागौन जंगल क्षेत्र में अक्सर शराबियों का जमावड़ा रहता है। शासकीय दुकान से शराब खरीदने के बाद कई लोग जंगल में बैठकर सेवन करते हैं, जिसके कारण ऐसी घटनाएं बार-बार सामने आती रहती हैं।

इस साल के लिए डीजी के तीन, एडीजी-आईजी के दो-दो पद मिले

# एमपी में अब 11 नहीं, 16 एसपी बनाए जाएंगे डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस में डीआईजी स्तर के पांच नए पदों को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। नए पद मिलने के बाद अब एसपी स्तर के ग्यारह नहीं, कुल 16 अफसर डीआईजी बनाए जाएंगे। मुख्य सचिव की मंजूरी मिलने के बाद डीपीसी की तिथि तय हो जाएगी।


फाइल फोटो

प्रदेश के एसपी स्तर के अफसरों की पदोन्नति काफी समय से लटकी हुई थी। केंद्र सरकार से पांच पदों को मंजूरी मिलने के बाद तीन बैच के अफसर

### ◆ *केंद्र सरकार ने 5 नए पदों को दी मंजूरी*


एक साथ डीआईजी के पद पर पदोन्नत किए जाएंगे। उनके अलावा डीजी रैंक के तीन और एडीजी-आईजी के दो-दो पद साल 2026 के लिए बढ़ाए गए हैं। आईपीएस अफसरों की डीपीसी को लेकर प्रस्ताव तैयार कर मुख्य सचिव अनुराग जैन को भेज दिया गया है। डीसीपी दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होने के आसार हैं। मध्यप्रदेश के आईपीएस अफसरों को डीपीसी के बाद एक जनवरी 2026 की स्थिति में पदोन्नत किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। हालांकि कुल 11 आईपीएस अफसरों को पदोन्नत होना था, लेकिन पांच नए पद मिलने के बाद अब एसपी स्तर के कुल 16 अधिकारी डीआईजी बनाए जाएंगे।

### *डीजी के लिए तीन रैंक भी स्वीकृत*

केंद्र सरकार ने साल 2026 के लिए डीजी रैंक के तीन पदों को मंजूरी प्रदान की है। उक्त पदों पर 1994 बैच के अफसर अनंत कुमार सिंह, आशुतोष राय और राजाबाबू सिंह का नाम है। एडीजी और आईजी के भी दो-दो पद बढ़ाए गए हैं। एडीजी के पद जबलपुर आईजी प्रमोद वर्मा और भोपाल आईजी अभय सिंह पदोन्नत होंगे? साल 2008 बैच के अफसर सियाश ए. और ललित शाक्यवार आईजी के पद पर पदोन्नत होंगे। सियाश सीआईडी और शाक्यवार शिकायत शाखा में डीआईजी है।

### *एक साथ डीआईजी रैंक में पदोन्नत किए जाएंगे*

साल 2010 बैच के राकेश कुमार सगर, आरएस बेलवंशी, किरणलता केरकेट्टा, मनोज राय शामिल हैं। साल 2011 बैच के अफसरों में रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा, सिमाला प्रसाद, असित यादव का नाम प्रमुख है। उनके अलावा साल 2012 बैच के अफसरों में मयंक अवस्थी, विवेक सिंह, कुमार प्रतीक, शिव दयाल, शैलेंद्र सिंह चौहान, आलोक कुमार सिंह, रघुवंश सिंह और विकास पाठक का नाम है।



# माधुरी ने तोड़ी अपनी इमेज पहली बार इतना डार्क किरदार

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित पिछले 40 सालों से मनोरंजन जगत में अपनी चमक बरकरार रखे हुए हैं। हर दशक में उन्होंने खुद को नए अंदाज में पेश किया है चाहे वह अभिनय हो, नृत्य, या चुनौतियों से भरी भूमिकाएं। अब वह डिज्नी+हॉटस्टार की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' में नजर आएंगी, जहां वह एक निगेटिव किरदार निभा रही हैं जो उनके लंबे और शानदार कॅरियर में बहुत कम देखने को मिला है। माधुरी ने कहा, हर दशक की अपनी एक पहचान रही है। कई फिल्में थीं जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया। मैंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है, और खुद को चुनौती दी है। लेकिन इस दशक की बात करूं तो मेरे लिए 'मिसेज देशपांडे' वही भूमिका है। ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया.'पुकार' में एक लड़की थी जो नासमझी में गलती कर बैठती है। लेकिन, यहां कोई मासूमियत नहीं है। वह जानती है कि वह क्या कर रही है, बहुत सोच-समझकर, परतदार और दिलचस्प ढंग से।

**लाइफ Style**

# सामंथा
## राज निदिमोरु से की गुपचुप शादी

साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने 'द फैमिली मैन' के निर्माता राज निदिमोरु से तमिलनाडु के कोयंबटूर में सद्गुरु के ईशा योग सेंटर में गुपचुप शादी की, जिसमें कपल के सिर्फ करीबी दोस्त ही शामिल हुए। उन्होंने फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सिंपल सी शादी में सामंथा ने लाल रंग की साड़ी पहनी है और सात फेरों की 5 तस्वीरें शेयर की हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने राज निदिमोरु संग शादी करने के बाद सोशल मीडिया पर वेडिंग फोटोज शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राज उनकी उंगली में अंगूठी पहना रहे हैं। सामंथा जहां लाल रंग की साड़ी में हैं। वहीं, राज ने सफेद रंग का कुर्ता-पजामा और हल्के भूरे रंग की जैकेट पहनी है। साल 2010 में तमिल फिल्म 'विन्नैथांडी वरुवाया से सामंथा ने डेब्यू किया था। कुछ साउथ की फिल्में करने के बाद सामंथा ने साल 2012 में प्रतीक बब्बर की बॉलीवुड मूवी 'एक दीवाना था' में कैमियो किया था। लेकिन आज तक किसी भी बॉलीवुड फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस एक्टिंग नहीं की है। लेकिन, 15 साल के करियर में वह कई तमिल और तेलुगु भाषा की फिल्मों में लीड रोल कर चुकी हैं। इनमें से कई फिल्में हिंदी में डब होकर आईं। जिसके कारण हिंदी पट्टी में भी सामंथा की फैन फॉलोइंग बढ़ गई। इस लिस्ट में कई फिल्में शामिल हैं। जैसे साल 2021 में एसएस राजामौली ने ईगा नाम से एक तेलुगू फिल्म बनाई। इस फिल्म की हीरोइन सामंथा थीं। इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। सामंथा ने कम समय में ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बना ली। वह कई नामी एक्टर्स के साथ फिल्मों में हीरोइन के तौर पर नजर आईं।




**हॉलीवुड मसाला**



# अवतार- फायर एंड ऐश रिलीज के लिए तैयार

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक जेम्स कैमरून एक बार फिर दुनिया भर में सिनेमाघरों को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। अवतार यूनिवर्स का अगला अध्याय 'अवतार फायर एंड ऐश' इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल रिलीज मानी जा रही है। फिल्म को लेकर पिछले कई महीनों से दुनिया भर में जो एक्साइटमेंट बनी हुई थी, वह अब भारतीय दर्शकों के बीच भी देखने को मिल रही है। 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर अपडेट सामने आया है। भारत में 5 दिसंबर से एडवांस बुकिंग आधिकारिक रूप से शुरू होने जा रही है। खास बात यह है कि आईमैक्स और डोल्बी विजन फॉर्मेट्स के लिए बुकिंग की तैयारियां पहले से ही की जा रही हैं। 19 दिसंबर को रिलीज होने जा रही यह फिल्म भारत में कुल 6 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में उपलब्ध होगी।



# चल रही थी शूटिंग सुपरस्टार ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** 'टायरोन पावर' 1940 और 50 के दशक का वह दिलकश सितारा था जिसे लाखों लोग रोमांस और एडवेंचर फिल्मों में देख दीवाने हो जाते थे। 15 नवंबर को घटी एक घटना ने न सिर्फ एक सुपरस्टार की जिंदगी खत्म कर दी, बल्कि हॉलीवुड को भी झकझोर दिया। टायरोन पावर फिल्म 'सोलोमन एंड शीबा' की शूटिंग कर रहे थे। एक भव्य युद्ध दृश्य की रिहर्सल चल रही थी। हाथ में तलवार, सामने कलाकार, आसपास कैमरे और दर्जनों क्रू मेंबर थे। दृश्य में जान डालने के लिए वे पूरे जोश से तलवारबाजी कर रहे थे। अचानक उनकी चाल लड़खड़ाई पहले किसी को लगा कि यह सीन का हिस्सा है। लेकिन, कुछ ही पलों में पावर जमीन पर गिर पड़े। सेट पर सन्नाटा छा गया। उन्हें तुरंत उठाकर एंबुलेंस में ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी धड़कन थम चुकी थी। डॉक्टरों ने साफ कहा, 'वह यहां पहुंचने से पहले ही जा चुके थे।' पावर सिर्फ 44 साल के थे। टायरोन पावर के जाने का शोक लोगों ने तो मनाया, लेकिन सिस्टम आगे बढ़ गया-बिना रुके, बिना ठहरे। उनकी कहानी हॉलीवुड इतिहास की सबसे ट्रैजिक कहानियों में गिनी जाती है। उनका अंत उतना ही नाटकीय था, जितना उनकी फिल्मों के दृश्य। रूमानियत और एडवेंचर का ब्लेंड जो पर्दे पर दिखा वही दबे पांव उनके जीवन को भी निगल गया।



# बॉर्डर 2 से दिलजीत का दमदार लुक रिवील


**मुंबई।** फिल्म 'चमकीला' में अपनी अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ने वाले दिलजीत दोसांझ जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर-2' से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। फिल्म में दिलजीत का पहला लुक सामने आ चुका है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भारतीय वायुसेना के बहादुर फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने 1971 में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया था। उनका लुक काफी प्रभावशाली दिख रहा है। दिलजीत दोसांझ ने 'बॉर्डर-2' से अपना पहला लुक शेयर किया है, जिसमें वह बड़ी मूछों और जोश भरे चेहरे के साथ लड़ाकू विमान में बैठे नजर आ रहे हैं। वह खून से लथपथ हैं। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, "बॉर्डर 2 से आपकी पहली झलक वाकई कमाल की है। 23 जनवरी 2026 को लॉन्च के लिए बिल्कुल सही समय है। भारत माता की जय।



# जलसा के बाहर फिर लगा फैंस का जमावड़ा

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के फैंस को उनकी एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह है कि बिग बी ज्यादातर रविवार को अपने मुंबई स्थित बंगले जलसा के बाहर अपने फैंस से मिलने आते हैं। बीते रविवार को भी बिग बी ने फैंस से मुलाकात की और साथ ही इस पल को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक इमोशनल नोट भी लिखा। अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में बिग बी ने फैंस के साथ अपनी मुलाकात के पल की एक खास तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने फैंस के लिए लिखा, 'T 5582- मुस्कुराहटें जो मुझे जीने देती हैं और अस्तित्व में लाती हैं।' इसके साथ ही बिग बी ने यह भी लिखा कि फैंस की यह खुशी ही उन्हें आगे काम करने की ताकत देती है। अमिताभ बच्चन कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

**टीवी मसाला**




# दीया और बाती हम की एक्ट्रेस विंध्या ने जोधपुर में रचाई शादी

**नई दिल्ली।** 'दीया और बाती हम', 'ससुराल सिमर का', 'नागिन 2' और 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' जैसे कई शोज में काम कर चुकीं विंध्या तिवारी ने 25 नवंबर को आशीष लोहरा के साथ शादी कर ली। एक्ट्रेस ने जोधपुर में आशीष लोहरा से शादी की। इसके बाद उन्होंने समारोह की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह गुलाबी लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और आशीष भी अपनी दुल्हन के साथ खूब जंच रहे हैं। खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- हमारे साथ जश्न मनाया, शुभकामनाएं भेजीं, या हमारी शादी के दिन को यादगार बनाने में मदद की: तहे दिल से शुक्रिया। हम शादीशुदा हैं और इतने प्यार से घिरे इस नए अध्याय की शुरुआत करके बेहद खुश और धन्य महसूस कर रहे हैं। हमेशा के लिए शुभकामनाएं! विंध्या ने मुस्कुराते हुए बताया कि शादी के बाद पहली सुबह उठते ही दुनिया कैसी लगी। उन्होंने इसे भगवान हनुमान का आशीर्वाद बताया और बताया कि सब कुछ सपने जैसा लग रहा था। उन्होंने कहा- यह अवास्तविक है। यह खूबसूरत है। मुझे लगता है कि जब मैं शादी के बारे में नहीं सोच रही थी, तब यह बस हो गया। प्रार्थनाओं और चमत्कारों में विश्वास रखने वाली विंध्या ने कहा कि उनके जीवन का हर दिन रोमांचक है। उन्होंने कहा- लोग कहते हैं कि शुरुआती दौर रोमांचक होता है, लेकिन मैं टाल देती हूं। मेरा जीवन हमेशा से रोमांचक रहा है। मेरा जीवन बहुत जादुई है।

## मौनी को महीनों बाद देख उड़े सबके होश

**नई दिल्ली।** मौनी रॉय को अक्सर पपाराजी के लिए पोज देते देखा जाता है। इस बार उनके साथ उनकी दोस्त भी थीं जिनके बारे में फैंस पूछताछ कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। कुछ सेलेब्रिटीज को अपना ग्लैमर दिखाने के लिए रेड कार्पेट की जरूरत नहीं होती और मौनी रॉय इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं। बीती शाम उन्हें मुंबई की सड़कों पर जलवे बिखेरने के बाद एक वेन्यू से निकलते हुए देखा गया। कैमरे उनके पीछे-पीछे चल रहे थे, लेकिन मौनी यूं ही आगे नहीं बढ़ीं, बल्कि इंतजार करती रहीं और फोटोग्राफर्स को 'हाय' कहा। मौनी रॉय अपनी कार की ओर जाने से पहले फोटोग्राफरों को पोज दे रही थीं, अपनी मुस्कान के साथ वो काफी देर तक रुकी रहीं। उन्होंने न केवल सोलो पोज दिए, बल्कि अपनी दोस्त को भी फ्रेम में बुलाया। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। लेकिन लोगों ने जिसके बारे में पूछना शुरू कर दिया वो थीं उनकी दोस्त। मौनी रॉय आखिरी बार 'द भूतनी' में नजर आई थीं, जिसमें पलक तिवारी, संजय दत्त और सनी सिंह भी थे।



# आखिरी दिनों में वे बहुत कष्ट में थे धर्मेंद्र को याद कर हेमा की छलकीं आंखें

**मुंबई।** धर्मेंद्र इस दुनिया में नहीं रहे। सोमवार 24 नवंबर को उन्होंने 89 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। प्राइवेट तरीके से देओल परिवार ने अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर किया। बॉलीवुड के ही-मैन की अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा कई फिल्मी हस्तियां भी पहुंचीं। मगर, फैंस अपने चहेते सितारे के अंतिम दर्शन नहीं कर सके। हाल ही में हेमा मालिनी ने जल्दबाजी में हुए धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार पर चुप्पी तोड़ी है और उनके आखिरी दिनों के बारे में बात की है।



## क्यों किया गया जल्दबाजी में अंतिम संस्कार?

हेमा मालिनी ने इस दौरान जल्दबाजी में प्राइवेट तरीके से हुए अभिनेता के अंतिम संस्कार के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र हमेशा से चाहते थे कि उन्हें मजबूत देखा जाए। परिवार वाले भी उन्हें कभी कमजोर या बीमार न देखें। उनके आखिरी दिन बहुत दर्दनाक थे और उन्हें लगा कि फैंस को उन्हें उनकी पूरी ताकत के साथ याद रखना चाहिए न कि उनके दुख के साथ। फिर उन्होंने बहुत दुख के साथ कहा कि उन्हें अफसोस है कि उनके फैंस को उन्हें आखिरी बार देखने का मौका नहीं मिला।

## काश फॉर्महाउस पर मिल पाती

फिल्ममेकर हमाद अल रेयामी ने धर्मेंद्र के निधन के बाद हाल ही में हेमा मालिनी से मुलाकात की। उन्होंने लिखा है कि हेमा मालिनी के साथ मुलाकात के बाद उन्होंने एहसास हुआ कि वे कितनी गहरी उदासी में जी रही हैं। हेमा को अपने हमसफर धर्मेंद्र के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाने का अफसोस है। हेमा मालिनी ने अपनी कांपती आवाज में रेयामी के सामने कहा कि काश वे दो महीने पहले की तरह धर्मेंद्र से फॉर्महाउस पर मिल पातीं। साथ ही हेमा मालिनी ने कहा कि आखिरी दिनों में धर्मेंद्र सेहत की वजह से बेहद कष्ट में थे।

## दुख को छिपाने की कोशिश करती रहीं

निर्माता हमाद अल रेयामी ने लिखा है, 'शोक के तीसरे दिन मैं मशहूर आर्टिस्ट हेमा मालिनी से मिलने गया, जो दिवंगत सुपरस्टार धर्मेंद्र की पत्नी हैं। यह पहली बार था, जब मैं उनसे आमने-सामने मिला था। हालांकि मैंने उन्हें पहले भी कई बार दूर से देखा था, लेकिन इस बार कुछ अलग था। यह एक दुखद अवसर था, ऐसा दुख जो लगभग समझ से बाहर है। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं उनके साथ बैठा और मैं उनके चेहरे पर एक अंदरूनी उथल-पुथल देख सकता था जिसे वे पूरी तरह छिपाने की कोशिश कर रही थीं'।

# वी शांताराम की बायोपिक में नजर आएंगे सिद्धांत

**मुंबई।** भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता वी शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खास पोस्टर शेयर किया है। जिसमें सिद्धांत का लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इस फिल्म के पहले पोस्टर में सिद्धांत चतुर्वेदी धोती, कुर्ता, कोट और टोपी पहने स्टाइलिश अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। सिद्धांत के पीछे एक चील और खुला आसमान दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला विद्रोही बड़े पर्दे पर वापस आ गया है।' फिल्म के पोस्टर को लेकर सिद्धांत के फैंस ने अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'मुझे पहले से ही यकीन है कि आप इसमें भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'सिद्धांत भाई आप बहुत गजब लग रहे हो।'

## कौन थे वी शांताराम

शांताराम राजाराम वणकुद्रे का जन्म 18 नवंबर 1901 को हुआ। वी. शांताराम को प्यार से लोग शांताराम बापू कहते थे। वह एक भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता थे। उन्हें 'अमर भूपाली', 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखे बारह हाथ', 'नवरंग', 'दुनिया न माने' और 'पिंजरा' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1927 में अपनी पहली फिल्म 'नेताजी पालकर' को निर्देशित किया था।



## फिल्म के बारे में

*यह फिल्म वी शांताराम की बायोपिक है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका निभाएंगे। यानी अब फैंस अभिनेता-फिल्म निर्माता वी शांताराम के असाधारण जीवन को बड़े पर्दे पर देख सकेंगे। इस फिल्म को अभिजीत शिरीष देशपांडे ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म का निर्माण राहुल किरण शांताराम, सुभाष काले और सरिता अश्विन वर्दे मिलकर कर रहे हैं। यह फिल्म निर्माता वी. शांताराम के जीवन और उनके अविश्वसनीय काम पर आधारित होगी। कथित तौर पर फिल्म में तमन्ना भाटिया और फरदीन खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।*

## साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी होगा मजा

# इस हफ्ते रिलीज होंगी कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिसंबर महीने का पहला सप्ताह शुरू हो गया है। सिनेमाघरों में जहां दर्शकों को 'धुरंधर' का इंतजार है। वहीं, ओटीटी पर सिनेमा का लुत्फ उठाने वालों के लिए भी यह सप्ताह काफी खास होने वाला है। इस वीक न सिर्फ कॉमेडी का डोज मिलेगा, बल्कि साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी मजा होगा।

### द बैड गाइज 2

सप्ताह के पहले दिन यानी 1 दिसंबर को 'द बैड गाइज 2' रिलीज गई है। यह अमेरिकी एनिमेटेड कॉमेडी फिल्म इस साल अगस्त में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर आ रही है। इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।






### औकात के बाहर

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव अब एक्टिंग डेब्यू को तैयार हैं। उनकी डेब्यू सीरीज का नाम 'औकात के बाहर' है। यह दिसंबर के पहले सप्ताह में दस्तक देगी। ठिकाना है अमेजन एमएक्स प्लेयर। इसकी स्ट्रीमिंग 03 दिसंबर से शुरू होगी। एल्विश यादव के अलावा सीरीज 'औकात से बाहर'में मल्हार राठौर, निखिल विजय, हेतल गड़ा, रोहन खुराना, केशव साधना जैसे एक्टर्स भी नजर आए। सभी कॉलेज स्टूडेंट्स के रोल में दिखाई दिए। इस सीरीज को तन्मय रस्तोगी ने निर्देशित किया है।

### कुत्त्रम पुरिंधावन



यह एक तमिल साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसमें पशुपति, लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली और अजीत कोशी 'घरवाली-पेड़वाली'। इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में यह शो भी शामिल है। इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह कॉमेडी से लबरेज होगा। इसे दर्शक 05 दिसंबर से जी5 पर देख सकेंगे। यह शो पृथ्वी मिश्रा उर्फ जीतू की जिंदगी के इर्द-गिर्द है, जिसे जिंदगी में ये श्राप मिलता है कि उसकी हर चीज उसकी जिंदगी में डबल होगी।

### स्टीफन

यह तमिल फिल्म है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक किलर पर आधारित है। यह फिल्म 05 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## स्थापित किया स्वास्थ्य सेवा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का नया मानक

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने वैश्विक उपलब्धि हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंबई

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने घोषणा की है कि उनके मुंबई के अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल (जेसीआई) ने इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के साथ साझेदारी में ₹हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम₹ के लिए 'सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन' से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित और बहुत ही मूल्यवान सम्मान प्राप्त करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इस कठोर वैश्विक मानक को पूरा करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है। यह उपलब्धि अस्पताल की स्थिरता पहलों और पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।स्वास्थ्य सेवा दुनिया में सबसे ज़्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले पहले 5 उद्योगों में से एक है। आज के दौर में वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियां परिचालन जोखिम को कम करने और जलवायु-संबंधी व्यवधानों के खिलाफ लचीलापन मजबूत करने के प्रयासों को तेज कर रही हैं। ऐसे में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को मिला यह सर्टिफिकेशन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस तरह के विश्व स्तरीय अस्पताल से की जाने वाली अपेक्षाओं के अनुरूप है। इन अपेक्षाओं में टास्क फोर्स ऑन क्लाइमेट-रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोजर और इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड्स बोर्ड जैसे ढांचों के तहत स्वास्थ्य सेवा संगठनों द्वारा जलवायु-जोखिम खुलासे पर बढ़ता ध्यान शामिल है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल की यह उपलब्धि दर्शाती है कि अस्पताल न केवल चिकित्सा सेवा में बल्कि स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के वैश्विक मानकों को पूरा करने में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

यह अस्पताल 'हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी' के लिए भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बना

अस्पताल न केवल चिकित्सा सेवा में बल्कि स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के वैश्विक मानकों को पूरा करने में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है



### यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है : डॉ.शेट्टी

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक डॉ. संतोष शेट्टी ने वित्तीय और रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है कि स्थिरता बेहतर क्लिनिकल परिणामों और मजबूत संचालन प्रदर्शन दोनों को संभव बनाती है। हमारा 2030 सस्टेनेबिलिटी रोडमैप (कार्ययोजना) ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, कम उत्सर्जन के लिए काम आने वाली सामग्रियों और जलवायु-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है। ये निवेश लंबी अवधि के लागत दबावों को कम करने, मरीज की सुरक्षा में सुधार करने और बढ़ते जलवायु अस्थिरता का सामना कर रहे शहर में व्यावसायिक निरंतरता को मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

### जेसीआई-जीएससी के कार्यक्रम दूरदर्शी प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को करते हैं प्रदर्शित

जेसीआई-जीएससी कार्यक्रम विशेष रूप से उन अस्पतालों को मान्यता देता है जो बोर्ड स्तर पर पर्यावरणीय जोखिम प्रशासन को शामिल करते हैं और उत्सर्जन, कचरे, पानी की बचत और आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिरता को उद्यम जोखिम प्रबंधन में एकीकृत करते हैं। यह मजबूत आंतरिक नियंत्रणों और दूरदर्शी प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। भारत, एक तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था है जिस पर बुनियादी ढांचे का दबाव काफी ज्यादा है। हमारे देश को जलवायु परिवर्तन की बढ़ती संवेदनशीलता का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और अस्पताल प्रणालियों पर तनाव बढ़ा रहा है। राष्ट्रीय कार्यक्रमों, जैसे कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम, द्वारा उत्सर्जन रिपोर्टिंग, चक्रीयता और आपदा तैयारियों के संबंध में अपेक्षाएं बढ़ाए जाने के कारण, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अधिक मजबूत जलवायु-लचीली प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जलवायु से संबंधित व्यवधानों की लागत का अनुमान 2050 तक दक्षिण एशिया में सालाना 36 अरब अमेरिकी डॉलर तक लगाया गया है, इसी की वजह से यह बदलाव

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एक क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में उभरा

हालांकि कई भारतीय अस्पताल अभी भी नेतृत्व स्तर पर पर्यावरणीय शासन को एम्बेड करने के प्रारंभिक चरण में हैं, लेकिन कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल का वैश्विक ईएसजी ढांचे के साथ संरेखण एक निर्णायक कदम है।

इसका जेसीआई सस्टेनेबिलिटी सर्टिफिकेशन वर्तमान राष्ट्रीय मानदंडों से परे परिपक्वता के एक स्तर को दर्शाता है, जो उत्सर्जन, कचरे, जल और आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिरता को मुख्य जोखिम प्रबंधन में एकीकृत करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एक क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में उभरा है, जो यह प्रदर्शित करता है कि संसाधन कम होते हुए भी जिम्मेदार, भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य सेवा प्राप्त की जा सकती है।

---

छत्तीसगढ़ में 65 लाख के 27 ईनामी सहित 37 माओवादियों ने छोड़े हथियार

## ‘लाल आतंक’ को फिर बड़ी चोट, 37 नक्सलियों ने किया सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

65 लाख के 27 ईनामी सहित 37 माओवादियों ने रविवार को उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक (परि) सीआरपीएफ राकेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 111वीं वाहिनी गोपाल यादव, कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी अनिल कुमार प्रसाद, कमांडेंट 80वीं वाहिनी जितेन्द्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं उप कमांडेंट विमल के समक्ष डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया।

■ शासन की नीति के तहत मिलेगी राशि और प्रशिक्षण

आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 50 हजार की सहायता के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि मुहैया कराई जाएगी।

### शांति और प्रगति का मार्ग अपना रहे

पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन बस्तर में स्थायी शांति, गरिमा और समग्र प्रगति की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभर रहा है। छग शासन की पूना मारगेम पर भरोसा जताते हुए माओवादी हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और प्रगति के मार्ग को अपना रहे हैं और समाज के मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

## आसानी से अपडेट होगा आधार ऑनलाइन बैंकिंग के नए नियम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हर महीने आपके पैसों से जुड़े कुछ जरूरी बदलाव होते हैं। इन बदलावों का सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ता है। नए बदलाव 1 दिसंबर से ही लागू हो जाएंगे। यूआईडीएआई ने घोषणा की है कि नागरिक घर बैठे ही अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर सकेंगे। उन्हें इसके लिए आधार केंद्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह बदलाव उन लोगों के लिए खास मददगार होगा जिन्हें हर बार आधार सेवा केंद्र पहुंचना मुश्किल होता है। सरकार हर महीने एलपीजी के कॉमर्शियल और घरेलू सिलेंडर की कीमतों से जुड़ी बदलाव करती है। अब दिसंबर से भी एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बदलाव हो सकता है। कॉमर्शियल सिलेंडर की बात करें तो सरकारी कंपनी इंडियन ऑयल की वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार, नवंबर में दिल्ली में 19 किलो वाले हलवाई या कामर्शियल सिलेंडर के दाम में 5 रुपये की कमी की गई थी। इस फाइनेंशियल ईयर में इससे पहले एक अक्टूबर को इसके दाम में 15.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। पेंशन लेने वाले सभी बुजुर्गों के लिए दिसंबर का महीना बहुत जरूरी है. सरकार ने साफ कहा है कि हर पेंशनर को जीवन प्रमाण पत्र जमा करना पड़ेगा, वरना जनवरी से पेंशन बंद हो जाएगी

## कट्स इंटरनेशनल ने एल्युमिनियम शुल्क घटाने की तुरंत जरूरत बताई

**जबलपुर।** कट्स इंटरनेशनल के नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि उच्च इनपुट लागतों के कारण भारत का सेकेंडरी एल्युमिनियम क्षेत्र दबाव में है, जबकि घरेलू मांग 2030 तक 5.3 मिलियन टन से बढ़कर 8.3 मिलियन टन होने का अनुमान है। मध्य प्रदेश—जबलपुर, सिंगरौली, कटनी और सतना जैसे औद्योगिक केंद्रों के साथ—इस चुनौती का मुख्य केंद्र है, जहां एल्युमिनियम प्रोसेसिंग और कास्टिंग से जुड़े हजारों एमएसएमई राज्य की औद्योगिक श्रृंखला को मजबूत बना रहे हैं।ASMA के नवेंदु के. भारद्वाज ने कहा कि प्राथमिक एल्युमिनियम पर शुल्क में कमी से डाउनस्ट्रीम उद्योगों की क्षमता बढ़ेगी और भारत के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को गति मिलेगी। अध्ययन के अनुसार 7.5% आयात शुल्क घरेलू कीमतें बढ़ा रहा है, जबकि शुल्क घटाने से एमएसएमई के लिए कच्चे माल की सप्लाई सस्ती और व्यवहारिक बनेगी तथा कौशल विकास और तकनीकी उन्नयन को भी बढ़ावा मिलेगा।
रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि शुल्क युक्तिकरण से देशभर के एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और एल्युमिनियम सेक्टर अधिक मजबूत होकर राष्ट्रीय विकास में अहम योगदान दे सकेगा।


# सरकार लाएगी 14 बिल, एसआईआर पर लामबंद विपक्ष!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के प्रावधान वाले विधेयक के साथ सुधारों से जुड़े अपने एजेंडे को आगे बढ़ाएगी, जबकि विपक्ष 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार रहने और इसमें गतिरोध पैदा होने के आसार रविवार को उस वक्त दिखाई दिए जब सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक सुर में यह मांग उठाई कि विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा कराई जानी चाहिए। सरकार ने हालांकि कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छी तरह चलनी चाहिए और वह गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी।

संसद का यह सत्र बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत कुछ दिनों बाद हो रहा है। महत्वपूर्ण ‘परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025’ के अलावा भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक और आठ अन्य मसौदा कानून भी सत्र के विधायी एजेंडे में शामिल हैं। इस सत्र के लिए कुल 15 बैठकें प्रस्तावित हैं। विपक्षी दलों के विरोध के कारण सरकार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के दायरे में लाने का प्रस्ताव से पीछे हटना पड़ा। इस प्रस्ताव में राष्ट्रपति को केंद्र शासित प्रदेश के लिए नियम बनाने और सीधे कानून बनाने का अधिकार देता है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सत्र के दौरान सदन में समन्वय सुनिश्चित करने के लिए रविवार को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई। सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश करने के लिए कुल 10 विधेयकों को सूचीबद्ध किया है जिनमें निजी कंपनियों के लिए असैन्य परमाणु क्षेत्र को खोलने के प्रावधान वाला एक विधेयक भी शामिल है। ‘परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025’ भारत में परमाणु ऊर्जा के उपयोग और विनियमन को नियंत्रित करने के उद्देश्य लाया जा रहा है। इस सत्र के लिए उच्च शिक्षा आयोग विधेयक भी सरकार के एजेंडे में है। बैठक से पहले संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सभी दलों के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने कहा, सर्दियों का मौसम है, उम्मीद है सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे।

## एलआई का शेयर निवेश 10 साल में 10 गुना बढ़ा




**नई दिल्ली।** एलआईसी फिलहाल लगभग 55 लाख करोड़ की संपत्तियों का प्रबंधन करता है, जिसमें से 15 लाख करोड़ शेयरों में निवेश हैं। 2014 में एलआईस ने करीब 1.5 लाख करोड़ शेयरों में लगाए थे, जो 10 वर्षों में बढ़कर कई गुना हो गए। 2020 तक यह निवेश 3 लाख करोड़ पर पहुँच गया। डेटा के अनुसार, एलआईस के कुल इक्विटी निवेश का लगभग 80% उसकी टॉप 50 कंपनियों में लगा है, जिनमें 29% निवेश बीएफएसआइ सेक्टर—बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस—में है। एलआईस की दीर्घकालिक निवेश नीति को इस तेज वृद्धि का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने 25वें वर्ष में 5 लाख गाड़ियों की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया



**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25वें साल में 5 लाख यूनिट्स की कुल बिक्री का बड़ा माइलस्टोन हासिल किया है। कंपनी ने नवंबर 2025 में 5,491 यूनिट्स बेचीं, जो पिछले साल की तुलना में 90% साल-दर-साल ग्रोथ है। स्कोडा ने 2025 के पहले 10 महीनों में ही अपनी अब तक की सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री दर्ज कर ली थी। कंपनी के अनुसार, बढ़ता नेटवर्क, वैल्यू-ड्रिवन ओनरशिप और बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो उनकी सफलता की मुख्य वजहें हैं। स्कोडा ने भारत में अपनी मजबूत सेडान लेगेसी को भी दोहराया है ऑक्टेविया आरएस की वापसी को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और सभी यूनिट्स 20 मिनट में बिक गईं। वहीं स्लाविया ने भी सेडान सेगमेंट में कंपनी की पकड़ बनाए रखी है। एसयूवी सेगमेंट में भी कोडियाक, कुशाक और कयलाक जैसी गाड़ियों ने कंपनी को मजबूती दी है, जिनमें कुशाक और कयलाक ने सेफ्टी टेस्ट में फाइव-स्टार रेटिंग हासिल की। स्कोडा ऑटो इंडिया अब 180 शहरों में 320+ टचपॉइंट्स के साथ अपनी तेज ग्रोथ को आगे बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 (39274)(रायपुर /04/ दिस./25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# पिता ने प्रेमी को मार डाला, तो बेटी ने ‘शव’ से की शादी!

एजेंसी ▸▸ नांदेड़

महाराष्ट्र के नांदेड में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने पूरे शहर को भीतर तक झकझोर दिया। यहां 21 वर्षीय युवती ने अपने पिता और दो भाइयों द्वारा उसके प्रेमी की कथित रूप से हत्या किए जाने के बाद अपने प्रेमी के शव से ही ‘विवाह’ कर लिया। आंचल मामिडवार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें वह अपने प्रेमी के घर में उसके शव से ‘विवाह’ करती नजर आ रही है और हत्या के लिए अपने परिजन को फांसी दिए जाने की मांग कर रही है। पुलिस के अनुसार, आंचल का प्रेमी सक्षम ताटे (20) गुरुवार शाम पुराने गंज क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ खड़ा था।

### पहले मारी गोलियां, फिर सिर पर भारी पत्थर

पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय सक्षम ताटे की हत्या उसकी प्रेमिका आंचल मामिडवार के पिता और भाइयों ने मिलकर की। गुरुवार शाम सक्षम को पहले तीन गोलियां मारी गईं, फिर उसके सिर पर भारी पत्थर मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस के अनुसार, सक्षम और मुख्य आरोपी हिमेश दोनों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और कभी वे घनिष्ठ मित्र थे। उसने बताया कि मामिडवार परिवार आंचल और सक्षम के रिश्ते का विरोध कर रहा था लेकिन दोनों ने संबंध समाप्त करने से इनकार कर दिया जिसके बाद सक्षम की हत्या की गई तथा यह नाटकीय ‘विवाह’ हुआ।






### छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

इटवारा थाने के अधिकारी के मुताबिक, मामले में छह लोगों के खिलाफ हत्या, अवैध रूप से एकत्र होने, दंगा करने और अन्य अपराधों के आरोप में भारतीय न्याय संहिता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम और शस्त्र कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जाति अलग होने से रिश्ते के खिलाफ था परिवार

आंचल ने कहा, मैं पिछले तीन साल से सक्षम से प्रेम करती थी लेकिन जाति अलग होने के कारण मेरे पिता हमारे रिश्ते के खिलाफ थे। मेरा परिवार अक्सर सक्षम को जान से मारने की धमकी देता था और अब मेरे पिता एवं भाइयों हिमेश और साहिल ने उसे मार डाला। मैं न्याय चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि आरोपियों को फांसी दी जाए। उसने कहा कि अब उसका सक्षम के घर में ही रहने का इरादा है।

## शब्द पहेली - 6065



**बाएँ से दाए**
1.उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4.कराह,टीस,लालसा-3
6.हानि,आपत्ति-2
7.दुश्मनी,बैर-3
8.इंसाफ-2
10.साठवीं जयंती-3
11.जलाऊ लकड़ी-4
14.छोटा भाई-3
16.निरंकुश,आवारा-4
17.ठाठ-बाट-2
18.आफत,मुसीबत-2
19.शैतानी,बदमाशी-4
21.सहायता-3
22.इच्छा,लालसा-4
24.कवि,गजलकार-3
25.जरा,थोड़ा-2
27.मुलायम,नाजुक-3
28.गुफा,खोह-2
29.प्रियतम,सनम-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2.उत्साह.शक्ति-2
3.बिनाबाल वारा,गंजा-4
4.पंक्ति,लाइन-3
5.लड़की, पुत्री,बेटी -2
7.वहम,संदेह-2
9.जुड़वा-3
12.प्रतिज्ञा,कसम -3
13.गंगा का पानी -4
15.तीखा,तीक्ष्ण-3
16.आतुर,धैर्यहीन -4
17.संभवतः-3
18.मर्कट,कपि-3
20.गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21.पानी रखने का चमड़े का पात्र- 3
22.मनोकामना -4
23.साजन,प्रेमी-3
24.संध्या,सांझ-2
26.आनंद-2
28.महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 6064 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| ब | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकू नवताल- 6075

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6074 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



अपने प्रोफेशन में सक्सेसफुल होने के लिए जरूरी है, अपने वर्क पर फोकस्ड रहें, समय पर टार्गेट अचीव करें और उन आने वाली बाधाओं का आपको आभास हो, जो भविष्य में आ सकती हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि बदले समय के अनुसार आप टेक स्मार्ट भी बनें। लेकिन कुछ लोग ऐसा कर नहीं पाते। इसके लिए जरूरी है, अपने वर्क को सही ढंग से मैनेज करें, यह कैसे संभव है, जानें।

# ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर अचीव होंगे टार्गेट

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

उस दिन सुनीता अपनी कुलीग कामिनी से बोली, 'यार सब बोलते हैं, बड़े सपने देखो, बड़ा सोचो, अपने टार्गेट बड़े रखो। तभी बड़ी सक्सेस पाओगी, लेकिन मैंने तो सब कुछ करके देख लिया। रोज अपने वर्क की लिस्ट बनाती हूं। सुबह से रात तक पूरी मेहनत से काम करती हूं। इसके चलते फैमिली और फ्रेंड्स को टाइम नहीं दे पाती, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।' अपनी बात कहकर सुनीता ने कामिनी से यह भी जानना चाहा, 'तुम सब कुछ कैसे मैनेज कर लेती हो, जो फैमिली को भी टाइम देती हो और अपने प्रोजेक्ट भी समय पर कंप्लीट कर लेती हो और तुम्हारा प्रमोशन भी हो जाता है?' कामिनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सुनीता, न तो यह बहुत कठिन है, न असंभव। बस तुम्हें अपने रोज के वर्क-टार्गेट की लिस्ट बनाकर अपनी टीम, टाइम और टेक्नोलॉजी के साथ कॉर्डिनेट करना होगा, टालू टेकनीक से दूर रहना होगा।' यहां एक बात और समझनी चाहिए कि व्यक्ति अपने जीवन के सभी लक्ष्यों को तभी आसानी से अचीव कर सकता है, जब वह उन इच्छाओं को छोड़ दे, जो उसके मिशन के अपोजिट हों। जी हां, अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखें तो अपने सभी काम टाइम से मैनेज कर सकती हैं, आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर सकती हैं।





## डालें सपोर्ट लेने की आदत

सबसे पहले आपको अपनी सभी जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी होगी। इसके लिए आपको तय करना होगा, कौन से काम आपको खुद करने हैं, कौन से काम आपको अपनी टीम को सौंपने हैं, ताकि आप बेहतर तरीके से सभी काम तय सीमा में पूरे कर सकें। साथ ही आप यह जानें कि कौन से कामों की जिम्मेदारी दूसरों को देने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी और कौन-से काम आपको स्वयं करना चाहिए?

## बेवजह बिजी न रहें

आप दूसरों के कामों में न उलझें। बेवजह लोगों से मिलना-जुलना बंद करें। गैरजरूरी मीटिंग्स से दूर रहें ताकि आपका समय बर्बाद न हो। जब-तब मीटिंग्स अटेंड न करें। अगर किसी मीटिंग में आपकी मौजूदगी जरूरी नहीं है तो उसमें से खुद को हटा लें। ऐसा करने से आपका अतिरिक्त बोझ हल्का हो जाएगा, आप अपने मुख्य काम पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी।

### टेक स्मार्ट बनिए

आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने दूरियां कम कर दी हैं। टेक सेवी व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ा दी है। पहले आपको किसी व्यक्ति से मिलकर ही सब बातें करनी होती थीं, मीटिंग के लिए दूर जाना पड़ता था, पेमेंट के लिए बैंक जाना पड़ता था, इसमें समय खर्च होता था। अब आप अपनी डेस्क पर बैठकर एनईएफटी, आरटीजीएस या यूपीआई से पेमेंट कर सकती हैं। वीडियो कॉल या जूम मीटिंग से एक साथ कई लोगों के साथ डिस्कस कर सकती हैं। ई-मेल, व्हाट्स एप से डॉक्यूमेंट, फोटो, सैंपल भेज सकती हैं। जहां फिजिकल सैंपल भेजना हो, वहां पोर्टर एप के माध्यम से भेज सकती हैं। इसलिए टेक स्मार्ट बनिए, समय के साथ चलिए।



## खुद को दें वक्त

एनर्जी री-स्टोर करने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने के लिए टाइम निकालें। काम के बीच में ब्रेक लेना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना या अपने शौक पूरे करना भी जरूरी है। इससे आप अधिक ऊर्जावान होकर स्पष्ट सोच पाएंगी, भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगी।

## विभिन्न लक्ष्यों में सामंजस्य जरूरी

विभिन्न लक्ष्यों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए आप अपने सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने वाली गतिविधियों को साफ-साफ डायरी में लिख लीजिए, इसके बाद यह समझने की कोशिश करें कि कौन से लक्ष्य आपस में जुड़े हैं, एक-दूसरे की पूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका लक्ष्य फिट रहना और स्टडी में भी अच्छा प्रदर्शन करना है तो नियमित व्यायाम दोनों में मदद करेगा। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और स्टडी के लिए एनर्जी भी देगा। इसी तरह जब आप अपने दोनों लक्ष्यों के सामंजस्य को पहचान लेंगी तो आपकी छोटी-सी मेहनत भी एक साथ कई बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

## इच्छाओं के जाल में न उलझें

हर इच्छा, लक्ष्य नहीं हो सकती। कई बार मन में उपजे विचार सिर्फ प्रलोभन होते हैं, जो आपकी मेहनत को बर्बाद करते हैं। इसलिए आत्म-नियंत्रण बेहद जरूरी है, ऐसी अनुत्पादक, निरर्थक इच्छाओं को समय रहते पहचानना और उनसे जितना संभव हो दूर रहना बेहद जरूरी है।

## बाधाओं का अंदाजा रखें

जब आप कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसके रास्ते में आने वाली संभावित बाधाओं का पहले से अंदाजा लगाएं। ऐसा करने से आप विचलित होने की बजाय, अपने मुख्य उद्देश्यों पर ही टिकी रहेंगी। संघर्ष करने से कभी हिचकेंगी नहीं, अपना मनचाहा टार्गेट पा लेंगी। a

# भविष्य में बच्चे तभी सुनेंगे आपकी जब बचपन में आप सुनेंगे उनकी

बहुत से अभिभावक अपने बच्चों की बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी उलझनों और सवालों को इग्नोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ता है। जो वर्षों बाद अभिभावक को बच्चों से मिलने वाली उपेक्षा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों की हर बात को पूरे ध्यान से सुनें।

परवरिश

कृति आर. के. जैन



अगर किसी दिन आपका बच्चा आकर आपसे कहे, 'मम्मी, मुझे आज स्कूल नहीं जाना।' इस पर आप बिना इसकी वजह पूछे, बस उससे कह देती हैं, 'नहीं कोई बहाना नहीं चलेगा, चुपचाप तैयार होकर स्कूल जाओ।' तो उस क्षण आप भले सोचें कि आप बच्चे को अनुशासित रख रही हैं। लेकिन ऐसा बार-बार करने से बच्चे के मन में आपके प्रति भरोसे का छोटा-सा दरवाजा बंद हो रहा होता है। समय बीतता है, बच्चा बड़ा होता है। किशोरावस्था के किसी मोड़ पर वह अपने कमरे में खुद को बंद कर लेता है। चुप, उलझा हुआ, भीतर ही भीतर टूटता हुआ। आप बाहर खड़ी होकर बार-बार पुकारती हैं, 'क्या हुआ बताओ बेटा?' लेकिन तब तक वह दरवाजा लकड़ी का नहीं रह जाता। वह अनकही बातों, दबी भावनाओं की मोटी दीवार बन चुका होता है।


दरअसल, जो अभिभावक अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों को, उनकी उलझनों को नहीं सुनते, वे बच्चे बड़े होने पर अपने पैरेंट्स की बातें, उनकी हिदायतें कुछ नहीं सुनते।



**समझाने से पहले उन्हें समझें:** हम अकसर मान लेते हैं कि बच्चों को समझाना हमारा अधिकार है, जबकि सच यह है कि उन्हें समझना हमारा सबसे बड़ा फर्ज है। जब सात-आठ साल की बेटी कहती है, 'मां, मुझे यह फ्रॉक पसंद नहीं।' इस पर अगर आप जवाब देती हैं, 'पहनो इसे, इतने पैसे खर्च करके खरीदा है।' तो आप सिर्फ कपड़े की नहीं, उसकी पसंद, उसकी पहचान और उसकी इच्छा की कीमत कम कर देती हैं। वही बेटी जब बड़ी होकर पैरेंट्स के पसंद के किसी रिश्ते से इंकार कर देती है या करियर की राह अपने मन से चुन लेती है तो पैरेंट्स को लगता है कि वह हमारे बारे में नहीं सोचती। सच यह है कि हमने उसके लिए सोचना कभी सीखा ही नहीं था। सुनना सिर्फ कान खोलना नहीं, दिल खोलना भी होता है। अगर आप मोबाइल में बिजी हैं, और आपका बच्चा आपसे कुछ कह रहा है तो मोबाइल को एक मिनट के लिए साइड में रख देने से कोई बहुत बड़ा काम नहीं बिगड़ जाएगा। लेकिन उसकी बात ध्यान से अगर आप सुनती हैं तो वह बच्चा यह समझ जाता है कि उसकी भावनाएं, उसकी बातें और उसकी मौजूदगी की उसके अभिभावक की नजर में बहुत कीमत है। इससे उसके भीतर कहीं संस्कार भी निर्मित होता है कि अपनों की बात को सुनना चाहिए।

**बचपन का भरोसा रहता है उम्र भर:** जिस बच्चे की आवाज को बचपन में जगह मिलती है, वह किशोरावस्था की दहलीज पर पहुंचकर न तो भावनाओं को छुपाता है, न ही विद्रोह की आग में जलता है। वह खुलकर बताता है। दोस्तों की गलत संगत से लेकर पहले प्रेम की घबराहट तक, करियर की उलझनों से लेकर मन में उठती बेचैनी तक, सब कुछ। जिस बच्चे की छोटी-सी बात आज आप धैर्य से सुन लेते हैं, वही बच्चा कल आपकी सबसे बड़ी परेशानी में आपके लिए सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है।

**बिना रोके-टोके सुनें उसकी बात:** अगर आज हम अपने बच्चे की बात को हंसकर, टालकर, 'अरे, बच्चों की बातें हैं।' कहकर किनारे कर देंगे, तो आने वाले वर्षों में वही बच्चे हमारी बात को 'बूढ़ों की जिद' कहकर हवा में उड़ा देंगे। उस दिन हमें हमारा ही घर कैसा लगेगा? उस दिन हमें बहुत तकलीफ होगी यह सोचकर कि हमारे बच्चे हमारी ही नहीं सुनते लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि उनके बचपन में संवाद का पुल तो हमने ही तोड़ दिया था। कभी-कभी पूरे भविष्य की दिशा एक ही पल तय कर देता है। इसलिए आज अपने आप से वादा कीजिए, जब आपका बच्चा कुछ कहे तो बीच में रोके-टोके बिना, उसकी पूरी बात सुनिए, क्योंकि बचपन में मिलने वाला यह सुनने का छोटा-सा मौका, जो आज बेहद साधारण लगता है, वही कल रिश्तों को मजबूत रखने वाला सबसे बड़ा आधार बनता है। a



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# इस मौसम में ऐसे करें बालों की देखभाल

सर्दी के मौसम में कम तापमान की वजह से बालों में खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते हैं। इससे बालों में खुश्की हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सर्दी के मौसम में गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने से परहेज करें। जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। गर्म पानी बालों से प्राकृतिक तेल सोख लेता है, जिससे बाल शुष्क हो सकते है। इसके साथ ही डेंड्रफ और स्कैल्प में खुजली की समस्या भी हो सकती है। सामान्य तापमान के और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम, चमकदार बने रहते हैं।

**कंडीशनर का यूज करें:** सर्दी के मौसम में ऐसे शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें, जो बालों को नमी प्रदान करते हों। इन उत्पादों में एलोवेरा, शिया बटर और किरेटिन आदि तत्वों से बालों को पोषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी। सर्दियों में लाइट वेट हाइड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम बने रहेंगे। अल्कोहल और सल्फेट युक्त शैंपू या कंडीशनर बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।



**नारियल तेल:** बालों में लगातार खुश्की की वजह से डेंड्रफ की समस्या गंभीर हो जाती है। डेंड्रफ और दो मुंहे बालों की समस्या से निपटने के लिए गर्म तेल से मालिश काफी लाभदायक साबित होती है। सप्ताह में एक या दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगाएं। इसके बाद एक तौलिए को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और 5 मिनट तक सिर पर बांध लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहरा लीजिए और तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए। अगर आपके बालों में डेंड्रफ है तो अगली सुबह सिर में नीबू का रस लगाकर 15 मिनट बाद बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए हल्के गर्म पानी का ही प्रयोग करें। शैंपू करने के बाद पानी के मग में दो चम्मच सिरका डालकर बालों को धो लें फिर अच्छे तरीके से साफ पानी से भी बालों को धो डालें।

**मसाज जरूर करें:** रूखापन बढ़ने की वजह से बालों में नमी और तैलीयपन में कमी आ जाती है। इससे बालों में पोषाहार की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है। बालों में नारियल तेल की मालिश से बालों को पोषाहार मिलता है। यदि आप नारियल तेल लगाकर हल्की-हल्की मालिश करती हैं तो इससे बालों की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। बालों को हल्के से तेल से मालिश करने के लिए केवल फिंगर टिप्स का ही सहारा लीजिए और सिर को हल्के-हल्के से विभिन्न दिशाओं में घुमाइए। इससे बालों की कोशिकाओं में अच्छी तरह ब्लड फ्लो होता है। तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए और अगले दिन सुबह बालों को गुनगुने पानी से धो डालिए। बालों को तौलिए से रगड़ने की बजाय, तौलिए को सिर पर बांधें ताकि बालों में मौजूद पानी तौलिए में समा जाए। अगर बाल शुष्क और नाजुक हों तो ड्रायर का यूज न करें। बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। अगर आप हेयर ड्रायर का उपयोग करती है तो उसे बालों से कम से कम 10 इंच दूरी पर रखें। a

एडवाइस

प्रतिभा अग्निहोत्री

# जब जाएं वर्केशन पर रखें इन बातों का ध्यान

वर्क फ्रॉम होम करने वाले यंगस्टर एक जगह काम करते ऊब जाते हैं, इसलिए वे अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर काम करना पसंद कर रहे हैं। अगर आप भी वर्केशन पर जा रही हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, जानें।

इंग्लिश वर्ड वर्क-वेकेशन से मिलकर बना यह शब्द 'वर्केशन' आज की जेन जी यंगस्टर्स का सबसे फेवरेट शब्द है, जिसमें वे एक जगह रुककर काम करने के स्थान पर अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर ऑफिस वर्क करते हैं। आजकल अधिकांश कंपनियों ने अपने एंप्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम दे दिया है, जिसके कारण वे एक कमरे में बैठकर काम करते हैं। निरंतर एक ही स्थान पर काम करने के कारण धीरे-धीरे उन्हें काम और जगह दोनों से ही बोरियत होना शुरू हो जाती है, फिर उनका काम में मन नहीं लगता। इस बोरियत से बचने के लिए यंगस्टर अपना लैपटॉप और ऑफिस का अन्य जरूरी सामान लेकर दूर-दराज के टूरिस्ट प्लेस पर चले जाते हैं, वहां रहकर वर्किंग ऑवर में काम करते हैं, शेष समय में वे आस-पास की जगहों पर घूमते हैं। इस तरह वे वर्क और वेकेशन दोनों एक साथ कर लेते हैं। यदि आप भी वर्केशन पर जाने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें-



**समय से कर लें बुकिंग:** जिस भी जगह पर आप जाने का प्लान कर रही हैं, उसका प्लान पहले से बनाएं और समय रहते, रहने की बुकिंग कर लें ताकि आप निश्चिंत होकर अन्य तैयारियों पर ध्यान दे सकें।

**नेटवर्क है बहुत जरूरी:** चूंकि आजकल सारे काम इंटरनेट के माध्यम से होते हैं, इसलिए स्थान चुनने से पहले वहां नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, क्योंकि कुछ पर्यटक स्थलों पर नेटवर्क की बहुत प्रॉब्लम रहती है। नेटवर्क न होने पर आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**जानकारी लेकर और देकर जाएं:** जिस स्थान पर आप जा रही हैं, उसकी पूरी जानकारी यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम या फिर अपने परिचितों से लेकर जाएं, ताकि आप अपनी तय जगह पर जाकर काम करने के साथ-साथ सुगमता से घूम भी सकें। अपने परिवारजनों और मित्रों को गंतव्य स्थल की पूरी जानकारी देकर जाएं ताकि आपात स्थिति में आपसे संपर्क किया जा सके।

**पैरेंट्स को यूं करें तैयार:** अकसर अविवाहित युवा बेटियों को इस तरह से अकेले वर्केशन पर भेजने के लिए पैरेंट्स तैयार नहीं होते, ऐसे में विरोध करने की बजाय उन्हें प्यार से वर्केशन के बारे में डिटेल जानकारी दें ताकि वे खुशी-खुशी मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

**बजट का रखें ध्यान:** चूंकि वर्केशन के दौरान आप अधिक समय तक एक ही जगह पर रहती हैं, इसलिए बजट फ्रेंडली प्लेस का सेलेक्शन करना बहुत जरूरी है ताकि आप कम खर्चे में वर्केशन एंज्वॉय कर सकें।

**जरूरी उपकरण लेकर जाएं:** रोमिंग सिम कार्ड, पावर बैंक, मोबाइल और लैपटॉप का चार्जर आदि अपने साथ लेकर जाएं।

**जरूरी दवाएं साथ रखें:** यदि आप कोई मेडिसिन लेती हैं तो उसे पर्याप्त मात्रा में लेकर जाएं। इसके साथ-साथ बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द और वॉमिटिंग की दवाएं भी अपने साथ जरूर लेकर जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें। a



# कोहली ने लगाया टेस्ट वापसी की अटकलों पर विराम, कहा-मैं सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेल रहा हूं

एजेंसी ▶▶| रांची

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी टीम की जीत और मैच जिताऊ शतक के बाद, भारतीय बल्लेबाज़ विराट कोहली ने अपनी तैयारी और खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह ज़्यादा तैयारी में विश्वास नहीं रखते, बल्कि उनका सारा क्रिकेट मानसिक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह खेल का सिर्फ़ एक ही प्रारुप खेलेंगे। 2027 के वनडे विश्व कप से पहले अपने वनडे भविष्य को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं के बीच विराट ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा।

### आनंद के माहौल में रहना चाहता हूं: विराट

कोहली ने अपना 52वां वनडे शतक जड़ा और एक बल्लेबाज का एक ही प्रारुप में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से विराट ने 135 रन बनाए, जिससे यह हाल के दिनों में उनके सबसे यादगार शतकों में से एक बन गया। मैच के बाद की प्रस्तुति के दौरान बोलते हुए, विराट ने कहा कि वह आनंद के माहौल में रहना चाहते हैं। इस साल मई में संन्यास की घोषणा के बाद, घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद बीसीसीआई की ओर से उनसे टेस्ट क्रिकेट में वापसी का अनुरोध किए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, विराट ने स्पष्ट किया कि वह खेल का केवल एक ही प्रारुप खेल रहे हैं और यह इसी तरह चलता रहेगा।



### मेरा सारा क्रिकेट मानसिक

विराट ने कहा कि आज इस तरह से मैच में उतरना वाकई बहुत अच्छा लगा। पिच पहले 20-25 ओवरों में ठीक-ठाक खेली, फिर धीरे-धीरे धीमी पड़ने लगी। बस आनंद के माहौल में बने रहना था। बेशक, जब आपको शुरुआत मिलती है, आप स्थिति के अनुसार ढल जाते हैं, आपको पता होता है कि क्या करना है। अनुभव काम आता है। मैं कभी भी तैयारी में यकीन नहीं रखता। मेरा सारा क्रिकेट मानसिक रहा है। जब तक मेरा शारीरिक स्तर अच्छा है और मानसिक तीक्ष्णता है, तब तक सब ठीक है। मैंने मैच से पहले एक दिन की छुट्टी ली थी। मैं 37 साल का हूं और मुझे ठीक होने के लिए समय चाहिए।

### उत्साहित रहना जरूरी

विराट ने कहा कि ऐसा ही हमेशा होता है, मैं खेल का सिर्फ़ एक ही रूप खेल रहा हूं। अगर आपने 300 से ज़्यादा मैच और इतना क्रिकेट खेला है, तो आप जानते हैं कि जब आप अभ्यास में गेंदें मारते हैं तो आपको पता होता है कि रिफ़्लेक्सेस मौजूद हैं और लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की शारीरिक क्षमता है। जब तक आप गेंद को अच्छी तरह से मार रहे हैं और अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं,तब तक शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से तैयार और उत्साहित रहना जरूरी है।

### कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ : स्टेन



**रांची।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि जहां 38 साल के अधिकतर खिलाड़ी घर से बाहर निकलने में कतराते हैं वहीं विराट कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ है। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कोहली ने दिखाया कि वनडे क्रिकेट में अब भी उनका कोई सानी नहीं है। स्टेन ने कहा, 'जब आप 37 या 38 साल के अधिकतर खिलाड़ियों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि उन्हें घर, अपने कुत्ते, अपने बच्चों को छोड़ना पसंद नहीं है। लेकिन कोहली मानसिक रूप से ऐसी स्थिति में हैं, जहां वह पहले की तरह भारत के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। आप इसे विकेटों के बीच दौड़, फ़ील्डिंग करते और डाइव लगाते हुए देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से युवा और तरोताजा हैं और क्रिकेट में बने रहना चाहते हैं।' उन्होंने कहा,' कोहली ने पिछले 15-16 साल में 300 से अधिक वनडे खेले हैं इसलिए वह काफी अनुभव रखते हैं।

## खबर संक्षेप



### निखिल और अश्विनी ने जीती अहमदाबाद मैराथन

**अहमदाबाद।** निखिल सिंह और अश्विनी जाधव ने नौवीं अडानी अहमदाबाद मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग की ओपन स्पर्धा जीतीं। इस मैराथन में विभिन्न श्रेणियों में 24,000 धावकों ने हिस्सा लिया। हाफ मैराथन (21 किमी) में धर्मेंद्र और फरहीन फिरदौस ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में जीत हासिल की। 10 किमी ओपन मैराथन में राजन यादव और नीता रानी विजेता रहीं। इस मैराथन की कुल पुरस्कार राशि 40 लाख रुपए से अधिक थी। इस प्रतियोगिता को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता हासिल है और यह 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' (एआईएमएस) की वैश्विक मैराथन प्रतियोगिता में सूचीबद्ध है।

### इंडियन पिकलबॉल लीग शुरू, छह टीमें करेंगी ट्रॉफी के लिए स्पर्धा



**नई दिल्ली।** इंडियन पिकलबॉल लीग का सोमवार को आगाज हुआ, जिसमें छह टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। आयोजकों ने इस मौके पर पिकलबॉल को जबरदस्त क्षमता वाला खेल करार देते हुए इसे देश का एक प्रमुख खेल बनाने का वादा किया। खेल मंत्रालय के तहत भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीएस) की ओर से अनुमोदित और 'द टाइम्स समूह' की शुरू की गई इस लीग में छह फ्रेंचाइजी टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में इस ट्रॉफी का अनावरण किया। यह आयोजन सात दिसंबर को समाप्त होगा। इसमें बेंगलुरु ब्लास्टर्स, हैदराबाद रॉयल्स, चेन्नई सुपर वॉरियर्स, मुंबई स्मैशर्स, कैपिटल वॉरियर्स और लखनऊ लेपर्ड्स की टीमें शीर्ष पुरस्कार के लिए मुकाबला करेंगी।

### निशानेबाजी चैंपियनशिप में 16 हजार ने किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पिस्टल, राइफल और शॉटगन स्पर्धाओं में रिकॉर्ड 16 हजार से अधिक निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया है। सोमवार से शुरू हुई वार्षिक प्रतियोगिता के पिछले सत्र में 13500 से अधिक निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। शॉटगन स्पर्धाओं की शुरुआत सोमवार को तुगलकाबाद की कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर हुई जबकि पिस्टल और राइफल स्पर्धाएं क्रमशः दिल्ली और भोपाल में 11 दिसंबर से शुरू होंगी। अगले एक महीने में तीनों स्पर्धाओं में सात वर्ग में प्रतिस्पर्धाएं होंगी, जिसमें सुपर मास्टर्स (70 वर्ष और इससे अधिक), सीनियर मास्टर्स (60 से 70 वर्ष), मास्टर्स (45 से 60 वर्ष), सीनियर (ओपन), जूनियर (21 वर्ष), युवा (19 वर्ष या पहले) और सब यूथ (16 वर्ष या पहले) वर्ग शामिल हैं।

प्रीमियर लीग : लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल की

# चेल्सी ने आर्सेनल को 1-1 से ड्रॉ पर रोका, कैसेडो को मिला रेड कार्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले के शुरुआती आधे घंटे में चेल्सी ने दबदबा बनाए रखा। आर्सेनल होम टीम के लिए मुश्किलें खड़ी करती रहीं। इस दौरान ब्लूज ने कई मौके बनाए।

मुकाबले के 38वें मिनट में मोइसेस कैसेडो को मिकेल मेरिनो पर टैकल करने के लिए सीधे रेड कार्ड मिला। यहां से चेल्सी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना जारी रखा। इसके बावजूद ब्लूज ने आक्रामक खेल जारी रखा। ट्रेवोह चलोबा ने हाफ टाइम के ठीक बाद रीस जेम्स के कॉर्नर पर हेडर मारकर चेल्सी को मुकाबले के 48वें मिनट बढ़त दिलाई।

### आर्सेनल ने दिखाया तेज खेल, मेरिनो ने दागा गोल

यहां से आर्सेनल ने तेज खेल दिखाया और मुकाबले के 59वें मिनट में मिकेल मेरिनो ने गोल दागते हुए टीम को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। यह मुकाबले का अंतिम गोल साबित हुआ। आर्सेनल इस समय प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। इस टीम के पास 30 प्वाइंट्स हैं। वहीं, चेल्सी ने 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमा रखा है।



### लिवरपूल ने हासिल किया 8वां स्थान

लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल करते हुए 8वां स्थान हासिल किया। इस टीम के पास 21 अंक हैं। कोच आर्ने स्लॉट ने अपने कार्यकाल में पहली बार किसी लीग मैच में मोहम्मद सालाह को बेंच पर बैठाया। अलेक्जेंडर इसाक ने मुकाबले के 60वें मिनट में गोल करते हुए लिवरपूल को मुकाबले में 1-0 से आगे कर दिया था। मुकाबले के 84वें मिनट में लुकास पाक्वेटा को रेड कार्ड दिखाया गया। कोडी गैकपो ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागकर आखिरकार लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया।



### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस को हराया



एक अन्य मुकाबले के दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। जीन-फिलिप माटेटा ने पहले हाफ में दो बार पेनल्टी लेकर पैलेस को लीड दिलाई। मुकाबले के 36वें मिनट में क्रिस्टल पैलेस ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के 54वें मिनट में जोशुआ जिर्कजी ने गोल दागते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को मुकाबले में बराबरी पर ला दिया और नौ मिनट के अंदर मैनचेस्टर ने बढ़त भी हासिल कर ली। मेसन माउंट ने 63वें मिनट में विजयी गोल दागा। मैनचेस्टर यूनाइटेड 21 प्वाइंट्स के साथ सातवें पायदान पर मौजूद है, जबकि क्रिस्टल पैलेस 20 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

उपलब्धि

# वैक्स म्यूजियम में लगेगा हरमनप्रीत का स्टैच्यू



एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर वैक्स म्यूजियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के वैक्स स्टैच्यू को बनाने का काम शुरू हो गया है। हरमनप्रीत दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर होंगी, जिनका अपना वैक्स स्टैच्यू होगा। यह उपलब्धि क्रिकेट जगत में उनके असाधारण प्रभाव को दर्शाती है। म्यूजियम से जुड़ी एक टीम ने हाल ही में वनडे विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत से मुलाकात की। टीम ने हाई-क्वालिटी तस्वीरें और वीडियो शूट किए, जो स्टैच्यू बनाने के लिए जरूरी रेफरेंस का काम करेंगे। म्यूजियम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि डिटेल्ड सेशन के दौरान हरमनप्रीत बहुत विनम्र नजर आईं, उन्होंने इसके लिए टीम का सहयोग किया। हरमनप्रीत ने वैक्स फिगर बनाने के स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस को समझने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। इस दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान ने म्यूजियम के खास आकर्षणों में से एक 'शीश महल' की भी तारीफ की। म्यूजियम के क्यूरेटर और फाउंडर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि हरमनप्रीत इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित थीं। उन्होंने इसके लिए जयपुर वैक्स म्यूजियम का शुक्रिया अदा किया है। 300 साल पुरानी हेरिटेज साइट में बना जयपुर वैक्स म्यूजियम एक अनोखा सांस्कृतिक आकर्षण बना हुआ है, जिसमें इतिहास, कला और राष्ट्रीय गौरव का मेल है।

# महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने 'निजी कारणों' का हवाला देकर तुरंत प्रभाव से पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया, तोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही टीम के मुख्य कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन की भारतीय टीम में इस पद पर वापसी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार अचानक हुए घटनाक्रम में हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया को ईमेल भेजकर सूचित किया है कि वह तुरंत प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह विशुद्ध रूप से उनका 'निजी फैसला' है। सूत्रों ने बताया, मारिन की भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप में वापसी हो सकती है जिनके मार्गदर्शक में भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी । मारिन ने अगस्त 2021 में महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया था। अमेरिका में हॉकी टीम के कोच रहे हरेंद्र सिंह ने अप्रैल 2024 में ही पद संभाला था। इससे पहले वह लखनऊ विश्व कप 2016 विजेता जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच रहे थे।

एफआईएच जूनियर विश्व कप

**भारत ने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया**

# स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने कोशिश करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| मदुरै

भारतीय टीम बेहतरीन फार्म में चल रही है लेकिन अभी तक उसे असली चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और ऐसे में वह मंगलवार को एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के नाकआउट चरण से पहले अपने अंतिम ग्रुप लीग मुकाबले में स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत की लय जारी रखने और अपने कमजोर पक्षों को दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत और स्विट्जरलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने ओमान को 4-0 से हराया और फिर चिली पर 3-2 से जीत हासिल की।



### भारत करेगा बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश

भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह अपना विजय अभियान जारी रखकर नॉकआउट से पहले बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन नॉकआउट चरण से पहले भारत के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। पहले दो मैचों में भारतीय रक्षापंक्ति की ज्यादा परीक्षा नहीं हुई क्योंकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह को किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। कप्तान रोहित की अगुवाई में रक्षापंक्ति भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अधिक सक्रिय रहना चाहेगी।

हांगकांग मास्टर्स एशिया कप

### भारत का शानदार प्रदर्शन दोनों वर्गों में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** भारत ने हांगकांग में आयोजित हांगकांग मास्टर्स एशिया कप 2025 में 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष और महिला मास्टर्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हांगकांग फुटबॉल क्लब पर 26 से 30 नवंबर तक हुई विश्व मास्टर्स हॉकी एशिया चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने ग्रुप चरण में हांगकांग को 4-0 और 5-4 से तथा सिंगापुर को 4-0 और 3-2 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में भारत ने ग्रुप चरण में सिंगापुर को 7-2 से हराया जबकि हांगकांग से 1-1 से ड्रॉ खेला। न्यूजीलैंड के खिलाफ उसे 2-4 से पराजय झेलनी पड़ी लेकिन फाइनल में हांगकांग को 2-0 से हराकर खिताब जीता।

शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रैंकिंग में बनाए रखा दबदबा


# लंदन चेस क्लासिक के को-लीडर बने ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर रोजेन को हराया

प्रज्ञाननंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।



### विश्व रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की स्थिति

ताजा फीडे दिसंबर 2025 रेटिंग सूची में प्रज्ञानानंदा ने कुछ रेटिंग अंक गंवाने के बावजूद अपनी विश्व नंबर 7 रैंकिंग बरकरार रखी है। वहीं, भारत के एक और युवा सितारे अरुण एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.4 ईएलओ अंक जोड़े और वह फिर से विश्व नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को विश्व कप 2025 के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद रैंकिंग में गिरावट का सामना करना पड़ा और वह अब टॉप-10 में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### टॉप 30 में पांच भारतीय

वर्तमान में विश्व के टॉप 30 खिलाड़ियों में केवल पांच भारतीय शामिल हैं। पेंटाला हरिकृष्णा ने विश्व कप में अपने करियर की बेहतरीन परफॉर्मेंस देते हुए 3 ईएलओ अंक जोड़े। वहीं प्रणव वेंकटेश ने भी स्थिर प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग बरकरार रखी।

### भारतीय महिला खिलाड़ियों में रैंकिंग बदलाव

महिला वर्ग में चार भारतीय खिलाड़ी टॉप-20 में बनी हुई हैं। हंपी कोनेरू बिना कोई मैच खेले ही विश्व नंबर 5 पर पहुंच गई हैं। वहीं दिव्या देशमुख रेटिंग में गिरावट के साथ विश्व नंबर 12 पर खिसक गई हैं। पद्मिनी राउत और सविता श्रीबी ने सकारात्मक प्रदर्शन करते हुए ईएलओ अंक हासिल किए हैं।

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गिल का फिटनेस आकलन, हार्दिक को मिली परमिशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल अनिवार्य फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहुंचे। इस आकलन के नतीजे के आधार पर 9 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की श्रृंखला में उनकी वापसी पर फैसला किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए गिल की गर्दन में चोट लगी थी और इसके बाद वह दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए। अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम से गिल की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया, 'गिल को इंजेक्शन लगाया गया था और उन्हें 21 दिन के आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई थी, जिसमें चोट से प्रभावित मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए विशिष्ट व्यायाम शामिल थे।' सूत्र ने कहा, 'ट्रेनिंग के दौरान खेल विज्ञान टीम के उनकी मूवमेंट का आकलन करने तक कुछ नहीं कहा जा सकता। यह भी नहीं पता कि बल्लेबाजी करते हुए वह बिल्कुल भी असहज नहीं है।' मौजूदा स्थिति को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए गिल की वापसी की संभावना 50 प्रतिशत है।




राज्य शासन व डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन सहित अन्य को नोटिस

# हाई कोर्ट ने प्रदेश के मूल निवासी छात्रों से भेदभाव के आरोप पर मांगा जवाब



## याचिका में मेडिकल नीट पीजी में 100 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के मूल निवासी छात्रों से भेदभाव के आरोप पर जवाब मांग लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन व डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। दरअसल, मेडिकल नीट पीजी में 100 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि नियंमो में संशधन कर मूल निवासी शब्द को विलोपित कर दिया गया है। जिसके कारण उन छात्रों के साथ भेदभाव हो रहा है, जिन्होने एमबीबीएस कोर्स दूसरे प्रदेश से किया है और मप्र से पीजी कोर्स करना चाहते है। याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी डा. विवेक जैन व रतलाम निवासी डा. दक्ष गोयल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि के 15 मेडिकल कालेज में 1468 पीजी की सीट हैं। जिनमें से 50 प्रतिशत सीट आल इंडिया कोटे के लिए आरक्षित हैं। प्रदेश कोटे की 50 प्रतिशत सीट में ओबीसी, एसटी, एससी, ईओडब्ल्यूएस कोटा दिया जाता है। जिसके बाद सामान्य वर्ग के लिए 518 सीट बचती हैं। पीजी काउसिलिंग के पहले तथा दूसरे दौर में सिर्फ मप्र से एमबीबीएस करने वाले छात्र ही शामिल हो सकते है। जो छात्र पहले व दूसरे दौर में शामिल नहीं हुए, वे माप-अप दौर में शामिल नहीं हो सकते हैं। देश के कई प्रदेशों में प्रदेश में अध्ययन करने वाले छात्रों को नहीं बल्कि मूल निवासी छात्रों को पीजी नीट दाखिले में प्राथमिकता दी जाती है, चाहे उन्होने एमबीबीएस कोर्स किसी अन्य प्रदेश से किया हो। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायदृष्टांतों के अनुसार कोटे की सीट में मूल निवासी छात्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## निजी नर्सिंग कालेजों के मामले की सुनवाई टली

**नियमित बेंच में इसी सप्ताह होगी सुनवाई**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को निजी नर्सिंग कालेजों की एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होनी थी। लेकिन जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने मामले को नियमित बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए नियत कर दिया। प्रकरण इसी सप्ताह सुना जाएगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्य सरकार ने गलत तथ्य पेश कर हाई कोर्ट से अपने पक्ष में फैसला करा लिया है। ऐसे छात्रों को भी जीएनएम की विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई है, जो सीबीआई की जांच में अनसुटेबल पाए गए हैं। लिहाजा, इस आदेश को वापस लिया जाए। याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने याचिका में कहा कि पूर्व में कुछ छात्रों की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था कि उनके कालेज के निरीक्षण हो चुके हैं। इसमें उन कालेजों को क्लीन चिट भी मिल गई है। इसके बावजूद उन्हें जीएनएम की विशेष परीक्षा में शामिल नहीं किया जा रहा है। इस पर न्यायालय ने उक्त छात्रों को विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी थी। याचिका में कहा गया कि उक्त मामले में राज्य नर्सिंग काउंसिल की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई और न ही यह बताया कि इन छात्रों में सीबीआई की जांच में अनसुटेबल पाए गए कालेजों के छात्र भी शामिल हैं। इसके चलते अनसुटेबल कालेजों के छात्रों को भी विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल गई। तर्क दिया गया कि इस आदेश के चलते बिना शिक्षा व प्रैक्टिकल ज्ञान वाले छात्रों के नर्सिंग प्रोफेशन में आने की आशंका है। हाई कोर्ट के पूर्व आदेश को वापस लेने का आग्रह किया गया।

# आदिवासी भूमि विक्रय का लिखित अनुबंध कर कूटरचनापूर्वक 15 लाख हड़पे

**परिवाद में लगाया गया आरोप, अदालत ने दंडनीय अपराध के मामले में लिया संज्ञान**

**प्रकरण पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए, आरोपितों को 26 दिसंबर को होना होगा हाजिर**

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अरुण कुमार गोयल की अदालत ने आदिवासी भूमि विक्रय का लिखित अनुबंध कर कूटरचनापूर्वक 15 लाख हड़पे जाने के आरोप को गंभीरता से लिया। इसी के साथ दंडनीय अपराध के मामले में संज्ञान लेकर प्रकरण पंजीबद्ध करने के निर्देश दे दिए। आरोपितों को इस मामले में 26 दिसंबर को कोर्ट के समक्ष हाजिर होना होगा। परिवादी तिलहरी निवासी आकर्ष जायसवाल की ओर से अधिवक्ता विशाल डेनियल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि रतन नगर, मदन महल निवासी राकेश जैन व अमन जैन और गोरखपुर निवासी सुनील जैन ने मिथ्या दस्तावेज तैयार कर परिवादी के साथ छल किया है। आदिवासियों की जमीन विक्रय करने का लिखित अनुबंध करते हुए आरोपितों ने मध्यस्थ के रूप में विक्रय अनुमति दिलाने का भरोसा दिलाया था। यही नहीं बाद में कूटरचित अनुमति दिखा दी गई। साथ ही 15 लाख रुपये विभिन्न माध्यमों से हासिल कर लिए। जबकि कलेक्टर की ओर से वैसा आदेश कभी जारी ही नहीं किया गया। जब छले जाने का अंदेशा हुआ तो पुलिस में शिकायत की गई। लेकिन एफआइआर दर्ज नहीं की गई। इसीलिए परिवाद के जरिए अदालत की शरण लेकर एफआइआर दर्ज किए जाने की मांग की गई है। आरोपितों ने न केवल खुद 15 लाख हड़पे बल्कि आदिवासी सामने खड़ा कर 11 हजार दिलवा दिए। परिवाद पत्र



के साथ सलंग्न अनुबंध पत्र से यह दर्शित है कि उक्त अनुबंध के पृष्ठ भाग पर 25 नवंबर, 2020 को 10 लाख रूपये नगद प्राप्ति की अभिस्वीकृति राकेश जैन व अमन जैन द्वारा दी गई है। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा पूछताछ पर अमन जैन व राकेश जैन द्वारा किसी अन्य संव्यवहार के रूपये बकाया बताते हुए 10 लाख रूपये नगद व पांच लाख रूपये चैक के माध्यम से प्राप्त होना बताया गया है। सूचना रिपोर्ट में इस तथ्य का उल्लेख है कि जिस संव्यवहार में 15 लाख बकाया होने की बात अभियुक्तगण द्वारा कही गई उसका कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# यदि जानकारी पेश नहीं की गई, तो प्रभारी अधिकारी को होना होगा हाजिर

**हाई कोर्ट ने लंबी सेवा के बाद नियुक्ति अवैध करार देने के प्रकरण में दिए सख्त निर्देश**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लंबी सेवा के बाद भी नियुक्ति अवैध करार देने के प्रकरण में राज्य शासन के टाल मटोली भरे रवैये पर सख्ती बरती। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच नेइसी के साथ निर्देश दे दिया कि यदि आगामी सुनवाई तिथि नौ दिसंबर तक अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई तो प्रभारी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होना पड़ेगा। दरअसल, इस मामले में 25 मार्च, 20.25 को हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को पालसी व कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। 21 नवंबर को विगत सुनवाई में राज्य शासन की ओर से समय मांगा गया था। सोमवार को जब मामला सुनवाई के लिए लगा तो एक बार फिर पुराने ढर्रे पर चलते हुए समय मांगा गया। इस रवैये का याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व अक्षय खंडेलवाल ने विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि इसी तरीके से महज याचिकाकर्ता नहीं हजारों कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। प्रतिमाह कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, याचिकाकर्ता भी सेवानिवृत्त हो जाएगा। यह मामला जबलपुर के उप संचालक, उद्यान विभाग में कार्यरत राकेश कुमार चौरसिया नामक कर्मी की याचिका से संबंधित है। जिसमें कहा गया है कि हाई कोर्ट ने राज्य शासन को नियमितिकरण पर विचार करने के निर्देश दिए थे। लेकिन ऐसा न करते हुए 38 वर्ष पुरानी नियुक्ति के अवैध होने के कारण नियमितिकरण संभव न होने का जवाब देकर पल्ला झाड़ लिया गया।

सुबह निगमायुक्त का निरीक्षण, दोपहर कार्रवाई

# तीन पत्ती से छोटी लाइन तक अतिक्रमण साफ

जबलपुर। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत सोमवार को तीन पत्ती चौराहे से लेकर छोटी लाइन फाटक तक एक बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को अंजाम दिया। सुबह निरीक्षण में मिले निर्देशों का पालन दोपहर होते-होते सुनिश्चित किया गया, जिससे यह पूरा बाजार क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट से मुक्त हो गया है।



### नाला और फुटपाथ पर बनी दुकानें ध्वस्त

इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में नगर निगम के अमले ने सबसे पहले उन अवैध निर्माणों को निशाना बनाया, जिन्होंने नाले और फुटपाथ पर कब्जा कर स्थायी दुकानें बना ली थीं। ये अतिक्रमण न केवल पैदल चलने वालों के लिए बाधा बन रहे थे, बल्कि बारिश में जल निकासी को भी प्रभावित करते थे। जेसीबी मशीनों की मदद से इन अवैध कब्जों को तत्काल प्रभाव से हटाया गया।

### लेफ्ट टर्न पर लगे ठेले-टपरे भी साफ

मुख्य मार्ग पर यातायात को बाधित कर रहे और लेफ्ट टर्न लेने वाली जगह पर खड़े ठेले-टपरों को भी सख्ती से हटवाया गया।

### सुबह निरीक्षण, दोपहर में कार्रवाई

दरअसल निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सुबह के समय निरीक्षण किए थे और दोपहर होते होते कार्रवाई हो गई। इस त्वरित और प्रभावी एक्शन से आम जनता के बीच भी निगम के प्रति सकारात्मक संदेश गया।

### अधिकारी मौके पर डटे रहे

अतिक्रमण हटाने की इस बड़ी मुहिम में एडिशनल एसपी आयुष गुप्ता सहित नगर निगम के अपर आयुक्त अरविंद शाह, वी. एन. बाजपेई, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत, महिला ने जहर खाया

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली, वहीं सड़क दुर्घटना में घायल एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेनी सिंह की तलैया निवासी 28 वर्षीय श्रीमति महजवी बानो को जहर का सेवन करने पर पति गुलाम गौस द्वारा गत शाम 6.35 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार दौरान देर रात 1 बजे महजवी बानो की मौत हो गई। इसी तरह गोहलपुर मालगुजार परिसर गोहलपुर निवासी 77 वर्षीय अवध किशोर कुशवाहा को सड़क दुर्घटनना में घायल होने के कारण बेटी द्वारा गत 29 नवंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान सोमवार की सुबह प्रातः 9.30 बजे अवध किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों का पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# परिवार गया कलकत्ता, घर में चोरों ने लगा दी सेंध



**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत अमखेरा कुदवारी ओमनगर के पास एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित स्कूटी चोरी कर ले गए। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमखेरा कुदवारी नशा मुक्तिकेंद्र के पास ओमनगर निवासी 41 वर्षीय आशीष राय गत 24 नवंबर को घर में ताला लगा परिवार सहित कलकत्ता रिश्तेदारी मे चला गया था। दो दिन बाद उसे फोन पर घर के दरवाजे एवं गेट का ताला टूटने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह गत दिवस अपने घर आया तो उसके होश उड़ गए, घर के आंगन में रखी एक्टीवा एमपी 20 जेड के 6595 एवं कमरे में रखी बच्चे की चांदी की करधन, सोने की 1 लौंग, एवं 1 ब्लेजर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(1), 305 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# एमपी ट्रांसको के 220 केवी सब स्टेशन में हुई सुरक्षा कार्यशाला

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के तहत 220 केवी सबस्टेशन देवास में सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। अतिरिक्त मुख्य अभियंता के. एम. सिंघल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य मेंटेनेंस कार्यों के दौरान परमिट जारी, निरस्त करने की प्रक्रिया और सुरक्षा मानकों के पालन को और मजबूत करना था। कार्यशाला का संचालन कार्यपालन अभियंता निर्दोष केरकैटा ने किया। उन्होंने तकनीकी कर्मचारियों को सबस्टेशन यार्ड में ले जाकर वास्तविक परिस्थितियों में सुरक्षित परमिट प्रक्रिया, लाइन डिस्कनेक्शन, अर्थिंग, सेफ क्लियरेंस और इमरजेंसी प्रोटोकॉल की जानकारी दी। कर्मचारियों के प्रश्नों का समाधान भी व्यावहारिक उदाहरणों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सेफ्टी मैन्युअल का अध्ययन कराया गया और सभी कर्मियों को दैनिक कार्यों में सुरक्षा मानकों के कठोर पालन के निर्देश दिए गए।

# घर के बाहर खड़ी स्कूटी में बदमाशों ने लगा दी आग

**जबलपुर।** कैंट थाना अतंर्गत जीके हुसैन कम्पाउंड में घर के सामने खड़ी एक स्कूटी में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कैंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जीके हुसैन कम्पाउंड निवासी 35 वर्षीय कादिर अहमद ने हमेशा की तरह अपनी स्कूटी जूपिटर एमपी 20 यूए 0554 को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर सो गया था। दूसरे दिन सुबह 4.45 बजे घर के अंदर धुआं भरने पर उठा तो देखा कि बाहर खड़ी उसकी जूपिटर वाहन में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी, जिससे वाहन जलकर खाक हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 326(एफ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240